दिल्ली, नोएडा, मोदीनगर, मेरठ, एटा, हाथरस, बागपत, आगरा, लखनऊ, कानपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, देहरादून, बिहार से प्रसारित



पहले नवोदित आईटूयूटू शिखर सम्मेलन का जबरदस्त आगाज


राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# पहल टुडे

RNI No. UPHIN/2020/79772

जनता का अखबार

धैर्य का छोटा हिस्सा भी एक टन उपदेश से बेहतर है।



वर्ष: 02 अंक: 269 गाजियाबाद, 16 जुलाई, शनिवार 2022 गाजियाबाद से प्रकाशित मूल्य 1 रूपए पृष्ठ- 12

www.pahaltoday.com www.khabarentertainment.in www.worldtrustednews.com editorpahaltoday@gmail.com 8510022385, 8287179082

राजनीति

### यूपी में स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों में छुट्टी नहीं

# योगी सरकार का बड़ा फैसला

पहल टुडे

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने इस बार के स्वतंत्रता दिवस को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। सरकार ने स्वतंत्रता दिवस 2022 पर स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों में छुट्टी नहीं रखने का एलान किया है। यूपी सरकार ने इस बार के स्वतंत्रता दिवस को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। सरकार ने कहा है कि इस बार स्वतंत्रता दिवस 2022 पर राज्य में छुट्टी नहीं रहेगी। दरअसल, देश इस बार आजादी के 75 साल पूरे होने पर 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। इसको लेकर भारत सरकार के ओर से आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यूपी सरकार ने इस बार स्वतंत्रता दिवस पर छुट्टी नहीं देने का फैसला किया है।



सरकार के इस आदेश के बाद यूपी में स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, सरकारी और गैर-सरकारी कायार्लाय के साथ ही बाजार भी खुले रहेंगे। इस बार राज्य में सरकार ने 11 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक स्वतंत्रता दिवस सप्ताह मनाने का फैसला किया है। अमित शाह से मुलाकात पर ओम प्रकाश राजभर का बड़ा खुलासा, क्या अब सपा गठबंधन में रहेंगे? समिति का हुआ है गठन

यूपी में स्वतंत्रता दिवस से पहले तैयारियां जोरो पर हैं। इस बार अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत भव्य तैयारी की जा रही है। 12 जुलाई को इस संबंध में सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकार आवास पर एक बैठक की थी। जिसमें उन्होंने अमृत महोत्सव के कार्यक्रम को लेकर एक समिति गठित की थी। ये समिति कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है। बता दें कि 15 अगस्त 2022 को भारत के आजादी के 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में केंद्र सरकार ने अगले 75 दिनों तक देश में फ्री बूस्टर डोज लगाने का फैसला किया है। जिसकी शुरूआत 15 जुलाई से हो गई है।

## आत्मनिर्भर होती नौसेना का प्रतीक 17ए फ्रिगेट दूनागिरी, रक्षा मंत्री राजनाथ ने किया लॉन्च

पहल टुडे



**नई दिल्ली**, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड में प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट 'दूनागिरी' के शुभारंभ समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अपने सभी पड़ोसी देशों से मैत्री का संबंध चाहता है जिसके लिए भारत ने हमेशा प्रयास किए हैं। श्रीलंका जिन कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है उससे सब वाकिफ हैं। कोविड और यूक्रेनियन संघर्ष के चलते भारत भी प्रभावित रहा है उसके बाद भी हम श्रीलंका की यथासंभव मदद कर रहे हैं।

बता दें कि दूनागिरी, का नाम उत्तराखंड में एक पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है। 'दूनागिरी' पी17ए फ्रिगेट्स का चौथा जहाज है। ये बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार, सेंसर और प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम के साथ पी17 फ्रिगेट्स (शिवालिक क्लास) के फॉलो-ऑन हैं। 'दूनागिरी' पूर्ववर्ती 'दूनागिरी', लिएंडर क्लास एएसडब्ल्यू फ्रिगेट का पुनर्जन्म है, जो 05 मई 1977 से 20 अक्टूबर 2010 तक अपनी 33 वर्षों की सेवा में कई चुनौतीपूर्ण संचालन और बहुराष्ट्रीय अभ्यासों में शामिल रहा था। पी17ए प्रोजेक्ट के पहले दो जहाजों को 2019 और 2020 में एमडीएल और जीआरएसई में लॉन्च किया गया था। तीसरा जहाज (उदयगिरी) इस साल की शुरूआत में 17 मई 22 को एमडीएल में लॉन्च किया गया था। इतने कम समय में चौथे जहाज का लॉन्च आत्मनिर्भर होती नौसेना की बढ़ती ताकत का प्रमाण है।

## 'मीडिया विमर्श' के 'कन्नड मीडिया विशेषांक' का लोकार्पण

### मधुसूदन साईं ने कहा- कन्नड और हिंदी साहित्य में हैं एकता के सूत्र

पहल टुडे


बेंगलुरु। जनसंचार के सरोकारों पर केंद्रित देश की प्रतिष्ठित पत्रिका 'मीडिया विमर्श' के 'कन्नड मीडिया विशेषांक' का लोकार्पण बेंगलुरू में श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस के चांसलर श्री मधुसूदन साईं ने किया। इस अवसर पर पत्रिका के सलाहकार संपादक एवं भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी एवं डॉ. राकेश उपाध्याय भी उपस्थित थे। पत्रिका का लोकार्पण करते हुए श्री मधुसूदन साईं ने कहा इस विशेषांक में कन्नड मीडिया और संस्कृति के कई आयामों की जानकारी मिलती है। कन्नड और हिंदी भाषा में एकता के कई सूत्र हैं।

कन्नड और हिंदी साहित्य में भी एकता के कई सूत्र मिलते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रिकाओं के ऐसे विशेषांकों से भारतीय संस्कृति में एकात्मकता का बोध होता है। इस विशेषांक के माध्यम से हिंदी पाठकों को कन्नड मीडिया के विभिन्न आयामों के बारे में जानने और सांस्कृतिक एकात्मकता के अंतःसूत्र को समझने का अवसर मिलता है। 'मीडिया विमर्श' के सलाहकार संपादक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने कहा कि कन्नड पत्रकारिता और मीडिया की व्यापक दुनिया है। इससे अवगत होने का मौका हिंदी पाठकों को इस विशेषांक के माध्यम से मिलेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी 16 जुलाई को यूपी में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का करेंगे उद्घाटन

पहल टुडे

जालौन (उप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शनिवार के कार्यक्रम के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। वह जालौन जिले की उरई तहसील के कैथेरी गांव में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री ने 29 फरवरी, 2020 को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का शिलान्यास किया था। इस एक्सप्रेसवे का काम 28 महीने के भीतर पूरा कर लिया गया है और अब इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार केन्द्र सरकार देश भर में कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसकी एक प्रमुख विशेषता सड़क के बुनियादी ढांचे में सुधार लाने की दिशा में काम करना है। इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा 29 फरवरी,



2020 को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था।

इस एक्सप्रेसवे का काम 28 महीने के भीतर पूरा किया गया है और अब इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। बयान के मुताबिक कुल 296 किलोमीटर लंबे इस चार लेन वाले एक्सप्रेसवे का निर्माण उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) के तत्वावधान में लगभग 14,850 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और आगे चलकर इसे छह लेन तक भी विस्तारित किया जा सकता है। यह एक्सप्रेसवे चित्रकूट जिले में भरतकूप के पास गोंडा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-35 से लेकर इटावा जिले के कुदरैल गांव तक फैला हुआ है, जहां यह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के साथ मिल जाता है। यह एक्सप्रेसवे सात जिलों यानी चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा से होकर गुजरता है।

माना जा रहा है कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इस इलाके की कनेक्टिविटी में सुधार के साथ-साथ आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा, क्योंकि इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के ढेरों अवसर सृजित होंगे। बांदा और जालौन जिलों में इस एक्सप्रेसवे के समीप औद्योगिक कॉरिडोर बनाने का काम पहले ही शुरू हो चुका है। जालौन के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षाकर्मियों द्वारा जिला मुख्यालय उरई के सभी होटल एवं रेस्टोरेंट पर सघन जांच पड़ताल अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि लोकार्पण स्थल पर होने वाली जनसभा में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को पहुंचने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके लिए ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान से लेकर अन्य उच्च अधिकारी भी तैयारी में लगे हैं। उनका कहना था कि लाभार्थियों को जनसभा स्थल पहुंचने में दिक्कत ना हो इस को ध्यान में रखकर पूरे जनपद की नगर पालिका एवं नगर पंचायत मुख्यालय पर भी रोडवेज की बसें उपलब्ध करवाई गई है। इसके अलावा ग्रामीण अंचल से लाभार्थियों को सभा स्थल पर ले जाने के लिए विकासखंड स्थल एवं ग्राम स्तर पर भी बसें पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि लोकार्पण में प्रधानमंत्री के स्वागत में बुंदेलखंड के बुंदेली कलाकारों को लगातार अपनी कला का प्रदर्शन करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

## दलाई लामा का लद्दाख में गर्मजोशी भरा स्वागत देखकर चीन को लग गयी 'लाल वाली मिर्ची'

तिब्बती, आध्यात्मिक नेता दलाई लामा आज केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की यात्रा पर पहुँचे जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनका यहां एक महीने तक रुकने और कई आयोजनों में भाग लेने का कार्यक्रम है। दलाई लामा के लद्दाख में हो रहे स्वागत को देखकर चीन को मिर्ची लग गयी है और उसने तिब्बती आध्यात्मिक नेता की इस यात्रा पर आपत्ति जता दी है लेकिन भारत ने कहा है कि यह यात्रा पूरी तरह से धार्मिक है और किसी को भी इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। एक शीर्ष सरकारी पदाधिकारी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि दलाई लामा सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं क्योंकि वह पहले भी कई बार लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर चुके हैं।

## उत्तर प्रदेश सूखे की चपेट में लेकिन सरकार का ध्यान जनता के हितों पर नहीं : अखिलेश यादव

पहल टुडे

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सूखे की चपेट में आ गया है लेकिन सरकार का जनता के हितों की ओर ध्यान नहीं है। यहां सपा मुख्यालय से जारी बयान में यादव ने कहा कि बारिश न होने से खरीफ की बुवाई रुकी हुई है और सरकार के कथित पौधारोपण अभियान पर भी सूखे का साया मंडराने लगा है एवं लगभग पूरे प्रदेश में स्थिति काफी चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि समय से बरसात





नहीं होने से धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है तथा बहुत जगह तो खरीफ की बुवाई ही रूक गई है।

बिजली संकट की चर्चा करते हुए यादव ने कहा कि राज्य में बिजली भी उपलब्ध नहीं है और गांवों में 10 घंटे भी बिजली की उपलब्धता नहीं है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा राज में बुंदेलखंड की बहुत उपेक्षा हुई है जबकि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में बुंदेलखंड में विकास के जो कार्य हुए उससे पूरा बुन्देलखण्ड लाभान्वित हुआ। यादव ने दावा किया कि भाजपा बस नफरत की राजनीति के सहारे सत्ता से चिपके रहना ही जानती है एवं उसकी नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश विकास के हर पायदान पर नीचे फिसलता जा रहा है।

## कुल्लू में चलती गाड़ी पर पहाड़ी से गिरे पत्थर, एक की मौत, तीन घायल

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में भूस्खलन के बाद एक चलती कार पर पत्थर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ आपदा प्रबंधन अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि घटना बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजकर 45 मिनट पर निरमंड तहसील के बागीपुल में हुई।


उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान सोलन जिले के देवानंद के तौर पर की गयी है जबकि हादसे में संजीव कुमार, दीपक कुमार और अक्षय कुमार को चोटें आयी हैं। घायलों को इलाज के लिए रामपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दाखिल

### सर्वे में मिले शिवलिंग की पूजा-अर्चना की मांगी इजाजत

पहल टुडे

**नई दिल्ली**, ज्ञानवापी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल की गई है। इसमें भगवान शिव के शिष्यों और अनुयायियों को अदालत द्वारा आदेशित सर्वेक्षण के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वजुखाना या जलाशय के अंदर मिले शिवलिंग की पूजा करने की अनुमति मांगी गई है। याचिकाकर्ता श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति दल के अध्यक्ष ने अदालत से कहा है कि सावन का महीन हिंदुओं के लिए पवित्र महीना होता है इसलिए उसे पूजा की अनुमति दी जाए। इस मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई होने की उम्मीद है।



अब जब वाराणसी कोर्ट में यह मामला चल रहा है ऐसे में देखना होगा कि सुप्रीम कोर्ट किस तरह का निर्णय देता है।

याचिका में कहा गया है कि हालांकि शिवलिंग को अदालत के आदेश से संरक्षित किया गया है, लेकिन भगवान शिव के भक्तों के लिए उस स्थान पर पूजा करने और अनुष्ठान करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इसमें कहा गया है कि शिवलिंग के पास वजू किया जा रहा है और यह भगवान शिव के अनुयायियों के लिए दर्दनाक है। याचिकाकर्ता ने अयोध्या मामले का भी उल्लेख किया जहां यह कहा गया था कि देवता हमेशा देवता होते हैं और एक मंदिर, केवल ध्वस्त होने पर, अपना चरित्र, पवित्रता या गरिमा नहीं खोएगा।

विभिन्न अभिलेखों से यह पता चला है कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण एक शिव मंदिर को तोड़कर किया गया था। याचिका में कहा गया है कि सर्वेक्षण के दौरान उसी परिसर में शिवलिंग पाया गया। याचिका में तर्क दिया गया है, इसलिए, एक उपासक होने के नाते यदि शिवलिंग है तो आवेदक के पूजा करने के अधिकार भी बच जाते हैं। मस्जिद परिसर को वाराणसी की एक अदालत ने मई में सील कर दिया था, जब यह बताया गया था कि सर्वेक्षण के दौरान परिसर के अंदर एक शिवलिंग पाया गया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की रक्षा के लिए अदालत के आदेश में मुसलमानों के नमाज अदा करने और अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने के अधिकारों को प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए।

## कर्नाटक में विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भाजपा ने शुरू किया मंथन

बेंगलुरु। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने 2023 के राज्य विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के मकसद से रणनीति पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को अपना विचार-मंथन सत्र शुरू किया। पार्टी सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, भाजपा की कर्नाटक इकाई के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, राज्य पार्टी अध्यक्ष नलिन कुमार कतील, कर्नाटक के मंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी बेंगलुरु के देवनहल्ली के एक निजी रिजॉर्ट में दिन भर चलने वाली विचार-मंथन बैठक में भाग ले रहे हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा, जगदीश शेट्टार और डी. वी. सदानंद गौड़ा भी पार्टी के मंथन सत्र में भाग ले रहे हैं। पार्टी के एक पदाधिकारी ने पीटीआई-से कहा, ह्यह्यबैठक में पार्टी के लगभग 50 वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं।

## 'राष्ट्रपति पद की गरिमा को बढ़ाएंगी द्रौपदी मुर्मू'

### सीएम शिवराज बोले- एमपी नहीं पूरे देश में है आज अद्भुत वातावरण

पहल टुडे

भोपाल। एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को भोपाल पहुंचीं। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य भाजपा नेताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। इसी बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब आनंद और प्रसन्नता से भरे हुए हैं, पूरे प्रदेश में आनंद उत्सव का वातावरण है। वही दृश्य आज एयरपोर्ट और भोपाल की सड़कों पर भी परिलक्षित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ की जनता की ओर से आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी आपका हृदय से स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित होने के बाद भी प्रतिदिन की भांति दीदी द्रौपदी मुर्मू ने अपने गांव के उसी मंदिर में झाड़ू लगाई। निश्चय ही सहज एवं सरल हमारी दीदी



राष्ट्रपति पद की गरिमा को और बढ़ायेंगी, यह हम सबको विश्वास है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिर्फ मध्य प्रदेश नहीं पूरे देश में अद्भुत वातावरण है। दीदी का राष्ट्रपति के पद हेतु उम्मीदवार घोषित होते ही आनंद की ऐसी हिलोर उठी है जो बाकी चुनाव मैंने कभी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश राजा भोज, रानी कमलापति की पवित्र धरती है। मध्य प्रदेश के बड़े हिस्से पर गोंड राजाओं का कई वर्षों तक राज रहा है। मैं उनकी इस पवित्र धरती में आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का पुनः स्वागत और अभिनंदन करता हूं।

### देश की सेवा के लिए हूं तैयार

इसी बीच एनडीए उम्मीदवार ने कहा कि मध्य प्रदेश की पावन धरती पर आप सबने जिस आत्मीयता और स्नेह से स्वागत किया है, वह मैं कभी भूल नहीं पाऊंगी। जनप्रतिनिधियों और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे भाई-बहनों को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि अपने संगठन के लोग मेरा समर्थन कर रहे हैं, लेकिन जो संगठन के नहीं हैं, वे भी समर्थन में आगे आये हैं। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, मैं उनको धन्यवाद देती हूं।

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आप तो जानते हैं कि मेरे आगे-पीछे कोई नहीं है। मेरे लिए केवल यह देश, यह माटी और परमपिता परमात्मा की सेवा ही ध्येय है। यह मेरा जीवन अपने देश और समाज की सेवा के लिए है। उन्होंने कहा कि मैं अपने संविधान की सीमा के दायरे में रहकर देश की सेवा के लिए तैयार हूं। आपका जो समर्थन मुझे मिल रहा है इसके लिए मैं आप सब का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट करती हूं।

## खबर प्रकाशित व प्रसारित होने के बाद जांच करने पहुंचे एसडीओ

### खबर का हुआ असर अधिकारी पहुंच गांव

पहल टुडे मोहम्मद जुबेर

बाराबंकी। ध्वस्त विद्युत व्यवस्था की खबर प्रकाशित व प्रसारित होने के बाद एसडीओ जांच करने पहुंचे ग्राम पंचायत मिर्चिया बाराबंकी जनपद के अंतर्गत असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिर्चिया में 4 दिन पूर्व से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आखिरकार थक हार कर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से जिला अधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित व प्रसारित होने के बाद आखिरकार एसडीओ देवीगंज जांच करने पहुंचे ग्राम पंचायत मिर्चिया आखिरकार जांच में मामला सही पाया



एक पखवारे से मिरचिया की विधुत व्यवस्था ध्वस्त

पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे ग्राम पंचायत मिर्चिया के लोग।



गया एसडीओ साहब को देखकर दर्जनों ग्रामीण एकत्रित हो गए एकाएक ग्रामीणों ने संविदा कर्मी मनोहर और गोपाल की शिकायत करते हुए समय पर सही काम ना करने के तथा सुविधा शुल्क मांगने के आरोप भी लगाए इस पर एसडीओ



देवीगंज ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए 2 दिन के अंदर समस्या का समाधान करने की बात कही है। अब देखना यह होगा कि एसडीओ साहब ग्रामीणों को चरमराई विद्युत व्यवस्था से कब तक निजात दिला पाते हैं या शिकायत को यूं ही ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## पेरिफेरल एक्सप्रेस वे से बाइकों को लौटाया



पहल टुडे / मुदिस्सीर अली

बागपत, खेकड़ा। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के मवीकलां टोल बूथ पर टोल कर्मियों ने प्रतिबंधित वाहनों, बाइकों को रोककर लौटाया। दोबारा ईपीई पर आने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देकर लौटा दिया। इससे प्रतिबंधित वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर टू व्हीलर, थ्री व्हीलर और ट्रैक्टर आदि प्रतिबंधित हैं। इसके बावजूद प्रतिबंधित वाहन एक्सप्रेस वे पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। ईपीई पर अधिकांश दुर्घटनाएं प्रतिबंधित वाहन, बाइकों के कारण होती हैं। एनएचएआई के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को एक्सप्रेस वे पर प्रतिबंधित वाहनों को रोकने के लिए अभियान चलवाया। कर्मचारियों ने टोल बूथों पर आने जाने वाली बाइकों को रुकवाकर बाइक सवारों को ईपीई पर ना आने की कड़ी हिदायत दी। दोबारा ईपीई पर आने पर कड़ी कार्रवाई कराने की चेतावनी देकर बाइक सवारों को लौटा दिया। एनएचएआई के इस अभियान से प्रतिबंधित वाहन चालकों में दिन भर हड़कंप मचा रहा। टोल मैनेजर आदित्य कुमार ने बताया कि ईपीई पर प्रतिबंधित वाहनों के प्रवेश पर रोक लगने से दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। अधिकांश दुर्घटनाएं बाइकों से ही होती हैं। अब ईपीई पर प्रतिबंधित वाहनों को नहीं दौड़ने दिया जाएगा। कोई बाइक सवार ईपीई पर आएगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी

# गढ़ के 25 गांवों में बाढ़ का खतरा, प्रशासन अलर्ट

पहल टुडे / मुदिस्सीर अली

हापुड़। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में झमाझम बारिश से गंगा उफान पर आने लगी है। बृहस्पतिवार को गंगा का जलस्तर 196.66 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से महज ढाई मीटर नीचे है। गढ़ क्षेत्र के 25 गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। सुरक्षा के लिहाज से पांच बाढ़ चौकियां बना दी गई हैं। संक्रामक रोगों से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें जागरूकता के साथ दवाएं भी बांट रही हैं। विभाग कार्ययोजनाओं के अनुसार काम कर रहे हैं, शरणालय और पशु शिविर भी चिन्हित कर दिए गए हैं।

बरसात के दिनों में हर साल गढ़ के खादर क्षेत्र में बाढ़ का खतरा बनता है। बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण यहां गंगा का जल स्तर दिनों दिन बढ़ रहा है। इससे निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी की है, साथ ही मोटर बोट, नाव, गोताखोर, शरणालय एवं पशु शिविर के लिए स्थान चिन्हित कर दिए गए हैं। कृषि, बिजली, पुलिस, वन विभाग, जिला पूर्ति कार्यालय, जिला पंचायत, नगर पालिका, तहसील प्रशासन ने भी अपनी कार्य योजनाएं तैयार कर ली हैं। स्वास्थ्य विभाग ने दवाओं की किट तैयार कर, गांवों में घूमना शुरू कर दिया है। ताकि बाढ़ के कारण संक्रामक रोगों से लोगों को बचाया जा सके।

### इन 9 गांवों में अधिक

खतराखादर क्षेत्र के नयागांव इनायतपुर, अब्दुल्लापुर, कोथला, रामपुर न्यामतपुर, आलमगीरपुर, मोहम्मदपुर-शाकरपुर, लठीरा, कृष्णावाली मढैया, नयाबांस-बख्तावरपुर गांवों पर बाढ़ का सबसे अधिक खतरा है।

सामान्य रूप से बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव

गडावली, आलमपुर भगवंतपुर, एदलपुर-प्रसादीपुर, गांवड़ी, कुतुबपुर, जमालपुर, खानपुर-माखनपुर, सैदपुर, मुकीमपुर, झड़ीना, चित्तौड़ा, मोहम्मदपुर रुस्तमपुर, बागड़पुर, सालाहबाद, पलवाड़ा, आलमनगर खादर, नवादा खुर्द गांव भी अधिक जलस्तर बढ़ने पर बाढ़ की चपेट में आते हैं।

यहां बनी हैं बाढ़ चौकियां

गढ़ क्षेत्र के भगवंतपुर, अब्दुल्लापुर, नक्का कुआं, मीरा की रेती, ब्रजघाट में बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। इन चौकियों पर दवा, खाद्य सामग्री की व्यवस्था रहेगी।

कितने जलस्तर पर कितना खतरा

198.90 मीटर--अलर्ट घोषित।

199.03 मीटर--रेड अलर्ट (पलायन शुरू करने की चेतावनी)

199.33 मीटर--बाढ़ की स्थिति

- बाढ़ से बचाव को लेकर व्यवस्थाएं-

स्वास्थ्य विभाग घर घर पहुंचा रहा दवाओं की किट।

पशुपालन विभाग पशुओं को बचाने के लिए टीकाकरण व दवाओं की व्यवस्था।

बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए नावों की व्यवस्था।

बाढ़ बढने पर पीएसी की रहेगी व्यवस्था।

आपूर्ति विभाग खाद्यान, पेट्रोल, डीजल, मिट्टी तेल कराएगा उपलब्ध।

यहां बनेंगे शरणालय एवं पशु शिविर

भागीरथी इंटर कॉलेज ब्रजघाट, पोंगल धर्मशाला, राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज, कश्यप धर्मशाला मीरा रेती, कमलावती विद्या मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर, गुरुद्वारा, मोनी बाबा रोड, गौर खटीला।

कंट्रोल रूम नंबर जारी

बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गढ़मुक्तेश्वर में तहसील मुख्यालय पर कंट्रोल रूम बनाया है। बाढ़ में फंसने पर या प्रभावित लोग कंट्रोल रूम के नंबर 05731221144 पर संपर्क कर सकते हें। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी उप जिलाधिकारी को बनाया गया है।

### कोट

**गढ़ क्षेत्र में बाढ़ के खतरे से निपटने की तैयारी पूरी कर ली गई है। समस्त विभागों ने अपनी कार्य योजना तैयार कर ली है। बाढ़ चौकियां स्थापित करा दी गई हैं, लोगों को गांवों में जाकर जागरूक किया जा रहा है। - श्रद्धा शांडिल्यायन, एडीएम**

# दुहाई से मुरादनगर के बीच छह में से पांच किमी का एलिवेटेड ट्रैक तैयार

पहल टुडे / मुदिस्सीर अली

गाजियाबाद। रैपिड रेल के दुहाई से मेरठ दक्षिण वाले सेक्शन में अक्तूबर 2023 में ट्रेन दौड़ेगी। ऐसे में प्राथमिकता खंड के बाद दुहाई से मुरादनगर के बीच कुल छह में से पांच किमी हिस्से में एलिवेटेड ट्रैक तैयार हो गया है। आखिरी एक किमी वाले भाग के अगस्त तक पूरा होने की संभावना जताई जा रही है। एलिवेटेड ट्रैक तैयार होने के बाद दुहाई से मुरादनगर के बीच पटरियों को बिछाने, सिग्नलिंग और बिजली की लाइन संबंधी काम शुरू अगस्त माह से शुरू हो जाएगा।



एलिवेटेड ट्रैक तैयार करने केलिए एनसीआरटीसी की पांच लॉचिंग गेंट्री मशीन दिन रात कार्य कर रही हैं। पटरियों और सिग्नलिंग के लिए संबंधित टीम को काम सौंप दिया गया है। साहिबाबाद से दुहाई तक 17 किमी लंबे प्राथमिकता खंड में एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। यहां ट्रैक बिछाने, सिग्नल और ओएचई का काम अगस्त तक पूरा होने की संभावना जताई जा रही है। एलिवेटेड ट्रैक तैयार होने के बाद दुहाई से मुरादनगर के बीच जल्द बैरीकेडिंग को हटाने का कार्य शुरू किया जाएगा। इससे भी हाईवे से गुजरने वाले लोगों को राहत मिलेगी। मुरादनगर से आगे मोदीनगर में एलिवेटेड ट्रैक के साथ दोनों स्टेशनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। एनसीआरटीसी के सीपीआरओ पुनीत वत्स का कहना है कि मुरादनगर में एलिवेटेड ट्रैक का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। पटरियों और सिग्नलिंग के लिए टीम को काम सौंपा जा चुका है।

## पहले पैमाइश कराओ, फिर करो मुआवजे की कार्रवाई

अग्रवाल मंडी टटीरी (बागपत)। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर में अधिग्रहीत होने वाली जमीन के मुआवजे की फाइल बनाने के लिए नगर पंचायत कार्यालय में शिविर लगाया गया। जिसमें किसानों ने पहले कॉरिडोर के कट के लिए गई भूमि की पैमाइश कराने की मांग की। नगर पंचायत में आयोजित शिविर में लेखपाल जितेंद्र गुप्ता ने किसानों की समस्याएं सुनीं। जहां किसान नीरज कुमार, विजय सिंह चौधरी, रामदास, कृष्ण चौधरी, रणबीर सिंह, धर्मपाल प्यारे ने बताया कि अभी तक किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। सभी किसानों को मुआवजा मिलने के बाद ही जमीन पर कब्जा दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन पर वार्ड ए में जमीन कम दशार्ने का आरोप लगाया, जबकि जमीन ज्यादा गई है। उन्होंने यह भी कहा कि कॉरिडोर से बनने वाले कट में गई भूमि की भी पैमाइश नहीं हो पाई है। उन्होंने पहले पूरी जमीन की पैमाइश कराने की मांग की। उधर लेखपाल जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि 300 किसानों की मुआवजे की फाइल बनेगी, जिसमें 177 बन चुकी हैं और अन्य जल्द बना दी जाएंगी। बृहस्पतिवार को शिविर में 15 किसानों की फाइल तैयार की गई

# जन शक्ति से जल शक्ति बनेगा हापुड़: सीडीओ

पहल टुडे / मुदिस्सीर अली

जिलाधिकारी मेधा रूपम व मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा सिंह की कोशिश है कि जन शक्ति से हापुड़ जल शक्ति बने। जल संरक्षण सप्ताह एक जन आंदोलन बने और सभी के सहयोग से हापुड़ जल संरक्षण, जल संभरण के मामले में पूरे प्रदेश के लिए एक मिशाल बने। दोनो अधिकारियों की मंशा के अनुरूप जल संरक्षण को एक नया आयाम देने के लिए सभी विभाग सक्रिय हो गए हैं। पंचायती राज विभागः जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि भूजल सप्ताह को सफल बनाने के लिए सभी ग्राम पंचायतों के लिए एक सप्ताह की कार्य योजना जारी कर दी गई है। कार्य योजना के अनुरूप ग्राम पंचायतों में लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए निर्देश सभी सहायक विकास अधिकारियों पंचायत व ग्राम पंचायत सचिवों को दिए गए हैं। कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए कहा गया है ताकि जल संरक्षण एक अभियान का रूप ले सके। कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायतों में शनिवार को रैली से इसकी शुरूआत की जाएगी। रैली में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और ग्राम पंचायत सदस्यों के अलावा आम लोग भी शिरकत करेंगे। ग्राम पंचायतों के लिए पूरे सप्ताह का कार्यक्रम जारी किया गया है। इसमें जल संरक्षण, जल समभरण, जल दोहन, जल प्रदूषण और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा की जाएगी। इस सप्ताह के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर जल योद्धा की पहचान की जाएगी। जो अच्छा कार्य करेगा उसे ही जल योद्धा घोषित किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव की होगी। सप्ताह के अंतिम दिन ग्राम पंचायतों को जल के मामले में समृद्ध बनाने के लिए आगे की रणनीति बनाई जाएगी। लघु सिंचाई, भूगर्भ जल विभागः इन दोनो विभागों की ओर से पूरे सप्ताह के लिए कार्य योजना बनाई गई है। लघु सिंचाई के अधिशासी अभियंता संजय कुमार ने बताया कि भूजल सप्ताह की शुरूआत विकास भवन में गोष्ठी से होगी। इसके बाद विकास खंडों में अगले दिन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

### फास्ट ट्रैक

## अलमारी का ताला ठीक करने आए, लेकर चले गए लाखों के गहने

गाजियाबाद। सिहानी गेट थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में अधिवक्ता गौरव भटनागर के घर में अलमारी का ताला ठीक करने वाले ने उनकी अलमारी से लाखों रुपये के गहने और आठ हजार की नकदी चोरी कर ली। दो दिन बाद जब वह अलमारी में से सामान लेने गए तो इसकी जानकारी हुई। मामले में उन्होंने पुलिस से शिकायत कर सिहानी गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। अधिवक्ता गौरव भटनागर का कहना है कि 10 जुलाई को उनके घर के बाहर एक चाबी बनाने वाला आया। उनके पिता नरेंद्र भटनागर ने उसे बुलाया और एक लोहे के गेट की चाबी बनवाई। साथ ही अलमारी का ताला जाम पड़ा था, उसे भी उन्होंने ठीक कराया। इसी दौरान ताला ठीक करने वाले ने उनके पिता से पीने के लिए पानी मांगा। उनके पिता पानी लेने गए वापस आने पर उसने ताला ठीक नहीं होने पाने की बात कही और अलमारी में रखा सामान लेकर फरार हो गया। उसने दो दिन बाद आने की बात कही जब दो दिन तक वह ताला ठीक करने के लिए नहीं आया तो उन्हें शक हुआ। जब उन्होंने अलमारी खोली तो अलमारी से बैग गायब मिला। उनका कहना है कि उसमें से सोने का तीन तोले का हार, सोने के कंगन, झुमके, चेन समेत अन्य सामान व नकदी नहीं मिली। सिहानी गेट थाना प्रभारी नरेश कुमार शर्मा का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है

## मकान बेचने के नाम पर भाजपा नेता से हड़पे पांच लाख रुपये

गाजियाबाद : कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी भाजपा नेता को मकान बेचने के नाम पर प्रापर्टी डीलर समेत चार आरोपितों ने पांच लाख रुपये हड़प लिए। पैसा वापस मांगने पर आरोपित पहले तो उन्हें टरकाते रहे और बाद में दबाव बनाने पर फर्जी चेक थमा दिया। बैंक जाने पर पता चला कि इस पर जो हस्ताक्षर किए गए हैं वह फर्जी है। मामले में पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर कविनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है शास्त्रीनगर निवासी भाजपा नेता साहब सिंह सिरोही का कहना है कि उनकी मुलाकात मेरठ निवासी प्रापर्टी डीलर सूरज वर्मा से हुई थी। उसने वर्ष 2017 में गोविदपुरम में अमरनाथ झा का एक मकान दिखाया। उन्हें व उनकी पत्नी को यह मकान पंसद आया और 90 लाख रुपये में उनका सौदा हो गया। अमरनाथ ने बताया कि यह मकान उनकी पत्नी के नाम है और मकान के दस्तावेज भी दिखाए। साहब सिंह सिरोही ने अपनी पत्नी के खाते का पांच लाख रुपये का चेक उन्हें एडवांस के रूप में दे दिया। एग्रीमेंट के लिए कहा गया तो अमरनाथ के बेटे आकाश ने चेक का भुगतान होने के बाद एग्रीमेंट के लिए कहा। चेक कैश होने के बाद जब एग्रीमेंट की बात की गई तो आरोपितों ने उन्हें टरकाना शुरू कर दिया।

## मकान पर किया कब्जा, पुलिस के सामने महिला को पीटा

मुदिस्सीर अली हापुड़। कोरोना में पति की जान गई तो देवर-देवरानी और नंद ने मिलकर पीड़िता के मकान के हिस्से पर कब्जा कर लिया। दो दिन पहले विवाहिता मकान में गई तो पुलिस की मौजूदगी में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फ्रीगंज रोड निवासी मोनिका शर्मा ने बताया कि उसके पति मनदीप शर्मा की कोरोना से मौत हो गई थी। जिसके बाद उसके देवर संदीप शर्मा, देवरानी सपना ने मकान में उसके हिस्से पर कब्जा करने का प्रयास किया। उसके हिस्से के कमरे का ताला तोड़कर उसका सामान भी निकाल लिया। जिसकी उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 12 जुलाई को वह अपने मकान पर गई थी, आरोपियों ने उसे घर में घुसने से रोक दिया। जिसके बाद उसने पुलिस को बुला लिया। आरोप है कि आरोपियों ने पुलिस के सामने ही उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है

# बम बम भोले जयकारों के साथ रवाना हुए शिवभक्त



पहल टुडे

अमरोहा (मुबारिजपुर)। गुरुवार से सावन कांवड़ यात्रा शुरू हो जाने पर शिवभक्त कांवड़ लाने की तैयारी में जुट गए हैं। शुक्रवार से दूरदराज क्षेत्र के कांवड़िए जल भरने के लिए बम बम भोले जयकारों के साथ बृजघाट के लिए रवाना हुए। जल भरने का सिलसिला गुरूवार से ही शुरू हो गया। नेशनल हाईवे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। कांवड़ियों के स्वागत के लिए सड़क से लेकर मंदिरों तक पंडाल सजाने का कार्यक्रम जारी हो गए है इनके साथ भंडारों का आयोजन होगा। हाईवे भगवा रंग में रंगा नजर आने लगा है गुरुवार से सावन माह शुरू हो गया है। सावन माह का पहला सोमवार 18 जुलाई को होगा, जबकि इसके बाद चार सोमवार को शिवालयों में शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालु हरिद्वार, गोमुख, बृजघाट समेत अन्य स्थानों से कांवड़ मे जल लेकर शिवालयों तक पहुंचेंगे। इसके लिए कांवड़ संघों ने अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। कोरोना संक्रमण के चलते करीब दो साल बाद एक बार फिर से कांवड़ यात्रा की धूम मचने जा रही है। इसको लेकर इस बार कांवड़ियों में उत्साह है। शासन ने कांवड़ यात्रा को लेकर विस्तृत कराने में जुट गया है। अमरोहा-जोया मार्ग, अमरोहा-बिजनौर मार्ग, अमरोहा-कैलसा मार्ग, गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग, गजरौला-हसनपुर मार्ग आदि समेत विभिन्न स्थानों पर कांवड़ शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## शाहजहांपुर में 5 अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर में पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कोल्ड-ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद ई-रिक्शा लूटने वाले पांच अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पांचों आरोपी पिछले काफी समय से जेल में बंद हैं। पांचों आरोपियों का लंबा अपराधिक इतिहास है। पुलिस का कहना है कि, गैंगस्टर की कार्रवाई से आरोपियों को जमानत मिलने में मुश्किल होगी। जिससे ई-रिक्शा चोरी की घटनाएं भी नहीं होंगी। 5 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाईथाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने कुछ समय पहले ई-रिक्शा चोरी करने वाले गैंग के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## खेतो मे घुसा बाढ़ का पानी बड़ी दुश्वारियां

हसनपुर (मुबारिजपुर)। शुक्रवार को गंगा मे बाढ़ का पानी खेतो मे भर जाने से ग्रामीणों को दुश्वारियां बढ़ गई विकास खण्ड गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर गंगा तटबंध के जंगल मे पिछले साल के मुताबिक फिलहाल बाढ़ जैसे हालात तो है लेकिन पुरजोर से बाढ़ नही है जिसके चलते कुछ दुश्वारियां बड़ गई है तटबंध के जंगल मे ग्रामीणों माध्यम से कटान होने की आशंका जताई जा रही है महिलाएं समेत बच्चों को खेतो से पशुओ को चारा लाने के लिए दिक्कते बड़ गई है। नाव के जोड़े व नाव का संचालन पूरी तरह बाधित है। गंगा के मुहाने पर पौरारा जीवपुर ख्वाजेपुर मरौरा व मुबारिजपुर समेत आदि गांव बांध के किनारे पर बसे इन गांवो के खेतो का सम्पर्क कट चुका है

## दो दिवसीय पंचायत स्तरीय गंगा दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम

पहल टुडे

अमरोहा : नेहरू युवा केंद्र अमरोहा के तत्वधान में नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अन्तर्गत दो दिवसीय पंचायत स्तरीय गंगा दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस का सुभारंभ सतेडा ग्राम प्रधान करणसिंह जी, प्रधानाध्यापक श्री सुभाष यादव जी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी सुश्री आभा सोनी जी, नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी, स्वास्थ विभाग से श्री शशि राज शर्मा जी, अथर हुसैन, सतेड़ा गंगा ग्राम से संघनी श्रीमती अंजु यादव, नमामि गंगे स्पेरहेड टीम लीडर हरिशचंद्र, राष्ट्रीय युवा स्वम सेविका सना की




सहभागिता रही, गंगा दूत प्रशिक्षण का आयोजन, कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त शासी संस्था नेहरू युवा केंद्र संघठन द्वारा एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि श्रीमान सुभाष यादव जी द्वारा सभी गंगा दूतों से मां गंगा को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने हेतु आह्वान किया। जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के उद्देश्यों के प्रति गंगा दूतों को अवगत कराया गया एवं नमामि गंगे कार्यक्रम में संचालित होने वाली सभी गतिविधियों के प्रति गंगा दूतों को प्रशिक्षण देकर उन्हें साथ लेकर चलने एवं मां गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों को ग्रामीण स्तर पर और भी तेज गति से चलाए जाने का आह्वान किया गया। प्रथम दिवस पर प्रशिक्षकों द्वारा जल संरक्षण, गंगा संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गंगा ग्राम शतेडा अहैतमाली, दयावाली, मटेना, चक मटेना मुस्तकम एवं मटेना अहैतमाली के हर गांव से 10 गंगा दूतों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण मेंपहले हसनपुर ब्लॉक से 5 गांव के 50 गंगा दूतों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# हरियाली तीज के अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों के लिए मेला लगाने का निर्णय लिया

पहल टुडे

चाँदपुर : अग्रवाल महिला सभा द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान हरियाली तीज के अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों के लिए मेला लगाने का निर्णय लिया गया। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सावन माह के प्रारम्भ होते ही महिलाओं के मन में हरियाली तीज का उत्साह देखते ही बन रहा है। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में अपने त्योहारों और परम्पराओं के लिए सजग अग्रवाल महिला सभा प्रत्येक वर्ष तीज-मेले का आयोजन करती आयी है। हरियाली तीज कार्यक्रम मनाने के उपलक्ष में मधुर गुप्ता के निवास पर श्रीमती मीनू गर्ग की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सचिव नीरु गुप्ता के संचालन में सर्व सम्मति से महिलाओं व बच्चों के लिए हिन्दू इंटर कॉलेज में महिलाओं एवं बच्चों के लिए मेले का निर्णय लिया गया। मेले में महिलाओं के लिए राखी की थाली सजाओं प्रतियोगिता, तीज - क्वीन, तीज-महारानी और सरप्राइज गेम्स, डांस, लकी-ड्रॉ, झूले और छोटे बच्चों के लिए फेंन्सी-ड्रेस शो व अन्य आकर्षक कार्यक्रम,

राखी, साड़ी, सूट, कुरती, आर्टिफिशल-ज्वेलरी, पर्स, कान्हा जी की ड्रेस व अन्य सामान, हैंड-मेड चॉकलेट आदि से सुसज्जित आकर्षक दुकानें, डोसा, पाव-भाजी, पिज्जा, पेस्टरी, कुल्फी-आइसक्रीम, चाट आदि की दुकानें भी लगाए जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में विजया अग्रवाल, मंजू गोयल, सुधा मित्तल, शशि मित्तल, डॉ मंजू, रति अग्रवाल, साधना सिंगल, मधु बंसल. कंचन गर्ग, रश्मि अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, कल्पना गोयल, मीनाक्षी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, मनिका गोयल, प्रशंसा अग्रवाल, रूपाली अग्रवाल, नीतू गुप्ता उपस्थित रहीं और सभी ने मिल-जुल कर अपने-अपने दायित्व निभाते हुए तीज-मेले को सफल बनाने का संकल्प लिया। मेले का आयोजन महिलाओं और बच्चों के लिए 31 जुलाई, रविवार को सायंकाल 5 बजे से 9 बजे तक हिन्दू इंटर कॉलेज चाँदपुर में किया जायेगा।


## मोबाइल फोन का अधिक इस्तेमाल बन रहा कारण

# बच्चों का व्यवहार बदल रही मोबाइल की लत

### बच्चों के व्यवहार में भी आ रहा परिवर्तन

पहल टुडे

**किशनगंज** जिले में प्रतिदिन सोशल मीडिया और कई ऑनलाइन गेम्स में सक्रिय बच्चे अनजाने में और पेरेंट्स की अनदेखी से साइबर अपराधी बन रहे हैं। शहर में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जब बच्चे क्रिमिनल्स एक्टिविटीज में शामिल पाए गए हैं। कोरोना वायरस महामारी के दौर के चलते सभी बच्चे अपने घरों में कैद हो गये थे जहा उनकी स्कूल और कॉलेज भी पूरी तरह बंद थी और बाहर खेलना कूदना, घूमना बिलकुल बंद हो गया था उस वक्त बच्चो को मोबाइल देना पेरेंट्स की मजबूरी हो गयी थी लेकिन वर्तमान समय में बच्चे



मोबाइल फोन के इस्तेमाल से घर में आक्रामक व्यवहार कर रहे हैं। यह कहना है अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकरी डॉ सुरेश प्रशाद का उन्होंने बताया कि बच्चों की ऊर्जा गलत जगह डायवर्ट हो रही है, जिससे वह मोबाइल फोन पर गेम्स के जरिए क्रिमिनल एक्टिविटी भी सीख रहे हैं। इसके भविष्य में घातक परिणाम हो सकते हैं। छोटे बच्चो को मोबाइल देखने का स्क्रीन टाइम 30 मिनट से ज्यादा नही होना चाहिए।

आजकल बच्चे बौद्धिक रूप से विकसित होने पर भी शारिरिक रूप से कमजोर होते हैं। मोबाइल पर ज्यादा इस्तेमाल से मस्तिष्क का हिस्सा जिसे इंसुला कहते हैं प्रभावित हो जाता है, जिससे उनमें मानवीय संवेदना दया क्षमा का भाव नहीं उपजता है।

### पेरेंट्स की अनदेखी बन रही कारण

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर के अनुसार पेरेंट्स की लगातार अनदेखी से बच्चों के व्यवहार में परिर्वतन आ रहा है। लगातार मोबाइल इस्तेमाल के चलते बच्चे अलग-अलग एक्टिविटी सीख रहे हैं। सोशल मीडिया पर उम्र से पहले ऐसी सामिग्री के बारे में जानकारी कर रहे हैं, जो उन्हें नहीं करनी चाहिए। पेरेंट्स बच्चों की ओर कोई ध्यान नहीं देते और वह गलत आदतों का शिकार हो रहे हैं। बच्चों की देखभाल में सबसे बड़ा योगदान उनके पेरेंट्स का होता है। बच्चे अपने पेरेंट्स को कॉपी करते हैं। ऐसे में जो पेरेंट्स बच्चों पर ध्यान नहीं देते, इससे बच्चे निरंकुश हो जाते हैं। बाद में अंकुश लगाने पर आक्रामक बन जाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को खास ध्यान देना चाहिए। बच्चे की प्रत्येक एक्टिविटी को बारीकी से देखना चाहिए।

### बच्चों में मोबाइल की लत से नुकसान

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकरी डॉ सुरेश प्रशाद ने बताया की मोबाइल फोन देखने की आदत से बच्चे अपना ध्यान ठीक तरह से पढ़ाई में नही लगा पाते। छोटे बच्चों को स्कूल पाठ्यकक्रम को याद करने व अभ्यास करने का समय नहीं मिल पाता। इसके चलते वे खेल-कूद व व्ययाम नही कर पाते। वह मोबाइल के काल्पनिक पात्र में स्वयं को पूर्णतया डुबो लेते हैं। एक स्थान पर बैठ कर देखने से आँखों पर बुरा असर पड़ता है

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
पहल टुडे
जनता का अखबार


फास्ट ट्रैक

## 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के व्यक्तियों को निःशुल्क प्रीकॉशन डोज प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया

दैनिक पहल टुडे / साजिद खान

मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली डॉ संजय अग्रवाल ने बताया कि कोविड टीकाकरण भारत सरकार एंव राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है ।उन्होंने बताया कि आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाने के लिये सरकार ने अमृत महोत्सव के रूप में कोविड की एहतियाती खुराक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 जुलाई 2022 से 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के व्यक्तियों को निःशुल्क प्रीकॉशन डोज प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उक्त के क्रम में आज दिनांक 15 जुलाई 2022 से आगामी 30 सितम्बर 2022 तक 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के पात्र व्यक्तियों को कोविड टीकों की निःशुल्क एहतियाती खुराक ( प्रीकॉशन डोज ) प्रदान की जायेगी ।उन्होंने बताया कि प्रीकॉशन डोज द्वितीय डोज के 06 माह अथवा 26 सप्ताह उपरान्त दी जा सकेगी ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जिन लाभार्थियों को प्रथम व द्वितीय डोज जिस वैक्सीन ( कोवीशील्ड /कोवैक्सीन ) की प्रदान की गयी हो, वह समान वैक्सीन ही प्रीकॉशन डोज के रूप में दी जा सकगी ।उन्होंने बताया कि प्रोकॉशन डोज जनपद के जिला संयुक्त चिकित्सालय, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो एंव नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पंसारियान, बरखंडी पर निःशुल्क लगायी जायेगी।

## गंगोह नगर पालिका की ठेकेदारी में बड़ा घोटाला - विपक्षी सभासद हुए लामबंद

दैनिक पहल टुडे

सहारनपुर ,क गंगोह नगर पालिका द्वारा सफाई के ठेके में बड़े गोलमाल का आरोप लगाते हुए विपक्षी सभासदों ने चैयरमेन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है - वार्ड नम्बर 15 से सभासद एवम नेता प्रतिपक्ष का आरोप है कि 22 लाख रुपये में नालों की सफाई का ठेका छोड़ा गया है - जबकि अभी तक 4 नाले भी साफ नही हुए हैं - दानिश कुरैशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि सफाई के अभाव में हल्की सी बारिश के बाद भी पूरा कस्बा तालाब का रूप धारण कर लेता है-यह नगर पालिका के घोटाले का सबसे बड़ा सबूत है इस मौके पर सभासद दानिश कुरैशी-नीरज अग्रवाल-परवेज मलिक-नफीस ठेकेदार-शुभम एडवोकेट-सलीम मलिक-रहीस कुरैशी-मुजम्मिल मलिक-इकराम कुरैशी-सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे

## गागलेडी थाना अध्यक्ष द्वारा शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील



सहारनपुर , गागलहेड़ी चौक पर थाना अध्यक्ष सूबे सिंह यादव ने सभी व्यापारियों को एकत्र कर एक मीटिंग का आयोजन किया जिसमें थाना अध्यक्ष सुबे सिंह यादव ने कहा की कावड़ यात्रा के दौरान सभी अपने अपने मकानों और दुकानों के आसपास सफाई रखेंगे और कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या किसी को दिखाई दे दो तुरन्त थाना थाना अध्यक्ष के मोबाइल नंबर 9454404182 व 7983500082 पर सूचना दे गागलहेड़ी पुलिस आपकी सेवा के लिए तत्पर है कावड़ यात्रा के दौरान शांति एवम कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करेगे थाना अध्यक्ष सूबे सिंह यादव ने सभी से सहयोग की अपील की।

## बिहारीगढ़ पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, नाबालिगा को भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी युवक को जेल भेजा**



दैनिक पहल टुडे / अशोक सैनी

सहारनपुर, बिहारीगढ़ पिछले करीब दस दिन पहले घाड क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को साथ लेकर फरार हुए युवक को बिहारीगढ़ पुलिस ने कस्बे के बुग्गावाला तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है थानाध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया कि बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम टांडा मानसिंह निवासी सतीश सिंह ने बीते सप्ताह थाने पर तहरीर देकर पुलिस को अवगत कराया था कि उसकी नाबालिग बेटी को पड़ोसी का रिश्तेदार अंकुश पुत्र राजपाल निवासी लोधी रोड नई दिल्ली फरार हो गया। किशोरी को सकुशल बरामद किया जाए, पुलिस ने उसी दिन मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ धरपकड़ अभियान शुरू कर किशोरी को सकुशल बरामद किया उसके बाद आज सुबह करीब दस बजे पोक्सो एक्ट का आरोपी बुग्गावाला तिराहे से पकड़ा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम मे उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह एवं कांस्टेबल संदीप कुमार आदि शामिल रहे।

# सरकारी राशन कालाबजारियो पर गिरी गाज



दैनिक पहल टुडे /अशोक शर्मा

सहारनपुर, कोतवाली मंडी इलाके के पुराना कलसिया रोड स्तिथ शाकुम्भरी राइस मिल पर जिला पूर्ति अधिकारी ने की

छापेमारी ।मौके पर भारी मात्रा में मिले चावल के बोरे जानकारी के मुताबिक अवैध रूप से स्टॉक किया हुआ था चावल । सहारनपुर के डीएम को मिली थी सरकारी राशन के कालाबाजारी की शिकायत ।बताया जा रहा है मिल मालिक के पास नही है स्टॉक किए चावल से सम्बंधित कागज ।सबसे बड़ी बात सरकारी राशन की ये कालाबाजारी और बंदरबाट शहर के कई इलाकों में बड़े स्तर पर चल रही है । सरकारी राशन डकारने वालो की विभाग में भी सेटिंग है ।इसलिए गरीबो को मिलने वाले इस सरकारी राशन से माफिया खूब मालामाल हो रहे है ।फिलहाल सरकारी राशन की कालाबाजारी करने वाले जो मोटे गुर्गे है वो अभी अधिकारियों की नजरों से दूर है ।जिनका नाम भी जल्द उजागर किया जाएगा।

## प्रधान पति ने दबंगों पर लगाया मारपीट का आरोप

दैनिक पहल टुडे

अजय त्यागी नागल ब्लॉक संवाददाता जिला सहारनपुर

सहारनपुर ,नागल मीरपुर मोहनपुर में मामूली बात को लेकर हुई मारपीट व पथराव में 2 लोग घायल हो गए जिन्हें गंभीर हालत में देर रात जिला चिकित्सालय भेजा गया। प्रधान पति ने पांच लोगों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रधान पति राम कुमार वालिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अपने घर के बाहर खड़ा था तभी गांव के ही सिम्पल, उमेन्द्र, अनुज, शिव कुमार व राजकरण आए और गाली गलौज करने लगे मना करने पर मारपीट करने लगे। इस बीच पहुंचे दीपांशु व मुकेश ने जब झगड़ा न करने को कहा तो उक्त सभी ने पथराव शुरू कर दिया। जिसमें दीपांशु व मुकेश घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया।

## पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने 12 महत्वपूर्ण मामले रेल मंत्री के समक्ष उठाये

- **कोरोना से प्रभवित हुई रेलगाड़ियों सहित नए प्लेटफॉर्म बनाने की भी रखी मांग**
- **आर एम एस से फुट ओवर ब्रिज की महत्वपूर्ण मांग भी हुई मुखर**



दैनिक पहल टुडे / बेनी प्रसाद शर्मा


सहारनपुर। रेलवे सहित विभिन्न प्रोटोकॉल वाले महत्वपूर्ण मंत्री एवम सहारनपुर के प्रभारी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने यहां कोर कमेटी की बैठक में जहां रेलवे एवम भारत सरकार की भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए भारत सरकार से जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं का संज्ञान लिया वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता एवम पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने रेल मंत्री को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर महत्वपूर्ण लंबित मांगो को भी मुखर किया है, जिस पर रेल मंत्री ने अधिकतर मांगो को व्यवहारिक मानते हुए शीघ्र ही निस्तारण का आश्वासन भी दिया है।

पूर्व भाजपा सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने अपने ज्ञापन में उल्लेखित किया है कि कोरोना काल मे सहारनपुर की 20-25 रेल गाड़ियां प्रभावित हुई थी जिसके चलते ही आम यात्री को बेहद असुविधा हो रही है, उन्हें अविलम्ब बहाल किया जाए। देश की राजधानी दिल्ली के लिए सुबह 9 बजे के बाद सहारनपुर से कोई रेल नही होने के कारण यात्रिओ को हो रही असुविधा से बचाने के लिए कम से कम 1-2 रेल अवश्य चलाई जाए। सहारनपुर में प्रसिद्ध माँ शाकम्भरी देवी सिद्ध पीठ होने एवम उत्तराखण्ड राज्य के विकास नगर तक रेलवे ट्रेक का निर्माण किया जाए, जिससे तीर्थ यात्रिओ को भी लाभ सहित धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और घाड़ क्षेत्र का भी सम्पूर्ण विकास होगा। भारत की प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम को मेरठ से आगे सहारनपुर तक लाया जय। फुट ओवर ब्रिज जो कि प्लेटफॉर्म 4-5-6 जो कि सेकिंड एंट्री को जोड़ता है, ऊक्त पुल को सेकिंड एंट्री के बाहर एवम आर एम एस तक निर्माण कराया जाए। सहारनपुर जंक्शन पर अधिक रेलों के होने की वजह से अधिकतर प्लेटफॉर्म खाली नही रहते हैं, जिस कारण गाड़ियां आउटर पर खड़ी रहती है, इसलिए जंक्शन पर 2 नए प्लेटफॉर्म बनाये जाएं। रेलवे कालोनियों में सीवर लाइन का विस्तार हो। प्लेटफॉर्म नम्बर 4-5को जोड़ने के लिए स्वचालित सीढ़ियों (एक्सीलेटर) का निर्माण किया नाना बेहद महत्वपूर्ण है। आरक्षित टिकट केंद्रों को 24 घन्टे टिकत कैंसिलेशन के लिए खोला जाए। गाड़ी संख्या 14163/14164 संगम एक्सप्रेस जो प्रयागराज से मेरठ तक आती है, उसे सहारनपुर तक लाया जाए। कोविड काल से पहले ई एम यूएक्सप्रेस जो लुधियाना से चलकर सहारनपुर तक आती रही है अब सिर्फ अम्बाला तक ही आ रही है जबकि उसे सहारनपुर तक आने की व्यवस्था सुनिष्चित की जय। कोविड काल से पहले गाड़ी संख्या 19020/19019 बांद्रा देहरादून एक्सप्रेस मुम्बई से जो सहारनपुर होकर आती-जाती रही है लेकिन वर्तमान में उसे टपरी जंक्शन से ही निकाला जा रहा है जबकि सहारनपुर के यात्रिओ को होने वाली भारी असुविधा से बचाने के लिए अविलम्ब सहारनपुर भी आने की पूर्व की व्यवस्था को बहाल किया जाए। राघव के साथ अन्य जन प्रतिनिधियों के अतिरिक्त भाजपा के कैराना सांसद प्रदीप चौधरी भी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## साहब मुझे कावड़ लानी हे मेरीजन को खतरा है मुझे सुरक्षा दीजिए

पहल टुडे / साजिद खान

गढ़ीपुख्ता ।क्षेत्र के गांव भैंसवाल निवासी मुस्लिम समुदाय के एक युवक ने गढ़ीपुख्ता पुलिस से कांवड़ लाने के दौरान उसे सुरक्षा दिए जाने की मांग की है। युवक का कहना है कि उसकी भगवान शिव में आस्था है और वह इससे पूर्व पांच बार कांवड ला चुका है लेकिन इस बार उसे गांव के ही कुछ लोग धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने युवक को सुरक्षा का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव भैंसवाल निवासी वकील ने गुरुवार को गढ़ीपुख्ता थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखता है लेकिन उसकी भगवान शिव में गहरी आस्था है। से अपने परिवार की खुशहाली व सुख शांति के लिए वह पांच सालों से लगातार कांवड लाकर भैंसवाल स्थित मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक भी करता है, वह इस बार भी कांवड लाना चाहता है लेकिन गांव के ही कुछ लोग उसे कांवड न लाने के लिए धमका रहे है। वकील ने आशंका जतायी कि उक्त लोग उसे कांवड लाने के दौरान परेशान या कुछ अन्य घटना भी कर सकते हैं। थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने युवक को सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा कि यदि उसे कोई परेशान करता है तो उन्हें फोन कर इसकी सूचना दे सकता है, परेशान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



गौरतलब है कि उक्त युवक ने बुधवार को शामली कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को प्रार्थना पत्र देकर कांवड लाने की इच्छा जाहिर करते हुए उसे सुरक्षा दिए जाने की गुहार लगायी थी।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन



दैनिक पहल टुडे / साजिद खान

शामली मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन कराने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है। संस्कृति विभाग,उत्तर प्रदेश द्वारा अपनी विविध स्वायत्तशासी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न प्रदर्शनकारी कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निरन्तर किया जाता है। ऐसी प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं यथा-लोक गायन, लोकनृत्य, लोकवादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोकनाट्य, रामलीला, रासलीला, भजन एवं कीर्तन, ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन जिला स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। जिसके सम्बन्ध में आज अपर जिलाधिकारी, संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय पर उक्त आयोजन हेतु गठित निर्णायक मण्डल के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में निर्णायक मण्डल के अध्यक्ष के रूप में अपर जिलाधिकारी, संतोष कुमार सिंह द्वारा निर्णायक मण्डल के सदस्यों को जिला स्तर पर सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन किया जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में सदस्य सचिव के रूप में अपर जिला सूचना अधिकारी, शामली, श्री दीपक कुमार द्वारा बताया गया कि सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन के लिए कलाकारों को अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में करना होगा जो जिला सूचना कार्यालय शामली या संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर भी प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जिला सूचना कार्यालय शामली में जमा किए जा सकेंगे। आयोजित बैठक में निर्णायक मण्डल के सम्बन्धित सदस्य मौजूद रहे।

## थाना झिंझाना पुलिस द्वारा गौकशी में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

शामली बताते कि दिनांक 13.03.2022 को थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत वादी श्री मनोज कुमार पुत्र श्री सोमपाल सिंह निवासी ग्राम नया गांव थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा उसके खेत में गोवंश (सांड) के काटे जाने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर तहरीर दाखिल की थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर अभियोग पंजीकृत किया गया । आज दिनांक 15.07.2022 को थाना झिंझाना पुलिस द्वारा गौकशी में वांछित 01 गौकश दानिश पुत्र जमील निवासी ग्राम टपरानाथाना झिंझाना जनपद शामली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।

## ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत त्रैमासिक निरीक्षण किया गया

साजिद खान

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा वेयरहाउस में व्यवस्था को देखा और संबंधित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, ईवीएम प्रभारी अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, निर्वाचन कार्यालय शामली से देवेंद्र सिंह प्रधान सहायक आदि मौजूद रहे।

## एसएसबी ने भेलाही बॉर्डर से लाखों रुपया मूल्य का कपड़ा किया बरामद

- **एसएसबी से कपड़ा छुड़ाने के लिये तस्करों के समूह ने बोला हमला,**
- **जवानों ने आत्मरक्षार्थ किया फायरिंग**
- **तीन जवान जख्मी, तीन तस्कर हिरासत में**




पहल टुडे / रक्सौल,पूर्वी चंपारण

भेलाही पंचायत के कुकुहिया में कपड़ा तस्करी रोकने के दौरान एसएसबी एवं तस्कर के बीच झड़प हो गई ।एक पिकअप सहित लाखो रुपया मूल्य का तस्करी का कपड़ा एसएसबी ने बरामद किया है। इस दौरान एसएसबी ने तीन तस्करों को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कुकुहिया के समीप से रात्रि में कपड़ा तस्कर पिकअप बैन से तस्करी का कपड़ा लेकर जा रहे थे ,जिसको एसएसबी ने पकड़ लिया ।कपड़ा छुड़ाने के लिये तस्करों के समूह से झड़प हो गई ।कपड़ा छुड़ाने के लिए 50 से ज्यादा के सँख्या में तस्कर के समर्थकों ने लाठी डंडे के साथ एसएसबी को घेरना चाहा ,भीड़ को तीतर बितर करने के लिए एसएसबी ने एक राउंड फायरिंग किया । घटना की खबर सुन भेलाही ओपी प्रभारी मनोज कुमार घटना स्थल पर पहुच स्थिति को नियंत्रित करने में सहयोग किया। एसएसबी कमांडेंट बिकास कुमार ने बताया कि जवानों ने आत्मसुरक्षा के लिये एक राउंड फायरिंग किया ।उन्होंने बताया इस दौरान भेलाही निवासी धर्मबीर चौरसिया,संदीप कुमार व मुशहरवा निवासी अखिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वही एसएसबी के जख्मी सब इंस्पेक्टर दीपक दारा, जवान मोहित धुर्वे,जवान चींटीकला बरहालु बाबू का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है। प्राथमिकी दर्ज करने के लिये आवश्यक कागजी कार्यवाई की जा रही है।

## निगम द्वारा बनवाये जा रहे सभी तालाबों की फाइलें की तलब

# गौशाला को शत प्रतिशत आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य ,नगरायुक्त नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने किया कान्हा गौशाला और तालाबों का औचक निरीक्षण

दैनिक पहल टुडे /जतिन शर्मा नगर



सहारनपुर। नगरायुक्त ने नगर निगम द्वारा संचालित शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला का ब्रहस्पतिवार की सुबह औचक निरीक्षण किया और गौशाला को शत प्रतिशत आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया। उन्होंने सांवलपुर नवादा में आईटीसी पानी संस्थान द्वारा बनाये जा रहे तालाब और दाबकी जुनारदार में नगर निगम द्वारा बनाये गये तालाबों का भी निरीक्षण किया।

नगरायुक्त गजल भारद्वाज औचक निरीक्षण पर वार्ड नंबर 9 में सांवलपुर नवादा रोड स्थित कान्हा उपवन गौशाला पहुंची। उन्होंने गौशाला में गौवंश के रखरखाव व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए भूसा और हरा चारा की निरंतर उपलब्धता और साफ सफाई तथा गौशाला का वातावरण स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गाय के गोबर से बनाये जा रहे उत्पादों दिए, स्टिक ,धूप, गणेश-लक्ष्मी तथा जैविक खाद और गौमूत्र से गोनाइल (फिनाइल) बनाने की प्रक्रिया भी देखी। नगरायुक्त ने गोबर गैस संयत्र के सम्बंध में भी जानकारी ली। अपर नगरायुक्त ने नगरायुक्त को बताया कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। गौशाला के उत्पादों और दूध की बिक्री से लगभग दस लाख रुपये की आय अर्जित हुयी है। इस पर नगरायुक्त ने अपर नगरायुक्त को गोबर व गौमूत्र से और अन्य उत्पादों की संभावना का पता लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि निगम की गौशाला को शत प्रतिशत आत्मनिर्भर बनाना है। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने नगरायुक्त को बताया कि गौशाला में वर्तमान में 411 गौवंश का पालन पोषण किया जा रहा है। गौशाला में क्षमता से अधिक गौवंश को देखते हुए बराबर में ही एक नंदीशाला का भी निर्माण कराया जा रहा है। नगरायुक्त ने इससे पूर्व सांवलपुर नवादा में आईटीसी पानी संस्थान द्वारा बनाये जा रहे तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निगम द्वारा दाबकी जुनारदार में बनाये जा रहे तालाबों का भी निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव ने नगरायुक्त को बताया कि एक तालाब का निर्माण पूरा हो चुका है तथा दूसरा निमार्णाधीन है। मौके पर तालाब की पटरी उखड़ी पायी गयी जिसे देखकर नगरायुक्त ने निगम द्वारा बनवाये जा रहे सभी तालाबों की फाइलें तलब करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने कार्य की गुणवत्ता के साथ ही तालाबों के सौंदर्यीकरण और उनके पानी का जैविक व पादप उपचार करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद मोहर सिंह के अलावा अवर अभियंता हरिओम सिंह आदि शामिल रहे।

## क्षेत्र के गांव रायड़ा के गैंगस्टर ने अपराध से की तौबा आत्मसमर्पण

पहल टुडे / रक्सौल,पूर्वी चंपारण

कैराना। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में भू माफिया व अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही के आदेश के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद शामली के कस्बा कैराना की कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान के सामने सपा विधायक नाहिद हसन के गैंग के सदस्य ने कोतवाली में पहुंचकर दोनों हाथ उठाकर आत्मसमर्पण कर दिया। गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी ने कोतवाली में पहुंच कर कोतवाल अनिल कपरवान व एसएसआई राधेश्याम के सामने दोनों हाथ जोड़कर आरोपी द्वारा अपराध न करने की तौबा की । पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जब से योगी सरकार सख्त फैसले ले रही है तब से अपराधियों में पुलिस का खोफ देखने को मिल रहा है ।इसी क्रम में शुक्रवार कि सुबह करीब 11 बजे कोतवाली के गेट पर एक आरोपी पहुंचा तथा हाथ उठाकर अपराध से तौबा करते हुए आत्मसमर्पण करने की बात कहीं। एसएसआई राधेश्याम द्वारा आरोपी से पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना नाम आरिफ पुत्र किताबू निवासी गांव रामडा थाना कैराना बताया। आरोपी ने बताया कि फरवरी 2021 में सपा विधायक नाहिद हसन के साथ उसके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में तभी से वह फरार चल रहा था। करीब एक साल पहले गांव पंजीठ के पास उसकी मोटरसाइकिल में एक गाड़ी ने टक्कर मार दी थी। जिसके बाद उसकी एक टांग टूट गई थी। जिसका वह इलाज करा रहा हैं। लेकिन उसने अपनी मर्जी से खुद कोतवाली में पहुंचकर आत्मसमर्पण किया हैं। बाद में गैंगस्टर आरिफ कोतवाली प्रभारी अनिल कपरवान के कार्यालय में पहुंचा तथा कोतवाल के सामने अपने दोनों हाथ उठाकर अपराध से तौबा कर आत्मसमर्पण कर दिया। कोतवाली प्रभारी अनिल कपरवान ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के आरोपी ने अपनी मर्जी से कोतवाली में पहुंचकर आत्मसमर्पण किया हैं।



# आगरा में दोस्त ने दोस्त को मारी गोली पुलिस ने हॉस्पिटल में कराया भर्ती मॉल के अंदर हुई घटना

### गोली मारने के बाद आरोपी पहुंचा थाने

पहल टुडे

आगरा ! जनपद आगरा मेंअपराधियों के हौसले बुलंद है उन्हें खाकी का डर नहीं हर रोज कहीं ना कहीं घटना को अंजाम दिया जा रहा है।थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में एक बिरयानी वाले ने टेंपो चालक पर चाकुओं से हमला बोल दिया तो दूसरी तरफ थाना जगदीशपुरा क्षेत्र में जमीन कारोबारी को गोली मारी गई लगातार हो रही घटनाओं से जनता के अंदर एक ही सवाल उठता है कि आखिरकार हो क्या रहा है अपराधी लगातार घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए हैं मामला थाना जगदीशपुरा के बोदला सब्जी मंडी स्थित टीआरएस माल का है। गुरुवार की शाम को बिल्डर राजीव गुप्ता को उन्हीं के कार्यालय पर दोस्त अशोक तोमर ने गोली मार दी। बिल्डर को दो गोलियां मारी गईं।एक गोली सिर में और दूसरी गर्दन में लगी है। गोली लगने से घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपित साझीदार को पुलिस ने लाइसेंसी पिस्टल समेत हिरासत में ले लिया है। घटना के पीछे संपत्ति को लेकर विवाद बताया जा रहा है। न्यू शाहगंज ए-78 निवासी राजीव गुप्ता बिल्डर हैं। वह अशोक तोमर व शमशु के साथ मिलकर बोदला सब्जी मंडी में टीआरएस माल बना रहे हैं। भूतल और प्रथम तल बना उसकी दुकानें उठा दी हैं।द्वितीय तल पर निर्माण कार्य चल रहा है। बिल्डर ने भूतल पर अपना कार्यालय बनाया बना रखा है। शाम करीब चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि बिल्डर को किसी ने गोली मार दी है।पुलिस माल रोड पहुंची तो बिल्डर राजीव गुप्ता कार्यालय में लहूलुहान हालत में पड़े मिले। पुलिस ने लोगों की मदद से आवास विकास कालोनी में सेक्टर एक स्थित पास के अस्पताल में भर्ती कराया। बिल्डर को गोली मारने की जानकारी होने पर परिजन भी वहां पहुंच गए। हालत चिंताजनक देख परिजनों को रेफर करा कर सिकंदरा हाईवे स्थित अस्पताल में ले गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस को अशोक तोमर ने बताया कि वह खुद थाने पहुंचा था।मौके पर मौजूद लोगों से पुलिस को जानकारी मिली कि शाम को कार्यालय में बिल्डर और अशोक तोमर मौजूद थे। दोनों के बीच संपत्ति को लेकर कई महीने से विवाद चल रहा था। अशोक तोमर ने बिल्डर को गोली मारी थी। सूत्रों के अनुसार साझीदार तोमर ने गोली कांड में पहले किसी दूसरे को फंसाने का प्रयास किया था।लेकिन ऐसा नहीं हो सका पुलिस ने आरोपित को लाइसेंसी पिस्टल समेत हिरातस में लिया है। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने बताया कि पुलिस की पहली प्राथमिकता राजीव गुप्ता की जान बचाना है। आरोपित अशोक तोमर को हिरासत में है। उससे पूछताछ जारी है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

तीन गोली चलने की बात

पुलिस द्वारा माल में छानबीन के दौरान कुछ लोगों ने दावा किया कि बिल्डर के कार्यालय में राजीव गुप्ता के कार्यालय में तीन गोलियां चली थीं।जबकि राजीव को दो गोलियां लगी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अशोक तोमर खुद थाने पहुंचा था।उसने पुलिस को बताया कि राजीव गुप्ता को गोली मार दी है।वह अपने कार्यालय में घायल अवस्था में पड़े हैं पुलिस ने देखा तो वही हाल दिखाई दिया

पुरानी दोस्ती है। घटना के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई। बिल्डर राजीव गुप्ता और अशोक तोमर की दोस्ती पुरानी है राजीव गुप्ता की बोदला चौराहे पर इलेक्ट्रानिक उपकरणों की दुकान है।अशोक की तोमर स्वीट्स के नाम से दुकान है। तोमर ने बसपा शासनकाल में बोदला-बिचपुरी मार्ग पर एक मैरिज होम बनाया था। उस दौरान भी विवाद हुआ था।कुछ समय से अशोक तोमर और राजीव गुप्ता के संबंध खराब हो गए थे।विवाद के पीछे बोदला इलाके की एक और संपत्ति भी बताई जा रही है। क्या है पूरा मामला। यह तो दोनों ही बता सकते हैं लेकिन स्पष्ट रूप से पता चल रहा है कि संपत्ति विवाद के चलते ही गोली मारी गई है

आरोपी ने कराया था मुकदमा दर्ज

अशोक तोमर ने सात जुलाई को जगदीशपुरा थाने में लोकेश शर्मा निवासी आवास विकास कालोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें लोकेश शर्मा पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की थी। बिल्डर राजीव गुप्ता ने भी शिकायत की थी। छानबीन में पुलिस इस पहलू को भी ध्यान में रख रही है कि रिपोर्ट दर्ज कराना साजिश का हिस्सा तो नहीं था।या फिर हकीकत थी लोकेश शर्मा कौन है सूत्रों के अनुसार लोकेश शर्मा एक अस्पताल चलाने वाला था जो अब बंद हो चुका है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी व परिवहन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से रात्रि में अवैध परिवहन कर रहे गाड़ियो की गयी चेकिंग

### 21 वाहनों को जिलाधिकारी के अग्रिम आदेश तक पुलिस अभिरक्षा में किया गया खड़ा

पहल टुडे / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट

**मिर्जापुर** 15 जुलाई 2022-जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री शिव प्रताप शुक्ल, सहायक परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मीरजापुर, खान अधिकारी, मीरजापुर एवं सर्वेक्षक तथा खनिज मोहर्रिर खनिज विभाग, मीरजापुर के साथ दिनांक 14/15 जुलाई 2022 की रात्रि में विशेष अभियान चलाकर उपखनिजों का अवैध परिवहन / बिना प्ज्ञ्च/ ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों की औचक जाँच की गयी।जाँच के दौरान बिना परिवहन प्रपत्र / प्ज्ञ्च/ ओवरलोड परिवहन करने वाले 01 वाहन को पुलिस चैकी - नरायनपुर ( अदलहाट ) में 03 वाहनों को थाना अदलहाट में 02 वाहनों को थाना- अहरौरा में, 04 वाहनों को पुलिस चैकी-कजरहट ( कोतवाली चुनार ) में 03 वाहनों को थाना - पड़री में 02 वाहनों को थाना - चील्ह में, 02 वाहनों को पुलिस चैकी - मण्डी समिति ( कोतवाली-कटरा ) में 03 वाहनों को थाना- मड़िहान में एवं 01 वाहन को पुलिस चैकी- करनपुर ( कोतवाली देहात ) में सीज कर पुलिस अभिरक्षा में दिये गये।इस प्रकार कुल 21 वाहनों को पकड़ कर जिलाधिकारी महोदय के अग्रिम आदेशों तक पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करा दिया गया है।इसके अतिरिक्त 02 वाहन खराब हो जाने के कारण इन वाहनों का आनलाइन चालान किया गया। उपरोक्त वाहन चालकों / स्वामियों पर नियमानुसार देय खनिज की रायल्टी, खनिमुख मूल्य एवं आरोपित शास्ति की वसूली के अतिरिक्त उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों में परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रु0 25000 शास्ति की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षेप

### अवैध खनन कर प्लाटों को बुग्गी चालक रहे है पाट

#### मोहल्ले बासियों ने बुग्गी चालकों के खिलाफ प्रदर्शन कर बुग्गियां बंद कराये जाने की उठाई मांग

बीसलपुरः- सिंगईया रोड पर मोहल्ले के लोगों ने नगर में अवैध रूप से चल रही मिट्टी की बुग्गियों के खिलाफ प्रदर्शन कर बुग्गियां बंद करवाये जाने की उठाई मांग।

बीसलपुर नगर स्थित सिंघइया रोड सहित पूरे नगर में दर्जनों की संख्या में अवैध रूप से मिट्टी बुग्गीयों में भरकर बुग्गी चालक मिट्टी लाकर प्लाटों को अवैध रूप से पाट रहे हैं। जिससे नगर की सड़कों पर मिट्टी गिर रही है और गंदगी फैल रही है। मिट्टी फैलने से मोहल्ले वालों ने आरोप लगाया कि गंदगी मोहल्ले में हो रही है।प्रदूषण से बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होती है और बुजुर्गों को भी सांस लेने में दिक्कत हो रही है। जिसके कारण नगर में अवैध रूप से चल रही मिट्टी की बुग्गियों को बंद कराया जाए। जिससे सड़कों पर गंदगी न फैले प्रदर्शन करने वालों में अशरफ बेग, पप्पू जाहिद, मुनाजिर, नासिर निषाद, सफी अहमद, सादिक कैश मोहम्मद सहित दर्जनों की संख्या में मोहल्ले वाले मौजूद थे।

### झगड़ा कर रहे दो लोगों का पुलिस ने शांति भंग की धारा में किया चालान

**सिंभावली**थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया झगड़ा कर रहे1.सुमित पुत्र पप्पू यादव 2.अभिषेक यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी गण ग्राम नया बांस थाना सिम्भावली जपनद हापुड को शान्ति भंग करने के आरोप मे अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय चालान किया गया ।

### जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने क्षेत्र के लोगो की समस्याओं को सुना

**मिर्जापुर** जनपद के विकास खण्ड कोन के सागरपुर गॉव में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने जनचैपाल लगाकर क्षेत्र के लोगो की समस्याओं को सुना और उन समस्याओं के समाधान कराने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उन्होने समाजवादी पार्टी के नीतियों और सिद्वान्तों को बताया और समाजवादी पार्टी की सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की।इस मौके पर वनबिहार का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया लोगो ने बाटी चोखा का स्वाद भी चखा।

इस मौके पर अनूप त्रिपाठी, राममिलन यादव, सत्यप्रकाश यादव, रामगोपाल बिन्द, दुर्गा प्रसाद सिंह, गुलाब यादव मण्डेला, पतालू यादव, कमलेश यादव, चन्द्रप्रकाश यादव, अनीस, रामजी यादव, शिवकुमार यादव, रामजी बिन्द, अरशद, चन्द्रशेखर विश्वकर्मा आदि मौजूद रहें।

# दो पत्रकारों पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चलाई



पहल टुडे / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट

**मिर्जापुर** सोनभद्र में दो पत्रकारों पर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर किया लहूलुहान गंभीर हालत में रेफर सोनभद्र थाना रायपुर थाना अंतर्गत खलियारी बाजार में दो पत्रकार पर चली गोली दो पत्रकारों पर चली गोली, हुए घायलबाइक सवार दो बदमाशों ने चलाई गोलीअसलहा लहराते दोनों बदमाश फरारगोली चलने से हुई दहशत रायपुर थाना क्षेत्र का है मामलानगवा स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज करके जिला अस्पताल रेफर किया जिसमे एक लोगो के हाथ मे लगी गोली और एक के गर्दन से छूते हुए गोली निकल गयी दोनो को वाराणसी भेजा गया आखिर किन कारणों से बदमाशो ने चलाई गोली श्याम बिहारी पांडेय और लड्डू पांडेय दोनों पत्रकारो को लगी गोली दोनों घायल पत्रकार उपचार के लिए सोनभद्र से वाराणसी रवाना

# दिन दहाड़े बदमाशों ने टैम्पो चालक को लूटा, पुलिस को दी तहरीर

पहल टुडे

बीसलपुरः- दियोरिया बीसलपुर रोड पर सुजनी और गुलड़िया के बीच खड़े पाकड़ के पेड़ के पास बाइक सवार तीन अज्ञात लुटेरों ने टैंपो के आगे बाइक लगाकर टैंपो चालक से मारपीट करते हुए जेब में रखे 25 हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर आसपास खेतों में धान की रोपाई कर रहे लोग जब मौके पर पहुंचे तब तक लुटेरे फरार हो गये थे।पीड़ित ने घटना की सूचना फोन द्वारा 112 को दी लेकिन फोन नहीं उठा पीड़ित ने घटना की तहरीर दियोरिया पुलिस को दे दी है।पुलिस ने घटना स्थल पर पहुँच कर मौका मुआयना किया।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गाँव मधवापुर निवासी अशोक कुमार कोल्ड ड्रिंक का काम करते हैं व टैंपो भी चलते हैं। आज उन्होंने अपने बेटे रामबाबू जो कि बीसलपुर दियोरिया रोड पर टैंपो चलाता है उसे बीसलपुर से कोल्ड ड्रिंक लाने के लिए 25 हजार रुपये दिए थे। जैसे ही रामबाबू टैंपो लेकर गुलड़िया सुजनी के बीच चौराहे पर खड़े पाकड़ के पेड़ के पास पहुंचे वहां तीन अज्ञात बाइक सवार लुटेरों ने टैंपो के आगे बाइक लगाकर टैंपो चालक रामबाबू को टैंपो से उतार लिया और जेब में रखे 25 हजार रुपये छीन लिए मारपीट के दौरान रामबाबू की जेब में रखा मोबाइल भी नीचे गिर गया। घटना के बाद रामबाबू के शोर मचाने पर आसपास खेतों में धान की रोपाई कर रहे लोग मौके पर पहुंचे तब तक लुटेरे बाइक लेकर फरार हो गये। रामबाबू ने घटना स्थल से ही 112 को फोन लगाया लेकिन फोन नहीं लगा। पीड़ित रामबाबू ने घटना की तहरीर दियोरिया पुलिस को दे दी है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआअना किया।

प्रभारी इंचार्ज मुजम्मिल का कहना है कि तहरीर मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी जांच में पाया जायेगा उसमें कार्यवाही की जायेगी।

### विधायक बाबूराम पासवान का मनाया जन्मदिन

पूरनपुर। विधायक बाबूराम पासवान का जन्मदिन कार्यकताओं ने उनके कार्यालय पर बनाएं केक काटा व जन्मदिन की बधाई दी कार्यकर्ता मनोज गुप्ता ने बताया कि विधायक बाबूराम पासवान के जन्मदिन पर उनको लंबी आयु की कामना करते हैं।

# श्री राम जानकी मंदिर पर भंडारा,भक्तो ने की आराधना पूजा

पहल टुडे



पुरनपुर।नगर के श्रीराम जानकी मंदिर पर गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में हुए अखण्ड पाठ व भंडारे के बाद रात्रि में भजन कीर्तन किए गए।जिसमे दूर-दराज से आए सन्त महात्माओं को दक्षिणा देकर विदाई दी गई।नगर के रामलीला मैदान के सामने श्रीराम जानकी मंदिर है।मंदिर के महंत बाबा राघवदास के द्वारा गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में 12 जुलाई से अखण्ड पाठ व भंडारा प्रारम्भ हुआ।अखण्ड पाठ व भंडारे के बाद सन्त महात्माओं ने मंदिर पर रात्रि में विश्राम कर रात्रि भर भजन कीर्तन किए।जिसमें कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर सन्त महात्माओं के भजन कीर्तन को सुना और उनसे नवीन जानकारी प्राप्त की।मन्दिर के महंत बाबा राघवदास ने दूर-दराज से आए हुए सन्त महात्माओं को भंडारे में प्रसाद ग्रहण कराकर उनको दक्षिणा देकर विदाई दी।

जिसमें दूरदराज के शाहजहांपुर, बंडा, जितौरिया, लुकटिहाई, बलरामपुर, कसगंजा, अमरैयाकलां, खाता, तकियादीनारपुर, सुखदासपुर, देवीपुर आदि कई स्थानों के सन्त महात्माओं ने अखण्ड पाठ व भंडारे में भाग लिया।धार्मिक समारोह में बाबा राघवदास, बाबा पूरनदास, ब्रह्मचारी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बाबूराम पासवान, मुनेंद्रपाल सागर, विकास सोनकर, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, डॉ तेजबहादुर सिंह, शैलेन्द्र गुप्ता, आशीष शुक्ला आदि मौजूद रहें।

# कॉलेज/डिग्री कालेजो की खाली पड़ी भूमि पर की जाये बागवानी

पहल टुडे





पीलीभीत।जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में नगर क्षेत्र स्थित शासकीय कॉलेज/डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्यों के साथ समीक्षा बैठक कलेकटैय्ट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई।समीक्षा के दौरान नगर क्षेत्र के 07 कॉलेज/डिग्री कालेज के प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों की टूटी फूटी बाउण्ड्रीवाल मरम्मत कार्य कराया जाये तथा वाउण्ड्रीवाल पर स्वच्छता, शिक्षा आदि से सम्बन्धित पेटिंग कार्य कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही कालेज के खेल परिसर को स्वच्छ बनाया जाये परिसर में उगी घास को कटर से कटवाना सुनिश्चित करें, मैदान में डस्टविन लगवाई जाये जिससे कूडा इधर उधर न फेंका जा सके तथा खाली पड़ी भूमि पर बागवानी का कार्य कराया जाये, किनारे किनारे पेड पौधे व फूल के पौधों का रोपण किया जाये जिससे विद्यालय परिसर स्वच्छ एवं साफ सुथरा दिखें। इसके साथ ही साथ कालेज के मुख्य द्वार पर सुरक्षागार्ड की तैनाती की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विद्यालय निरीक्षक, कॉलेजों/डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चार लोगों ने दो को पीटकर किया घायल, पुलिस को दी तहरीर



पहल टुडे

बीसलपुरः- मानपुर मरौरी गांव में मामूली कहासुनी होने पर ग्रामीण व भतीजे को पड़ोसियों ने पीटकर किया घायल।पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मानपुर मरौरी निवासी गोकरन लाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शाम लगभग 8:30 बजे पड़ोसी घर के बाहर गाली दे रहे थे। जब हमने गाली देने से मना कर विरोध किया तो मारने पीटने लगे।उसी समय भतीजा सोमपाल मुझे बचाने आ गया तभी सोमपाल को भी चार लोगों ने मारा पीटा है। पीड़ित ने थाने में उक्त चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर ग्रामीण को मेडिकल के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस में चार को भेजा जेल



बीसलपुरः- एसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 4 लोगों को 570 ग्राम गांझा समेत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। उपनिरीक्षक नीरज कुमार, सोहन सिंह कुण्डील पुलिस फोर्स के साथ कासिमपुर रोड रेलवे फाटक पर पहुंच गये। जहां पर मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी संदीप उर्फ गोरा पुत्र नरेश, मोहल्ला दुवे निवासी विष्णु उर्फ बिसल्ले पुत्र पुत्र रामविलास, मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी विवेक गुप्ता उर्फ मोनू गुप्ता पुत्र बाबूराम, मोहल्ला दुवे निवासी रुपेश जोशी पुत्र सुरेश संदिग्ध अवस्था में खड़े हुए थे।पुलिस को देखकर दबे पांव खिसकने लगे।पुलिस ने घेराबंदी कर चारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी लेने पर कुल 570 ग्राम गांझा बरामद कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्यवाही से अन्य अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### जिलाधिकारी द्वारा श्रेणी-1 व श्रेणी-2 के लिए नामित नोडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आशा व एमओआईसी को निर्देशित करें

# कन्या सुमंगला योजना के पात्र लाभार्थी के आवेदनों में की जाये वृद्धि

पहल टुडे




पीलीभीत।जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में कन्या सुमंगला योजना के आवेदनों की वृद्धि के संबंध में बैठक कलेक्टेज्ट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा श्रेणी-1 व श्रेणी-2 के लिए नामित नोडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आशा व एमओआईसी को निर्देशित करें कि वे जन्म लेने वाली बालिकाओं व 1 वर्ष का टीकाकरण पूर्ण कर चुकी बालिकाओं के अधिक से अधिक आवेदन कराएं व प्रत्येक माह जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में पात्र लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं। श्रेणी 3 कक्षा 1, व श्रेणी 4 कक्षा 6, के लिए नामित नोडल बेसिक शिक्षा अधिकारी व श्रेणी 5 कक्षा 9, व श्रेणी 6 स्नातक प्रथम वर्ष बाद 2 वर्षीय डिप्लोमा, के लिए नामित नोडल जिला विद्यालय निरीक्षक को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में अभियान चलाकर नव प्रवेशित बालिकाओं के अधिक से अधिक आवेदन कराएं व विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से कोई भी लाभार्थी शेष नहीं का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें।

उप जिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारियों के द्वारा भौतिक एवं स्थलीय जांच शहरी क्षेत्र के लिए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) व ग्रामीण क्षेत्र के लिए डीसी मनरेगा को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें कि वह स्थलीय जांच 1 सप्ताह के अंदर कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करके अधिक से अधिक आवेदन कराएं।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कन्या सुमंगला योजना के बारे में अवगत कराया गया कि लाभार्थी की पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम 3 लाख हो व परिवार में अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

इस योजना में बालिकाओं को 6 श्रेणियों में कुल रू0 15000 की धनराशि दी जाएगी जिसमें ,श्रेणी-1 बालिका के जन्म होने पर रू0 2000 ,श्रेणी-2 बालिका के 1 वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के उपरांत रू0 1000, श्रेणी- 3 कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के उपरांत रू0 2000, श्रेणी-4 कक्षा 6 में बालिका के प्रवेश के उपरांत रू0 2000, श्रेणी-5 कक्षा 9 में बालिका के प्रवेश के उपरांत रू0 3000 ,श्रेणी-6 बालिकाएं जिन्होंने कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण करके स्नातक अथवा 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो को रू0 5000 की धनराशि दी जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,जिला प्रोबेशन अधिकारी व डीसी मनरेगा उपस्थित रहे।


### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर भाई-बहन घायल

पुरनपुर।बंडा थाना क्षेत्र के गांव ढुकरी निवासी राम कीर्ति की घुंघचाई चौकी क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा में ननिहाल है।शुक्रवार को वह अपने भाई के साथ अपनी ननिहाल आ रही थी।पूरनपुर बंडा मार्ग पर तेज गति से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार भाई-बहन घायल हो गए।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।मामले की सूचना मिलने पर रिस्तेदार मौके पर पहुंचे।उन्होंने सूचना घुंघचाई पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।टक्कर मारने वाला बरेली का कार चालक बताया जा रहा है।पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले ली है।

# कम्पनी के संचालकों द्वारा छात्राओं को गुमराह कर रुपये ऐंठने का किया जा रहा है काम

### किसान यूनियन राष्ट्रवादी कार्यकताओं ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

पहल टुडे



बीसलपुरः- भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी कार्यकताओं ने सीओ को ज्ञापन देकर सरस्वती बिहार कालोनी में नेक्सजेन कम्पनी संचालित है। जिसमें अवैध रुप से बसूली कर युवक व युवतियों को गुमराह किया जा रहा है। इससे पहले 10 जुलाई को एसडीएम को भी ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। कार्यकताओं ने मामले में कार्यवाही किये जाने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के जिलाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव व आन्दोलन प्रभारी प्रेम सागर पटेल युवक युवतियों के साथ सीओ कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सीओ प्रशांत सिंह को ज्ञापन देकर कहा है कि बीसलपुर में नेक्सजेन कम्पनी संचालित है। आरोप है कि कम्पनली संचालक प्रबंधक दिलीप पासवान निवासी पीलीभीत ब्रांच संचालक सर्वेश कुमार निवासी ग्राम वीरमपुर उर्फ परानपुर सरिता गंगवार निवासी ग्राम सिमरा अकबरगंज ने छात्राओं को पहले कम्पनी द्वारा स्कूटी दिलाई और अब किस्त भुगतान हेतु छात्राओं को अश्लीलता के लिए प्रेरित किया जाता है।जिसके सम्बंध में छात्राओं व अन्य द्वारा उपजिलाधिकारी ऋषिकान्त राजवंशी बीसलपुर को ज्ञापन दिया गया। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। तब छात्राओं ने उक्त प्रकरण पर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के ब्लाक अध्यक्ष रामचंद्र ने प्रभारी निरीक्षक बीसलपुर को एक पत्र प्रेषित कर एक रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।कार्यकर्ताओं ने मामले में कार्यवाही करते हुए छात्राओं को न्याय दिलाये जाने की मांग की है।इस मौके पर मैना कश्यप, हिमांशु वर्मा, सुरभि, शिवानी, तेजस्वरी, प्रियंका देवी, विजय शंकर लोधी, पूजा देवी सहित कई छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

फास्ट ट्रैक

# ललितपुर में मंगल चातुर्मास कलश स्थापना आज



ललितपुरःललितपुर नगरी की पावन धरा पर अतिशय तीर्थ क्षेत्रपाल जी मे गुरु आशीष के महापुण्य से मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ का चतुर्थ वषायोग सम्पन्न होने जा रहा है।कलश स्थापना का मंगल कार्यक्रम 16 जुलाई 2022,शनिवार को प्रात 7:30 बजे से होगा पूज्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने मंगल प्रवेश के शुभ अवसर पर कहा था कि क्षेत्रपाल आते ही प्रथम दृष्टि कीर्ति स्तंभ पर पड़ी,यानी यह चातुर्मास दिग-दिगन्त तक अपनी कीर्ति को प्राप्त करेगा। अब तक के चातुर्मास ललितपुर नगरी में बीज बोने के थे,इस वर्ष का चातुर्मास फसल काटने का है। मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि ललितपुर जिले के प्रत्येक घर मे एक मंगल कलश स्थापना होना चाहिए एवं दिवाली के दिन जो भी पात्र अपने घर मे उसी मंगल कलश को रखकर दीपावली की पूजा करेगा,उसका जीवन मंगलमय अवश्य बन जायेगा।

## मीटिंग का आयोजन किया गया




जलीलपुरः सभागार कक्ष में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को बुलाया गया था। जलीलपुर ब्लॉक के सभागार कक्ष में हुई मीटिंग की अध्यक्षता बीडीओ ने की। मीटिंग में बीडीओं सतीश कुमार सिंह ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के उपलक्ष में प्रधानों को बुलाया था। जिसमें उन्हें बताया गया कि 14 अगस्त से 17 अगस्त तक का जो हर घर तिरंगा कार्यक्रम है सरकार के द्वारा बताया गया है कि हर घर में 14 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर में तिरंगा लगाया जाएगा। जिसमें सभी की सहभागिता का सहयोग मिले सभी सरकारी बिल्डिंग पंचायत घर आदि में तिरंगा लगाना है। उन्होंने बताया यह सरकार का बहुत बड़ा कैंपियन है जिसके लिए हर घर से पंद्रह रु पचास पैसे एकत्र भी किए जाएंगे। इसके बदले में सभी को एक-एक तिरंगा दिया जाएगा। जो कि 14 से 17 अगस्त तक अपने घर पर झंडा लगाना होगा।

## बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम

मंडावरः घर में खेल रही बच्ची की सांप के काटने से मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

मंडावर क्षेत्र के गांव जाफरपुर निवासी नकुल सिंह कि साढे तीन वर्षीय पुत्री दिशी को खेलते समय सांप ने काट लिया। सांप के काटने पर दीशी ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिजनो ने दिशी के पास पहुंच कर देखा तो तब तक दीशी की हालत बिगड़ गई थी। परिजनो ने वहां पर आसपास देखा तो एक सांप बैठा था। सांप को देखकर सभी के होश उड़ गए। परिजन आनन-फानन में दीशी को बिजनौर निजी चिकित्सक के यहां ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पुलिस ने पकड़े 2 वाहन चोर, अवैध असलहा सहित चोरी की मोटर साइकिल बरामद

पहल टुडे / फाईज अली सैफी

गाज़ियाबाद। थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने चेकिंग के दौरान चेयरमैन फार्म हाउस के पास स्थित सुनसान झाड़ियों के पास से दो वाहन चोरों को गिरफ़्तार किया हैं। पुलिस को इनके पास से दो तमंचे मय कारतूस, कई मोबाइल फोन और चोरी की एक टीवीएस स्टार मोटर साइकिल भी बरामद हुई हैं। पुलिस को पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम सुमित उर्फ भूरा उर्फ गौरी पुत्र राम मनोहर गोस्वामी और दूसरे ने गोलू पुत्र वनवासी निवासी थाना लोनी बॉर्डर गाज़ियाबाद बताया हैं।पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बरामद मोटर साइकिल दिल्ली से चोरी की थी। इसके अलावा आरोपियों ने बताया कि बरामद मोबाइल फोन उन्होंने ऑटो से आ रही महिला के बैग से व लोनी और दिल्ली के विभिन्न इलाकों से चोरी किए थे। जिसके संबंध में मुकदमा पंजीकृत हैं।थाना लोनी बॉर्डर प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके विरुद्ध आधा



दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई उपनिरीक्षक मलखान सिंह व उनकी टीम के द्वारा की गई हैं। वहीं, पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए इनको जेल भेज दिया हैं।

# प्रगति रक्तदान समिति के सदस्य शहर से बाहर जा कर, कर रहे हैं रक्तदान

पहल टुडे

ललितपुरः शहर में प्रगति रक्तदान सेवा समिति के सदस्य पदाधिकारी गणो ने अनोखी पहल की है ललितपुर की एक मात्र संस्था है जो ललितपुर के गंभीर मरीज जो बडे शहरो अपना इलाज कराते है उनका उनके परिवार के सिवा कोई नहीं होता परिवार वाले दूसरे शहर में रक्त के लिए काफी परेशान होते हैं ऐसे लोगों के लिए संस्था उनके दुख दर्द समझकर वही पहुंचकर रक्तदान करने का कार्य करते हैं संस्था के सदस्य अभी तक झाँसी,ग्वालियर,भोपाल,नई दिल्ली कर चुके हैं

ऐसा ही एक केस ललितपुर के सदनशाह रोड के निवासी आजम खान के ससुर जो कि नई दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में भर्ती थे और उनका कैंसर का ऑपरेशन होना था डॉक्टरों ने दो यूनिट ए पॉजिटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत बताई परिवार वालों ने अपना ब्लड ग्रुप चेक करवाया जिसमें एक सदस्य का ग्रुप मैच हुआ उसने एक यूनिट रक्तदान कर दिया अब डॉक्टरों ने दूसरी यूनिट रक्त की व्यवस्था करने को कहा और उसके बिना ऑपरेशन ना होने की बात कही।

जैसे ही इसकी जानकारी सदस्यों द्वारा प्रगति रक्तदान सेवा समिति के अध्यक्ष प्रिंस राठौर को हुई उन्होंने 13 तारीक की रात को 8:48 मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुआ 14 तारीक को प्रिंस राठौर ने रक्तदान किया इस मोके पर उनके साथी रेशव खांन साथ रहे 15 तारीक को ललितपुर वापस आ गए।इस कार्य की सोनम झाँ ममता राजपूत अमन राठौर मनोज खटीक नरेंद्र चंदेल रेशव खांन सोहिल खान लोकेंद्र राठौर चारु सतभैया आदि सभी सदस्यों ने अध्यक्ष प्रिंस राठौर की काफी सराहना की परिवार वालों ने रक्तदान करने वाले प्रिंस राठौर एव उनकी संस्था का हृदय से आभार व्यक्त किया संस्था के अध्यक्ष राठौर ने बताया की हमारी संस्था के सदस्य एवं पदाधिकारी गण भारत में कहीं भी रक्तदान करने के लिए तत्पर है इसलिए हमारी संस्था से जुड़े।

# गुरुदेव पहुचे 108 फुट ऊँचे सहस्रकूट स्तम्भ का अवलोकन करने



पहल टुडे

ललितपुरः क्षेत्रपाल में भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जिसमें नव निर्मित 108 फुट ऊंचे सहस्त्र कूट गगनचुंबी जिनालय का अवलोकन करने परम पूज्य संत मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज पहुंचे जिनालय को देख गुरुदेव का चेहरा खुशी से गदगद नजर आ रहा था बता दें कि गुरुदेव अपने पहले प्रवचन में कह चुके है कि 45वर्ष के बाद गुरु जी ने उन्हें प्रथम बार कोई चातुर्मास पंचकल्याणक के निमित्त से दिया है,ललितपुर बालों ने जो बीज पिछले 10 वर्ष पूर्व बोयें थे आज वह पटल पर उभर कर नजर आ रहा है,उन्होंने कहा कि इस पावन वषायोग में ललितपुर बालों की कितनी लॉटरी खुलनी है यह अभी ललितपुर बालों को भी पता नही है !

# कोटेदार के खिलाफ मिली शिकायत पर जांच करने पहुंचे सप्लाई इस्पेक्टर,ज्यादातर कार्ड धारकों नें कोटेदार द्वारा कम तौल का किया शिकायत

पहल टुडे

सिकन्दरपुर, बलिया। क्षेत्र के आदमपुर जमलापुर गांव में गुरुवार की दोपहर को कोटेदार के खिलाफ मिली शिकायत पर पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर ने,पुलिस की मौजूदगी में शिकायतों को सुना तत्पश्चात उन्होंने,शिकायत कताओं कि शिकायत को लिखित रूप से दर्ज किया। शिकायतकताओं नें सप्लाई इंस्पेक्टर के सामने कोटेदार पर आरोप लगाया कि, कोटेदार द्वारा कॉल कर दिए गए अनाज को घर पर लेजाकर तौलने पर दो से ढाई किलो कम हो जाता है। इस दौरान राशन कार्ड धारकों एवं कोटेदार व उसके समर्थकों के बीच कई बार नोक झोंक भी हुआ।

इस अवसर पर शिकायतकर्ता गांव निवासी जयराम पासवान तथा स्वामीनाथ राजभर ने

बताया कि विगत 1 जुलाई को हम लोगों द्वारा तहसील जाकर उप जिलाधिकारी को लिखित तहरीर दिया था जिसमें कुल 39 महिला एवं पुरुष कार्ड धारकों ने शिकायत किया था। परंतु तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, उक्त मामले में



फिर प्रार्थी द्वारा 7 जुलाई को भी एक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा गया, परंतु उन्होंने शिकायत पत्र लेने से मना करते हुए कहा कि पहले वाले प्रार्थना पत्र पर ही कार्यवाही की जाएगी।

इस संबंध में हम लोगों से सप्लाई स्पेक्टर राहुल भारती से बात हुई थी, उन्होंने स्वयं बताया था की जांच करने से 1 दिन पूर्व आप सभी लोगों को सूचित किया जाएगा।

परंतु गुरुवार को सप्लाई इंस्पेक्टर द्वारा एक ब एक फोन आया कि हम लोग आधे घंटे में जांच करने पहुंच रहे हैं आप लोग वहां पहुंच जाएं।

अचानक उनके आने की सूचना मिलते ही हम लोगों द्वारा ज्यादा से ज्यादा शिकायत करताओं को बुलाया गया परंतु कुछ शिकायत करता अपने अन्य कार्यों में लगे होने के कारण नहीं पहुंच सके।

इस संबंध में सप्लाई स्पेक्टर राहुल भारती ने बताया कि, कोटेदार के खिलाफ कुल 39 लोगों ने शिकायत दर्ज कराया था जिसमें मौके पर कुल 23 लोग पाए गए जिनमें से कुछ लोगों ने बताया है की पूरा मिला है लेकिन ज्यादातर लोगों नें कोटेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है।आवश्यकता पड़ने पर दोबारा होगी जांच।

# बारिश नही होने से किसान परेसान खाने को लाले पड़े

पहल टुडे

बेल्थरारोड बलिया। जनपद बलिया सहित आस पास के जिलों में भी बरसात नही हो रहा है जिससे किसान के साथ अन्य जीव जन्तु भी परेसान है बरसात नहीं होने की वजह से बेल्थरारोड के हजारों एकड़ खेत अभी तक परती पड़े हैं इन खेतों में अभी तक खरीफ की फसल नहीं बोई जा सकी हैं बरसात नहीं होने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच गई हैं खाने को लाले पड़ सकते है किसानों का कहना हैं कि सावन का महीना शुरू हो गया हैं यह पहला अवसर हैं जब सावन के महीने में बरसात की जगह लू चल रहा हैं एक पखवाड़े पहले हल्की बरसात में जो किसान अपने खेतों में धान मक्के की बोआई कर दिये थे उनके खेतों में निकली मक्के की डिभी मोला सुख रहा हैं परेशान किसान आसमान की ओर टकटकी लगाये है किसानों का कहना हैं कि अब अगर बरसात होती भी हैं तो भी खरीफ की फसल काफी पिछड़ चुकी हैं खरीफ की खेती के जानकार बिनय मिश्र वरुणेंद्र मिश्र अवधेश मिश्र का कहना हैं कि रोहिणी नक्षत्र में जब बरसात होती हैं तब किसान खरीफ के लिये खेतो की तैयारी करते है जब आद्रा नक्षत्र चढ़ता हैं तब खरीफ की बोआई शुरू होती हैं इस साल न रोहिणी बरसात न आद्रा आद्रा नक्षत्र के जाते जाते थोड़ी बारिश हुई तो किसानों ने आनन फानन मे मक्के की बोआई कर दिया अब जबकि



बरसात नहीं हो रही हैं खेतों में धूल उड़ रही हैं मक्का का बीज खेतों में डाल चुके किसान बरसात के इंतजार में छटपटा रहे हैं जैसे बिन पानी मछली चारो तरफ हाहाकार मचा हुआ है देखते है इंद्र भगवन लोगो पर कब मेहरबान होते है।

# अमृत महोत्सव को सफल बनाने हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बनाई रणनीति

पहल टुडे

बलिया। दिनाँक 15-07-2022 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षा क्षेत्र बांसडीह के बीआरसी प्रांगण में शिक्षकों की एक बैठक अपरान्ह 02:00 बजे से आयोजित की गयी इस बैठक के मुख्य अतिथि जिला संयोजक श्री राजेश कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि बेरुआरबारी के ब्लॉक संयोजक श्री ओंकार नाथ सिंह थे इस बैठक में एक अगस्त को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के ब्लॉक स्तर पर होने वाले कार्यक्रम एवं संगठन की सदस्यता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वप्रथम संगठन के जिला संयोजक व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम



की रूपरेखा की ब्रीफिंग की गई इसके पश्चात श्री लक्ष्मण सिंह द्वारा इसके महत्व को इंगित किया गया। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वें वर्ष में अमृत महोत्सव मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य यह है कि आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अपने वीर सपूतों को हम याद रखें। तत्पश्चात अकीलुर्रहमान खां ने आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें आजादी किस तरह से मिली हम इस बात को समझें तथा उन वीर सपूतों को याद करें। इस दौरान उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा हमें गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा गया, लेकिन हमारे ही देश के वीर सपूतों ने भारत मां को इस गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी और हमारा देश आजाद हुआ। इस आंदोलन के दौरान देश के पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है जो हमारे देश की एकता व समान रूप से सहभागिता को दशार्ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री लक्ष्मण सिंह एवं संचालन श्री रविकांत तिवारी द्वारा किया गया। अन्त में बांसडीह के ब्लॉक संयोजक श्री राजेश सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया इस मौके पर धर्मेंद्र गुप्ता, विवेक सिंह, रामजी वर्मा, चन्दन सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सुशील दुबे, विनय तिवारी, अविनाश सिंह, रत्नाकर सिंह, संजीव सिंह, अमरेश चतुवेर्दी, आशुतोष तिवारी, अमित गुप्ता, दानिश जमाल, आसिफ अली, फूलचन्द, गुरूदेव सिह, सत्य प्रकाश, छोटेलाल, शिवनाथ राम, राजेश पटेल, सुधीर गुप्ता व समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे

## सावन के दूसरे दिन उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

हसनपुर(मुबारिजपुर) । ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर गंगा घाट के सामने बुलंदशहर जनपद की सीमा मे अवंतिका देवी मंदिर पर शुक्रवार को सावन माह के पहले दिन शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।मंदिर परिसर में पहुंचकर शिवभक्तों ने धूप,दीप,मिष्ठान आदि का भोग लगाते हुए जलाभिषेक कियावहीं मंदिर कमेटी ने भी शिवरात्रि मेले की तैयारी तेज कर दी है।गुरुवार से सावन माह की शुरूआत हो गयी है,सावन मास भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र मास माना जाता है।इस माह में पड़ने वाले प्रत्येक सोमवार को भारी संख्या में शिवभक्त मंदिरो में जलाभिषेक करने के लिए उमड़ते है।साथ ही शिवरात्रि के मौके पर शिवभक्त हरिद्वार, गौमुख,ब्रजघाट आदि तीर्थस्थलों से जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते है।

# वर्ष 2022 के टॉपर्स को किया गया सम्मानित

पहल टुडे / सलीम फारूकी




कैराना। एसएन इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा 2022 की हाई स्कूल व इंटर में टॉपर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को नगर के एसएन इंटर कॉलेज के प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 2022 बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल तथा इंटर की कक्षाओं में टॉपर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। बताया कि विद्यालय में कक्षा 10 में छात्रा अक्शा ने 88% अंक पाकर प्रथम स्थान, समीर व विशु ने द्वितीय स्थान तथा अबूजर मंसूरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर में रिहान ने 81% अंकों के साथ प्रथम स्थान, प्रियांशी ने द्वितीय तथा मोहम्मद उवैश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। छात्र छात्राओं को विद्यालय के संस्थापक लियाकत अली ने पुरस्कार व शपथ पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। विद्यालय के प्रबंधक रफाकत अली ने टॉपर छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करके उन्हें अनेकों आशीष वचन दिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार मित्तल ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार एवं राहिल सिद्धकी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

### आगामी 30 जुलाई तक आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों को ओआरएस के इस्तेमाल की देंगी जानकारी

# जिले के सदर अस्पताल सहित सभी प्रखंडो में शुरू हुआ सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा

**जिले के 04 लाख 7 हजार 48 घरों में ओआरएस पैकेट वितरण का रखा गया है लक्ष्य**

पहल टुडे

किशनगंज शिशु मृत्यु सबसे ज्यादा दस्त के कारण ही होती है शिशु मृत्यु से बचाव के लिए सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य जिले में दस्त के कारण होने वाली शिशु मृत्यू का शून्यस्तर प्राप्त करना है। साथ ही डायरिया से होने वाली मौत का मुख्य कारण निर्जलीकरण के साथ इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होना है। ओआरएस एवं जिंक के प्रयोग द्वारा डायरिया से होने वाली मौत को टाला जा सकता हैं सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा दस्त के उपायों, दस्त होने पर ओआरएस



एवं जिंक के प्रयोग, दस्त के दौरान उचित पोषण तथा समुचित इलाज की पहलुओं पर क्रियान्वयन किया जाना हैं इसी क्रम में जिले में दस्त से होने वाले शिशु मृत्यु को शून्य स्तर तक लाने के उद्देश्य से जिले में 15जुलाई से आगामी 30 जुलाई तक सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसकी शुरूआत सदर अस्पताल प्रांगन में सिविल सर्जन डॉ कौशल ने बच्चों को ओआरएस पैकेट एवं जिंक सिरप का वितरण कर किया वही उन्होंने बताया की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत दस्त से होने वाले शिशु मृत्यु दर को शून्य तक लाने के लिए सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान कोरोना की गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता ओआरएस के पैकेट वितरण और इसके इस्तेमाल की जानकारी के दौरान गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करेंगी। जिले में अभियान के दौरान 04 लाख 7 हजार 48 घरों में आशा का ?कताओं द्वारा कुल 329857 बच्चो को ओआरएस के एक-एक पैकेट वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा सभी प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की गयी जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी को इस अभियान के लिए नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

### पांच वर्ष के उम्र तक के बच्चे को किया गया है लक्षित

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान जिले के सभी प्रखंडो के पांच वर्ष तक के कुल 329857 बच्चों को लक्षित किया गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य उपकेंद्र, अतिसंवेदनशील क्षेत्र, शहरी झुग्गी-झोपड़ी, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के परिवार, ईंट-भट्ठे के निर्माण वाला क्षेत्र, अनाथालय और ऐसे चिह्नित क्षेत्र जहां दो तीन वर्ष पूर्व तक दस्त के मामले अधिक संख्या में पाये गये हों, छोटे गांव व टोले जहां साफ सफाई और पानी की आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी हो, ऐसी जगहों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में रखा गया है। जिला प्रतिरक्षण कार्यालय से अभियान की 15 दिनों तक लगातार निगरानी की जाएगी।

### जिले की सभी आशा कार्यकताओं के पास है लाभुको की सूची

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया की सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का क्रियान्वयन सही तरीके से हो, इसे लेकर आशा कार्यकताओं ने क्षेत्र के पांच वर्ष तक के बच्चे वाले घरों की सूची बना ली है।

# विपक्ष के जबान पर ताला लगाना चाहती है भाजपा : कान्हजी

**सपा के निवर्तमान जिला प्रवक्ता ने लोकसभा में असंसदीय शब्दों की सूची आने पर व्यक्त की प्रतिक्रिया**

पहल टुडे

बलिया। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी असंसदीय शब्दों की सूची पर जिले में भी प्रतिक्रियाओं दौर शुरू हो गया है। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान प्रवक्ता सुशील पाण्डेय कान्हजी ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सराकारें आलोचना से घबराती हैं। अलोचना सुनना इन्हे नागवार लगता है।श्रीलंका के ताजा हालात का जिक्र करते हुए कान्हजी ने कहा है कि सत्ता में बैठे लोग अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए शब्दों को प्रतिबंधित कर सकते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं को पंगु बना सकते हैं। सत्ता शक्ति एवं धनबल से लोकतंत्र का अपहरण कर सकते हैं लेकिन जनता जिस दिन उठ कर खड़ी हो जायेगी उस दिन ये सभी हथकंडे बौने हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि आलोचना व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही एक सफल व सशक्त लोकतंत्र का आधार है। लोकसभा



सचिवालय ने हिंदी व अंग्रेजी के तमाम शब्दों पर प्रतिबंध लगाकर विपक्ष और वंचितों की जुबान पर ताला लगाने का कार्य किया है। जनाकांक्षा निःशब्द हो सकती है, अशक्त नहीं। जब शब्दों को दबाया जाता है तो मन में विद्रोह की ज्वाला उठती है। जिसमे कितना भी शक्तिशाली शासक हो भस्म हो जाता है। वही हाल इस लोकतंत्र विरोधी भाजपा सरकार का भी होगा। कान्हजी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों के मजबूती के लिए काम करती है। लोकतंत्र विरोधी ताकतों से सड़क से सदन तक संघर्ष करती रही और आगे भी उन मूल्यों की रक्षा हेतु लड़ती रहेगी।

## सम्पादकीय

### पंजाब सरकार का दलित विरोधी चेहरा

पंजाब विधानसभा में 117 में से 92 विधानसभा सीटों की ऐतिहासिक जीत में 32 % दलित मतदाताओं का बड़ा योगदान है लेकिन पंजाब सरकार का सभी सरकारी कार्यालय में डॉ अंबेडकर के चित्र का निर्णय एक दिखावा और छलावा मात्र साबित हुआ है। इसका जीता जागता उदाहरण है आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार के द्वारा 178 लॉ अधिकारियों की भर्ती में आरक्षण ना देने संबंधी याचिका को पंजाब हाई कोर्ट में दाखिल करना है। दलितों एवं पिछड़ों की हकमारी का किसी भी सरकार के खिलाफ इससे बड़ा कोई सबूत नहीं मिल सकता है।

अगस्त 2021 में इस प्रश्न को भारत के अनुसूचित जाति आयोग के समक्ष रखा गया था जिस पर आयोग ने इस भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण को लागू करने संबंधी दिशा निर्देश जारी किए थे पंजाब सरकार के एडवोकेट जनरल ऑफिस के माध्यम से आरक्षण संबंधी व्यवस्था के खिलाफ अपनी राय दी है दी थी जिस पर भगवंत मान की पंजाब सरकार ने अमल किया है। हालांकि पंजाब में लागू 2006 के अधिनियम के तहत इस तरह के नौकरियों में आरक्षण लागू किए जाने का प्रावधान है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब हाई कोर्ट में दायर याचिका कर आरक्षण लागू करने पर बौद्धिक क्षमता एवम दक्षता पर सवालिया निशान खड़े किए थे. हालांकि पूर्ववर्ती सरकार ने आरक्षण संबंधी व्यवस्था को स्वीकार कर लिया था. पंजाब के दलित वर्ग में गहरा रोष देखते हुए पंजाब में अनेकों सामाजिक संगठनों ने पंजाब सरकार पर सवालिया निशान खड़े किए और इसके विरोध में उतरे. पूर्व जस्टिस निर्मल सिंह ने आम आदमी पार्टी की सरकार को कटघरे में खड़ा किया है. पंजाब के पूर्व विधायक एवं कैबिनेट मंत्री तीक्ष्ण सूद ने भी इसका जोरदार विरोध किया है।

पंजाब के गृह एवं न्याय विभाग ने अधिसूचना जारी की थी और 5 मई से लेकर 9 मई तक आवेदन मांगे गए थे। इन 178 लॉ अधिकारियों मैं से 197 अधिकारी चंडीगढ़ के लिए एवं 21 अधिकारी दिल्ली में कानूनी प्रकोष्ठ के लिए नियुक्ति करना था. इन 178 लॉ अधिकारियों को 20 लाख के पैकेट से लेकर 3.50 लाख के पैकेज पर रखने का प्रावधान किया गया था। दरअसल यह मामला काफी पुराना है 178 अधिकारियों की भर्ती से पूर्व पंजाब सरकार के द्वारा 42 अधिकारियों की भर्ती संबंधित प्रक्रिया की घोषणा की गई थी लेकिन इस प्रक्रिया को समाप्त करते हुए वर्तमान आम आदमी की सरकार ने 178 अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी विज्ञापन जारी किया गया था पंजाब सरकार के कानून विभाग के द्वारा इस प्रक्रिया को 5 मई में घोषित किया गया था और अंतिम थी उसकी 9 मई रखी गई थी। सामान्यत है इस तरह से इतना संक्षिप्त समय किसी भी सरकारी नौकरी के आवेदन के लिए नहीं दिया जाता है पंजाब सरकार क्या मंशा थी यह इस तथ्य से ही पता लगता है। एक जानकारी के अनुसार पंजाब में जब कांग्रेस सरकार थी तब इन सभी भर्तियों में आरक्षण लागू करने की बात कही गई थी पंजाब सरकार के कानून विभाग के अधिकारियों के द्वारा. लेकिन जैसे ही आम आदमी की सरकार आती है इस पर अपना रुख बदल लेती है और कमीशन के द्वारा दी गई दिशानिर्देश के विरुद्ध पंजाब हाई कोर्ट में जाकर याचिका दायर करती है कि यदि भर्ती में आरक्षण लागू हो जाएगा कार्य क्षमता पर असर पड़ेगा। राजनीतिक दलों , दलित समाज के बुद्धिजीवियों एवं कानूनविदो के द्वारा लगातार विरोध के चलते आम आदमी की पंजाब सरकार कटघरे में खड़ी है बसपा ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से सोशल मीडिया और बहुजन समाज के बीच पर उठाया है.

# कितने सच है अफसरों पर जवानों की आत्महत्या के आरोप ?

## आखिर क्यों दुश्मन की छाती चीरने वाले बन जाते है अपनी ही जान के दुश्मन



-प्रियंका 'सौरभ'

> "सुरक्षाबलों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें तनाव से निपटने के तरीके बताने चाहिए व म्यूजिक थेरेपी, योग, ध्यान, प्राणायाम जैसे उपायों को पुरजोर अपनाना चाहिए। पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों कि यह जिम्मेवारी बने कि वे कर्मचारियों की समस्याएं सुने तथा उन्हें सुलझाने का प्रयास करें ताकि बातचीत के द्वारा जवानों की परेशानी समय पर दूर हो सके। सुरक्षाबलों में ऐसे सख्त कानून बनाए जाएं जिनसे अफसरों के द्वारा चेतावनी के तौर पर जवानों से लिए जा रहे घरेलू कामों पर रोक लगे और उनके आत्म सम्मान को ठेस न पहुंचे।"

राजस्थान राज्य के राजगढ़ क्षेत्र के गाँव घणाऊ के सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर विकास वर्मा के बाद अब राजस्थान के जोधपुर में स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के ट्रेनिंग सेंटर में सरकारी राइफल से खुद और अपने परिवार को बंधक बनाकर सिपाही नरेश जाट ने सुसाइड किया है, यह सवाल देश भर के अर्धसैनिक बलों को लेकर फिर उठ खड़ा हुआ है. आंकड़ों से ये बात सामने आई है कि पिछले कुछ सालों में देश की सुरक्षा में लगे जवानों में आत्महत्या की दर बढ़ी है। चिंता की बात है कि देश के लिए जान कि बाजी लगाने को तैयार ये जवान हालात की दुश्वारियों से इस कदर परेशान हो जाते है कि अपनी ही जान ले लेते है.

उन्हें अत्यधिक काम का बोझ, घरेलू समस्याएं, मनोरंजन सुविधाओं की अनुपलब्धता, काम में गरिमा की कमी और वरिष्ठों के साथ-साथ अधीनस्थों के साथ संघर्ष आदि जैसे मुद्दों का सामना करना पड़ता है। जवानों की आत्महत्या के पीछे सरकार घरेलू समस्याओं, बीमारी और वित्तीय समस्याओं को कई कारणों में मानती है। हालांकि गृह मंत्रालय से जुड़ी संसदीय समिति इन आत्महत्याओं के पीछे मानसिक और भावनात्मक तनाव को भी वजह मानती है। वहीं पूर्व अफसरों और जानकारों का कहना है कि जवानों पर वर्कलोड ज्यादा है। कई स्थानों पर जवानों को 12 से 15 घंटे तक ड्यूटी देनी पड़ती है। कड़ी कामकाजी परिस्थितियों, अफसरों के सख्त व्यवहार, पारिवारिक मुद्दों और जरूरत होने पर छुट्टी न मिल पाना भी जवानों को मानसिक तनाव की ओर धकेलता है।

सीआरपीएफ कांस्टेबल नरेश जाट की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने डीआईजी भूपेंद्र सिंह समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। करीब 18 घंटे तक अपने क्वार्टर में पत्नी और नाबालिग बेटी के साथ खुद को बंद रखने के बाद जाट ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली थी।वीडियो क्लिप की सीरिज, जो



आत्महत्या के बाद सामने आई, वह तनाव और अलगाव की ओर इशारा करती है जिसका मृतक सामना कर रहा था। जाट को डीआईजी भूपेंद्र सिंह और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने और पिछले चार से पांच दिनों से उन्हें ड्यूटी आवंटित नहीं करने की शिकायत करते हुए सुना जा सकता है। सिंह पर उसे ड्यूटी पर सूरतगढ़ भेजने का आरोप लगाने के बारे में सुना जाता है।

कुछ ऐसा ही सात माह पूर्व जोधपुर में सब इंस्पेक्टर विकास वर्मा के साथ हुआ. विकास की पत्नी कविता ने बताया कि जब मेरी बात मेरे पति से होती थी तो वो बताते थे कि अफसर उन्हें परेशान करते है. विकास कि मौत वाले दिन एक सीनियर अफसर ने उन्हें अपने घरेलू काम के लिए टॉर्चर किया. अफसर की बीवी ने सब इंस्पेक्टर से मंगवाए गए पपीते के घटिया होने की बात क्या कही साहब विकास पर आग बबूला हो गए. अपने आत्म सम्मान पर हुई चोट को विकास सहन नहीं कर पाया और उसने कमरे पर जाकर आत्म हत्या कर ली.

ऐसे में सवाल ये उठता है कि अफसरों और जवानों के बीच तालमेल कैसा है. जवानों को काम के तनाव और पारिवारिक परेशानी को साथ लेकर चलना होता है. तनाव जब हद से गुजर जाता है तब वे आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं. कई बार आत्मसम्मान को ठेस पहुंचने के कारण भी जवान आत्महत्या करते हैं. पुलिस विभाग में अक्सर देखा गया है कि कर्मी खुद को पावरफुल मानते हैं ऐसे में जब किसी कारण से उनके आत्मसम्मान को ठेस लगती है तो भी वह आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं.

रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान (डीआईपीआर) ने सशस्त्र बलों के बीच तनाव को कम करने के लिए निम्नलिखित कदमों की सिफारिश की है। ये हैं, 1. छुट्टी के अनुदान को युक्तिसंगत बनाना, 2. कार्यभार में कमी और तैनाती के कार्यकाल को कम करना, 3. वेतन और भत्ते में वृद्धि, 4. अधिकारियों और पुरुषों के बीच बेहतर पारस्परिक संबंध बनाना, 5. तनाव प्रबंधन में प्रशिक्षण कार्यक्रम और 6 बुनियादी और मनोरंजन गतिविधियों को बढ़ाना। सरकार उन्हें तत्काल आधार पर लागू कर सकती है।

एक बटालियन में कर्मियों की तैनाती की प्रणाली की बहाली जब तक वे सब-इंस्पेक्टर का पद प्राप्त नहीं कर लेते, कर्मियों के बीच अपनेपन और बंधन की भावना पैदा करेंगे। जब कर्मचारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों से मिलते हैं तो पूरी गोपनीयता सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि वे अपनी घरेलू समस्याओं को खुलकर सामने ला सकें। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पोस्ट सूबेदार मेजर (एसएम) को सक्रिय करने की आवश्यकता है; हालांकि सीआरपीएफ के नियम असाधारण रूप से योग्य सूबेदारों/एसएम को मानद पद प्रदान करने का प्रावधान करते हैं, लेकिन इसे शायद कभी लागू नहीं किया गया है। नियमित सहायक कमांडेंट के पदों पर नहीं आने वाले ऐसे मानद रैंकों को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ेगा।

सशस्त्र बलों में भ्रातृहत्या और आत्महत्याओं को रोकने के लिए सशस्त्र बलों में शिकायत निवारण तंत्र को बदलने की आवश्यकता है। साथ ही, सशस्त्र सेवाओं को पर्याप्त कर्मियों के साथ मजबूत करना होगा ताकि उन्हें तनाव से मुक्त किया जा सके और देश की सेवा गर्व के साथ की जा सके। देश के सुरक्षा बल एक अनुशासित बल होते हैं, और उनकी समस्याओं के निराकरण जिम्मेदारी बल के कमांडिंग ऑफिसर की रहती है। हालांकि सभी बलों में जवानों की समस्याओं के समाधान के लिये सरकार ने बहुत से प्रबंध समय-समय पर कर रखे हैं और उनके आवास, मैसिंग, ड्यूटी पर होने वाली दुश्वारियों के निराकरण के लिये ठोस व्यवस्था की जाती है, फिर भी इतनी अधिक संख्या में होने वाली आत्महत्यायें, न केवल दुःखद हैं, बल्कि बेहद चिंताजनक भी हैं।

सुरक्षा बल, एक परिवार की तरह होते हैं औ ? उसका मुखिया परिवार के प्रमुख की तरह, उसका मुख्य दायित्व भी यह है, अनुशासन के साथ साथ जवानों की समस्याएं चाहे वे निजी हों या पारिवारिक या उनके गांव घर से जुड़ी, वे समय-समय पर अच्छे से हल होती रहें और उनकी वजह से बल के जवानों में कोई अवसाद या स्ट्रेस आदि न पनपे। देखे तो सेना में सैनिक कल्याण बोर्ड जैसी संस्थाए हैं, जो सैनिकों की घरेलू और रिटायरमेंट के बाद की समस्याओं को हल करने में मदद करती हैं, पर दुर्भाग्य ये कि केंद्रीय पुलिस बल और राज्यों की पुलिस के जवानों के लिये ऐसी कोई संस्था नहीं है। लेकिन जवानों का कल्याण, किसी भी बल का एक प्रमुख उद्देश्य होता है, इससे न केवल सुरक्षा बलों के जवानों का मनोबल ऊंचा रहता है, बल्कि वे आत्महत्या जैसी परिस्थितियों की गिरफ्त में नहीं आते हैं।

सुरक्षाबलों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें तनाव से निपटने के तरीके बताने चाहिए वह म्यूजिक थेरेपी, योग, ध्यान, प्राणायाम जैसे उपायों को पुरजोर अपनाना चाहिए।

# पहले नवोदित आईटूयूटू शिखर सम्मेलन का जबरदस्त आगाज

## छह महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं की पहचान कर सकारात्मक साझा हित एजेंडा स्थापित



एड किशन भावनानी

**वैश्विक अनिश्चितता के बढ़ते दौर में जल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, परिवहन और स्पेस में संयुक्त निवेश बढ़ाने की सहमति सराहनीय कदम**



गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत के बढ़ते रुतबे, प्रतिष्ठा, साख और आगाज से अब भारतीयों को गर्व से यह एहसास हो चला है कि भारत दुनिया का नेतृत्व करने की दिशा में तेजी से चल पड़ा है और अपनी हर कोशिश में सफलता के झंडे गाड़ रहा है और देश को गौरववित करते हुए प्रतिष्ठा में चार चांद लगा रहा है ! !उसमें दिनांक 14 जुलाई 2022 को एक अध्याय और जुड़ गया जब भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका (यूएएस) चार देशों आईटूयूटू द्वारा पश्चिमएशिया क्वाड बनाकर इस समूह को आईटूयूटू का नाम दिया गया है। इसमें आई शब्द का इस्तेमाल इंडिया और इस्त्राइल के लिए और यू का अमेरिका और युनाइटेड अरब अमीरात के लिए है। चारों देशों के नाम के पहले अक्षर को मिलाकर संगठन का यह नाम रखा गया है। अपने पहले शिखर सम्मेलन में वैश्विक अनिश्चितता के बढ़ते दौर में जल स्वास्थ्य खाद्य सुरक्षा ऊर्जा परिवहन और स्पेस में संयुक्त निवेश बढ़ाने पर सहमति देखकर सकारात्मक एजेंडा स्थापित किया जो, दुनिया को बेहतरी में बदलने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से 14 जुलाई को संपन्न हुए आईटूयूटू शिखर सम्मेलन पर पीआईबी की सहायता से उपलब्ध जानकारी से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम आईटूयूटू को समझने की करें तो, आईटूयूटू का मतलब भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका (यूएस) है। भारत में यूएई के राजदूत की ओर से इसे 'पश्चिम एशियाई क्वाड' के रूप में भी जाना जाता है। दरअसल, अक्टूबर 2021 में जब भारत के विदेश मंत्री इजराइल के दौरे पर थे, तब चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी। उस समय इस ग्रुप को 'आर्थिक सहयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच' कहा जाता था। इस समूह का मुख्य मकसद पारस्परिक हित के सामान्य क्षेत्रों, संबंधित क्षेत्रों और उसके बाहर व्यापार और निवेश में आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा करना है।

साथियों बात अगर हम इजराइल के वर्चुअल मेजबानी से संपन्न आईटूऊटू में सहमति एजेंडे पर माननीय पीएम के वर्चुअल संबोधन की करें तो,उन्होंने बताया आईटूयूटू फ्रेमवर्क के तहत जल, ऊर्जा, परिवाहन, स्वास्थ्य, स्पेस और खाद्य सुरक्षा के लिए छह महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त निवेश बढ़ाने के लिए सहमत हुए हैं। उनके मुताबिक, बढ़ती वैश्विक अनिश्चिताओं के बीच हमारा कॉपरेटिव फ्रेमवर्क व्यावहारिक सहयोग का एक अच्छा मॉडल है। पूरा विश्वास है कि आईटूयूटू से हम वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा, खाद्यसुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। उन्होंने आईटूयूटू वर्चुअल शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा, आज की इस पहली समिट से ही आईटूयूटू ने एक पॉजिटिव (सकारात्मक) एजेंडा स्थापित कर लिया है। हमने कई क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाएं की पहचान की है और उनमें आगे बढ़ने का रोडमैप भी बनाया है।

साथियों बात अगर हम साथी देशों के संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, दुनिया को बेहतर के लिए बदलना चाहते हैं हम, समूह की पहली नेताओं की बैठक में इजराइल के पीएम भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा, वास्तविक समाधान केवल उन देशों के माध्यम से आएगा, जो संसाधनों को एक साथ लाना जानते हैं। हम दुनिया को बेहतर के लिए बदलना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य निजी बाजार को भागीदार बनाना है। चार अलग-अलग देश होने के बावजूद यह स्पष्ट है कि हम सभी एक ही चीज चाहते हैं, जिसमें बुनियादी ढांचे का विकास, बच्चों केलिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा शामिल है और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करना है।

वहीं, समूह की पहली नेताओं की बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी बात रखते हुए कहा- आज हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं उनमें तेजी से जलवायु संकट या बढ़ती खाद्य असुरक्षा शामिल है,यूक्रेन के खिलाफ रूस के क्रूर हमले से अस्थिर बाजारों को और भी बदतर बना दिया गया है।

साथियों एक बात मानना पड़ेगा आज के आईटूयूटू ने इतने कम समय में जबरदस्त संकल्प, साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए साथ मिलकर भाईचारा करके वैश्विक कल्याण के लिए काम करने की इच्छाशक्ति, विषय वस्तु को चुनकर पूरी दुनिया के लिए मजबूत साझेदारी का गठजोड़ किया है। इन देशों के आर्थिक रिश्ते पहले से ही बहुत अच्छे हैं साथ मिलकर काम करने की बहुत अच्छी शुरूआत हुई है। चार देशों की भूमिका अहम होगी। चुनौती पूर्ण भरे छह विषयों पर दुनिया को सहयोग की आवश्यकता है। अमेरिका के डिप्टी एनएसए ने बहुत सकारात्मक संदेश सम्मेलन के पहले ही दे दिए थे। ग्रीन टेक्नोलॉजी संकल्पों के हिसाब से भारत के बढ़ते हुए चमक-दमक को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वैश्विक स्तरपर भारत के बिना कोई हल निकलने की गुंजाइश कम होती जा रही है। भारत के वैश्विक स्तरपर आगाज को रेखांकित करना होगा। भारत की भूमिका यूरोप और इजराइल के साथ एक सेतु की है और पूरे संदर्भ में भारत एक बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पहले नवोदित आईटूयूटू शिखर सम्मेलन का जबरदस्त आगाज हुआ हैं। महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं की पहचान कर सकारात्मक साझा हित एजेंडा स्थापित किया गया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बढ़ते दौर में जल स्वास्थ्य खाद्य सुरक्षा ऊर्जा परिवहन और स्पेस में संयुक्त निवेश बढ़ाने की सहमति सराहनीय कदम है।

# सत्ता का नया फार्मुला



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

एक समय था जब सरकार जनता से बनती थी। चुनाव की गर्मी के समय एयर कंडीशनर और बारिश की फुहार जैसे वायदे करने वाले जब सरकार में आते हैं तब इनके वायदों को न जाने कौन सा लकवा मार जाता है कि कुछ भी याद नहीं रहता। अब तो जनता को बेवकूफ बनाने का एक नया फामूर्ला चलन में आ गया है। चुनाव के समय र+फ=खढ का फामूर्ला धड़ल्ले से काम करता है। यहां र का मूल्य शराब और फ का मूल्य रुपया और खढ का मतलब जीत पक्की। यानी शराब और रुपए का संतुलित मिश्रण गधे तक को सिर ताज पहना सकता है। यदि चुनाव जीत चुके हैं और पाँच साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है तब जीत का फामूर्ला बदल जाता है। वह फामूर्ला है ढढढ । यहां पहले ढ का मतलब पेंशन। पेंशन यानी बेरोजगारी पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, किसान पेंशन, आदि-आदि। दूसरे ढ का अर्थ है पैकेज। इस पैकेज के लाखों-करोड़ों रुपए पैकेज की घोषणा कर दे फिर देखिए जनता तो क्या उनका बाप भी वोट दे देगा। वैसे भी जनता को लाखों-करोड़ों में से कुछ मिले न मिले शून्य की भरमार जरूर मिलेगी। इसी फामूर्ले के तीसरे ढ का अर्थ है पगलाहट। जनता को मनगढ़ंत और उटपटांग उल्टे-सीधे सभी वायदे कर दें, फिर देखिए जनता में जबरदस्त पगलाहट देखने को मिलेगी।

इतना सब कुछ हो जाने के बावजूद कुछ बुद्धिजीवी किस्म की जो जनता होती है, वो मनलुभावने वायदों में नहीं पड़ती। इन्हें पटाना सबसे टेढ़ी खीर है। ऐसों के लिए गांव-गांव और शहर-शहर में अलमारी नुमा होर्डिंग लगा दें। ऊपर लिख दें - क्या आप अपनी समस्याओं से परेशान हैं ? नौकरी की जरूरत है ? क्या आपको पेंशन की जरूरत है ? क्या आपको खेती, स्वास्थ्य, उद्योग संबंधित समस्याएं हैं ? तो इसके लिए इस अलमारीनुमा हार्डिंग को खोलिए और मिलिए उस व्यक्ति से जो आपकी समस्याओं का हल निकाल सकता है। जनता के पास समाधान कम समस्याएं अधिक होती है। हर कोई इसे आजमाने के चक्कर में हार्डिंग खोलने लगा। होर्डींग़ में उनकी समस्याओं का समाधान करने वाले का चेहरा देखकर सब के सब दंग रह गए। माथा पीटते और अपनी किस्मत को कोसते हुए वहाँ से चले गए। वैसे क्या आप बता सकते हैं कि उस होर्डिंग में किसकी तस्वीर थी ? नहीं न ? उसमें किसी की तस्वीर नहीं बल्कि दर्पण लगा हुआ था। वो क्या है न कि जनता समाज का दर्पण होती है।

# पर्यावरण चिंतन : चिंता का सबब बनता वर्षा पैटर्न में आता बदलाव



- योगेश कुमार गोयल

मानसून की शुरूआत से ही इस साल देश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश, बाढ़, बादल फटने, बिजली गिरने और भू-स्खलन से तबाही का सिलसिला अनवरत जारी है। पहाड़ों पर आसमानी आफत टूट रही है तो देश के कई इलाके बाढ़ के कहर से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। असम के बाद गुजरात तथा महाराष्ट्र भी अब बाढ़ के प्रकोप से त्रस्त हैं, जहां अब तक बाढ़ के शिकार होकर सैंकड़ों लोग मौत के आगोश में समा चुके हैं। देशभर के अनेक इलाकों में नदियां और जलाशय उफान पर हैं। हालांकि उत्तर भारत के कई इलाके मानसूनी बारिश के लिए अब तक तरस रहे हैं। कमोवेश हर साल मानसून के दौरान विभिन्न राज्यों में अब इसी प्रकार का नजारा देखा जाने लगा है। निसंदेह यह सब पर्यावरण असंतुलन का ही दुष्परिणाम है, जिसके कारण मानूसन से होती तबाही की तीव्रता साल दर साल बढ़ रही है। मानसून का मिजाज इस कदर बदल रहा है कि जहां मानसून के दौरान महीने के अधिकांश दिन अब सूखे निकल जाते हैं, वहीं कुछेक दिनों में ही इतनी बारिश हो जाती है कि लोगों की मुसीबतें कई गुना बढ़ जाती हैं। दरअसल वर्षा के पैटर्न में अब ऐसा बदलाव नजर आने लगा



है कि बहुत कम समय में ही बहुत ज्यादा पानी बरस रहा है, जो प्रायः भारी तबाही का कारण बनता है।

मानसून प्रकृति प्रदत्त ऐसा खुशनुमा मौसम है, भीषण गर्मी झेलने के बाद जिसकी बूंदों का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। यह ऐसा मौसम है, जब प्रकृति हमें भरपूर पानी देती है किन्तु पानी की कमी से बूरी तरह जूझते रहने के बावजूद हम इस पानी सहेजने के कोई कारगर इंतजाम नहीं करते और बारिश का पानी व्यर्थ बहकर समुद्रों में समा जाता है। ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न पुस्तक के मुताबिक एक समय था, जब हर कहीं बड़े-बड़े तालाब और गहरे-गहरे कुएं होते थे और पानी अपने आप धीरे-धीरे उनमें समा जाता था, जिससे भूजल स्तर भी बढ़ता था लेकिन अब विकास की अंधी दौड़ में तालाबों की जगह ऊंची-ऊंची इमारतों ने ले ली है, शहर कंक्रीट के जंगल बन गए हैं, अधिकांश जगहों पर कुओं को मिट्टी डालकर भर दिया गया है। दरअसल हमारी फितरत कुछ ऐसी हो गई है कि हम मानसून का भरपूर आनंद तो लेना चाहते हैं किन्तु इस मौसम में किसी भी छोटी-बड़ी आपदा के उत्पन्न होने की प्रबल आशंकाओं के बावजूद उससे निपटने की तैयारियां ही नहीं करते। इसीलिए बदइंतजामी और साथ ही प्रकृति के बदले मिजाज के कारण अब प्रतिवर्ष प्रचण्ड गर्मी के बाद बारिश रूपी राहत को देशभर में आफत में बदलते देर नहीं लगती और तब मानसून को लेकर हमारा सारा उत्साह छू-मंतर हो जाता है।

हालांकि ह्यरेन वाटर हार्वेस्टिंगह्न का शोर तो सालभर बहुत सुनते हैं लेकिन ऐसी योजनाएं सिरे कम ही चढ़ती हैं। इन्हीं नाकारा व्यवस्थाओं के चलते चंद घंटों की मूसलाधार बारिश में ही दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, बेंगलुरू जैसे बड़े-बड़े शहरों में भी सड़कें दरिया बन जाती हैं और जल-प्रलय जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह कोई इसी साल की बात नहीं है बल्कि हर साल यही नजारा सामने आता है लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा ऐसे पुख्ता इंतजाम कभी नहीं किए जाते, जिससे बारिश के पानी का संचयन किया जा सके और ऐसी समस्याओं से निजात मिले। दरअसल हमारी व्यवस्था का काला सच यही है कि न कहीं कोई जवाबदेह नजर आता है और न ही कहीं कोई जवाबदेही तय करने वाला तंत्र दिखता है। हर प्राकृतिक आपदा के समक्ष उससे बचाव की हमारी समस्त व्यवस्था ताश के पत्तों की भांति ढ़ह जाती है। ऐसी आपदाओं से बचाव तो दूर की कौड़ी है, हम तो मानसून में सामान्य वर्षा होने पर भी बारिश के पानी की निकासी के मामले में साल दर साल फेल साबित हो रहे हैं। देशभर के लगभग तमाम राज्यों में प्रशासन के पास पर्याप्त बजट के बावजूद प्रतिवर्ष छोटे-बड़े नालों की सफाई का काम मानसून से पहले अधूरा रह जाता है, जिसके चलते ऐसे हालात उत्पन्न होते हैं। अनेक बार ऐसे तथ्य सामने आ चुके हैं, जिनसे पता चलता रहा है कि मानूसन की शुरूआत से पहले ही करोड़ों रुपये का घपला करते हुए केवल कागजों में ही नालों की सफाई का काम पूरा कर दिया जाता है। कई जगहों पर मानसून से पहले नालों की सफाई की भी जाती है तो उस दौरान सैंकड़ों मीट्रिक टन सिल्ट निकालकर उसे नाले के करीब ही छोड़ दिया जाता है, जो तेज बारिश के दौरान दोबारा बहकर नाले में चली जाती है और थोड़ी सी बारिश में ही ये नाले उफनते लगते हैं।

बारिश के कारण बाढ़, भू-स्खलन जैसी आपदाओं को लेकर हम जी भरकर प्रकृति को तो कोसते हैं किन्तु यह समझने का प्रयास नहीं करते कि मानसून की जो बारिश हमारे लिए प्रकृति का वरदान होनी चाहिए, वही बारिश अब हर साल बड़ी आपदा के रूप में तबाही बनकर क्यों सामने आती है ? अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन के अलावा विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों में होता अवैध खनन इत्यादि भी प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं, जिससे मानसून प्रभावित होने के साथ-साथ भू-क्षरण और नदियों द्वारा कटाव की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते तबाही के मामले बढ़ने लगे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा बहुचर्चित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न के लेखक हैं)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा मोनेक्स ऑफसेट बी-12, एस.डी. कॉम्पलेक्स निकट एम.एम.जी. अस्पताल, जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर, डी-148 मिर्डोल विला, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद से प्रकाशित किया। संपादक-अर्चना तिवारी। RNI No. UPHIN/2020/79772 नोट. सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र जिला गाजियाबाद होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में सिंचाई व्यवस्था व नहरों की रख रखाव की हुई समीक्षा

पहल टुडे

महराजगंजः जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में सिंचाई व्यवस्था व नहरों के रख-रखाव के संदर्भ में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि हर हाल में टेल तक पानी पहुंचना चाहिए। एक्सईएन सिंचाई ने बताया कि जनपद के 130 में से 115 टेलों तक पानी पहुंच रहा है। जिलाधिकारी ने शेष टेलों तक पानी न पहुंचने का कारण पूछा तो बताया गया कि नहरों में अनेक जगहों पर लोगों के कटान के कारण कुछ टेलों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसपर जिलाधिकारी ने उन टेलों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि राजस्व विभाग की एक टीम को सिंचाई विभाग के साथ लगाकर अवैध कटान को रुकवाया जा सके। जिलाधिकारी ने 15 होमगार्डों की भी ड्यूटी एक सप्ताह के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ लगाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नहरों के बेहतर रख-रखाव के लिए कुलावा समिति गठित करने के लिए एक्सईएन को निर्देशित किया ।उन्होंने कहा कि वर्षा की कमी को देखते हुए नहरों के माध्यम से सिंचाई का दबाव बढ़ेगा। इसलिए सिंचाई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सुनिश्चित करें कि नहरों की बेहतर रख-रखाव हो और अनावश्यक पानी की बबार्दी रोकी जाए ।बैठक में एक्सीएन सिंचाई द्वितीय खंड व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# यदि आँखो में जलन हो तो अनदेखा ना करे - डा शिप्रा



पहल टुडे

**महराजगंज** ।के एम सी अस्पताल के तरफ से ग्राम सभा नंदा भार में स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर आयोजित की गयी ।शिविर में १७९ मरीजों का उपचार किया गया ।शिविर रक्तचाप,मधुमेह,आँख की जाँच,पल्स ऑक्सिजन आदि का जाँच किया गया ।शिविर में आँख एवं स्त्री रोग के मरीज बहुतायत रहे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा शिप्रा ने कहा कि आजकल खेती का समय है जिसमें रोपाई व निराई के दौरान आँखो में अनेक तरह के दिक़्क़तों का सामना आम जन को होता है उसमें आँखो में जलन हो ,लालीपन हो तो अनदेखा ना करे ,ये बड़ी बीमारी का प्रारम्भिक लक्षण हो सकता है , इस दशा में चिकित्सक से परामर्श जरूर ले ।उन्होंने यह भी कहा की इस शिविर में मोतियाबिंद एवं काला मोती के मरीज बहुत मिले है ।वही स्त्री रोग विशेषज्ञ डा अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि गाँव में सबसे अधिक दिक़्क़त ल्यूकोरिया ,रक्ताल्पता का है जो हर दूसरे महिला में देखने को मिलता है इसमें सबसे जरूरी साफसफाई एवं पोस्टिक हरी एवं पत्तेदार सब्जीयो का भोजन में शामिल करना अनिवार्य है ।उन्होंने ने सैनिटेरी पैड के इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा यदि लम्बे समय से फंगल इन्फेक्शन से कैंसर जैसे बीमारी भी हो सकता है ।उन्होंने यह भी बताया की लोकलाज की डर से गाँव की महिलायें अपनी बीमारीयो को छुपाती है जो बाद में जानलेवा भी हो सकता है अतः इस तरह के लक्षण में तुरंत चिकित्सक से सम्पर्क करे ।शिविर में डा सुनील एवं डा तबस्सुम ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रारम्भिक लक्षण मिलते ही इलाज कराए ,आजकल के होने वाले लम्बे बुखार को हल्के में ना लेते हुए इलाज में सावधानी बरते ,योग्य चिकित्सक से दिखाए ।शिविर संयोजक डा देव चंद्रा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना एवं अंत्योदय कार्ड अंतर्गत समस्त प्रकार की सर्जरी अस्पताल में निशुल्क है ।स्वास्थ्य योजनाओ का लाभ जन जन तक पहुँचना केएमसी का लक्ष्य है ताकि आमजन का आर्थिक हानि ना हो ।शिविर में ग्रामप्रधान प्रतिनिधि मुकेश सिंह,डा सुदर्शन,अखिलेश अरुण ने शिविर में मरीजों का देखभाल किया ।अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ अमित ,गुलशन,औजहाद ,सनाउल्लाह,पूरनवासी यादव एवं आयुष्मान अधिकारी नागेंद्र ने मरीजों के उपचार में सहायता किया ।जनसम्पर्क अधिकारी अभिषेक कुमार ने जन जागरूकता किया।

## युवा नेता प्रदीप उपाध्याय ने किया लक्ष्य क्लासेज का उद्घाटन

**भिटौली,महराजगंज** ।युवा भाजपा नेता प्रदीप कुमार उपाध्याय एडवोकेट ने सिसवा मुंशी स्थित लक्ष्य क्लासेज का उद्घाटन किया ।इस दौरान उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा से ही सभ्य समाज का का मार्ग प्रशस्त होता है। अतः इस तरह की संस्थाएं खुलनी चाहिए ताकि क्षेत्रीय छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होता रहे।

फास्ट ट्रैक

## पीड़िता ने पनियरा पुलिस को दी तहरीर

**महराजगंज**। बरियारपुर निवासी इबारतुन निशा ने उपसम्भागीय अधिकारी एवं उनके क्लर्क पर अपने अधीनस्थ प्राविधिक सहायक का उत्पीड़न करने और वीआरएस मांगने पर जानमाल से धमकी देने का अरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने पनियरा थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हुए जानमाल के सुरक्षा की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि पति निसारुल्लाह सिद्दीकी ब्लॉक-पनियरा में पिछले 10 वर्षों से कार्यरत हैं। सन 2016 से अधिकारियों के उत्पीड़न से उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित हो गई। लगभग सात वर्षों से आज तक वेतन बाधित है। वर्षों इलाज के बाद जब डॉक्टरों ने पति को नौकरी करने में पूर्णतः अयोग्य घोषित कर दिया तो मैंने पति का मानसिक दिव्यांगता सर्टिफिकेट विभाग को प्रस्तुत करते हुए विभाग से उनके वीआरएस देने की गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई न करके 13 जुलाई को एक कर्मचारी द्वारा गांव में पहुंचकर दुर्व्यवहार किया गया। एक पेपर पर मुझे हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने लगे।


## जिले के 272 विद्यालयों का विवरण अपलोड नहीं

**महराजगंज**। शासन की योजनाओं से स्कूलों को सीधे जोड़ने वाला एक मात्र माध्यम यू-डायस प्रपत्र भरवाना शिक्षा विभाग के लिए चुनौती बन गया है। परिषदीय समेत अन्य विद्यालयों का विवरण पोर्टल पर आनलाइन किया जाना है। इसके अपलोड होने के बाद ही विद्यालयों को कोड मिलता है। यदि किसी स्कूल का यू-डायस कोड नहीं है तो शासन उसकी गणना स्कूल के रूप में नहीं करता है। बावजूद जिले के 272 विद्यालयों ने अपना विवरण पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। यू-डायस में डेटा फीडिंग लंबे समय से चल रही है। अब तक इसमें आफलाइन बुकलेट स्कूलों में भेजकर इसे भरवाया जाता था। 2019 से यू-डायस विवरण फीडिंग को पूरी तरह से आनलाइन कर दिया गया है। जिले में चालू सत्र के लिए यू-डायस के लिए विभिन्न बोर्ड के 3376 स्कूल पंजीकृत हैं। इनमें से 3104 स्कूलों की डेटा फीडिंग हो गई है। वहीं, मान्यता प्राप्त सहित अन्य कुल 272 विद्यालय ऐसे हैं, जो विवरण फीडिंग कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसमें 159 विद्यालय तो ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक पोर्टल पर अपलोडिंग का कार्य भी शुरू नहीं किया है। --नोटिस के बाद भी नहीं रुचि ले रहे जिम्मेदार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की तरफ से यू-डायस प्लस पोर्टल पर विवरण अपलोडिंग मामले में लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन कोई सुधार नहीं हो सका। यह हाल तब है जब यू-डायस फीडिंग के लिए शिक्षक संकुल को जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक संकुल को आठ से 10 विद्यालय आवंटित किए गए हैं। शिक्षक संकुल विद्यालयों का निर्धारित प्रोफार्मा पर विवरण इकट्ठा करेंगे। उसे ब्लाक संसाधन केंद्रों पर ले जाकर भरवाएंगे। इसके लिए शिक्षक संकुल को प्रशिक्षण भी दिया गया है।--जिले में संचालित होने वाले सभी निजी, सहायता प्राप्त व राजकीय शिक्षण संस्थान यू-डायस में डाटा इंट्री का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न किए जाने पर विद्यालयों को नोटिस देने के बाद मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई की जाएगी। आशीष कुमार सिंह, प्रभारी बीएसए

## ट्रेलर की ठोकर से व्यक्ति घायल

सिन्दुरिया, महराजगंज ।स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा पतरेंगवा निवासी एक ठेले वाले को ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। टक्कर लगने से व्यक्ति घायल हो गया,जिसका इलाज एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार पतरेंगवा निवासी मिठाई पुत्र शिवपूजन अपना जीविकापार्जन चलाने के लिए सिंदुरिया चौराहे पर ठेला लगाकर आम बेचने का कार्य करता है। बृहस्पतिवार को देर शाम वह अपनी ठेला लेकर अपने घर जा रहा था। अभी पतरेंगवा अपने गांव पहुँचा ही था कि अचानक तेज गति से आ रही ट्रेलर ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ठेले का परखच्चे उड़ गए जबकि मिठाई को गम्भीर चोटे भी आई। ग्रामीणों की मदद से उसे महराजगंज एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने बताया कि तहरीर अभी मिली नही है। तहरीर मिलने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

# सीएमओ ने की आकांक्षी ब्लाकों की समीक्षा, विभागीय कार्रवाई की हिदायत



पहल टुडे

लखीमपुर खीरी। आकांक्षी ब्लॉकों की समीक्षा बैठक डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस में हुई। जिसमें एचएमआईएस पोर्टल पर की जा रही रिपोर्टिंग की समीक्षा हुई है। डीपीएम अनिल यादव द्वारा बताया गया कि सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लाकों की समीक्षा बैठक की गई है। इस दौरान एसीएमओ एनएचएम डॉ. अश्विनी कुमार, नोडल हेल्थ वैलनेस सेंटर डॉ. बीसी पंत, एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता सहित एमएच कंसलटेंट, आकांक्षी ब्लॉकों के अधीक्षक, बीपीएम, डीईओ आरसीएच उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान सभी स्वास्थ्य इंडिकेटर में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं साथ एसीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार द्वारा सभी को हिदायत दी गई है कि जल्द ही अगर सभी स्वास्थ्य इंडिकेटर पोर्टल पर सुधारात्मक नहीं दिखाई दिए तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश के लिये मांगी गई दुआ

सिंदुरिया,महराजगंज। विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्राम सभा सिंदुरिया में जुमे के दिन सैकड़ो लोगों ने सामूहिक नमाज अदा करते हुए भयंकर गर्मी से निजात पाने के लिए और बारिश होने के लिए खुदा से रो- रोकर दुआ की। इस दौरान लगभग एक घण्टे तक खुदा की इबादत से किया।

सिंदुरिया स्थित हुसैनिया मस्जिद के इमाम हाजी मोहम्मद हुसैन ने कहा हमने अपने दीन( धर्म ) को भूल गये है ।नमाज,कलमा,रोजा,हज, और जकात देना भूल गए हैं, हमने दुनिया का नकल करना शुरू कर दिया है जोकि हमारी तबाही की अलामत( कारण ) है। हमें सारी उम्र इस दुनिया में नहीं रहना है फिर भी हम आखिरत की तैयारी न करके दुनिया में रहने की तैयारियों में मस्त हैं। अपने खुदा को भूल गये हैं तभी तो उसकी नाराजगी हमें आज तड़पा रही है। आज हम बारिश बिना बैचेन हैं। चारों तरफ हाहाकार मचा है। हम गरीबों की मदद नही कर रहे हैं। जकात नहीं दे रहे, जिससे अल्लाह हमसे सख्त नाराज हैं।

## बीईओ ने छात्र को किया पुरुस्कृत



सिंदुरिया, महराजगंज। मिठौरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा मुजहना बुजुर्ग निवासी एक छात्र का चयन नवोदय विद्यालय में होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मिठौरा ने उसे पुरुस्कृत कर उसके उज्वल भविष्य का कामना किया ।प्राप्त समाचार ले अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के मुजहना बुजुर्ग निवासी गौरव पुत्र रामु का चयन नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में हुआ है। जो प्राथमिक विद्यालय मुजहना बुजुर्ग का विद्यार्थी रहा। इस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मिठौरा सुधीर कुमार ने विद्यालय पर पहुँचकर गौरव को मिठाई खिलाकर पुरुस्कृत करते हुए उसके उज्वल भविष्य का कामना किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा आपका अपना अधिकार है। मेहनत करने वालो की कभी हार नही होती है ।मेहनत करके सभी छात्र अपने ऊंची-ऊंची बुलंदियों को पाएं यही मेरी कामना सभी छात्र-छात्राओं के साथ है। इस दौरान विद्यालय पर विनोद यादव ( एआरपी ), सर्वेश शर्मा,मृत्युंजय श्रीवास्तव,नवीन पटेल,विनीता पटेल,मनोरमा,संगीता सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# कंपोजिट विद्यालय करमहवा पर नोडल शिक्षकों ने किया चर्चा



### खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के सभी नोडल शिक्षकों की बैठक सम्पन्न

### स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के उद्देश्यों पर हुई चर्चा

पहल टुडे

**आनंदनगर, महराजगंज** आज शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे न्याय पंचायत सिंहपुर अयोध्या के स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के नोडल शिक्षकों की बैठक,खंड शिक्षा अधिकारी पिंगल प्रसाद राना के अध्यक्षता में संपन्न हुई। स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम न्याय पंचायत सिंहपुर अयोध्या के समस्त नोडल शिक्षकों की बैठक कंपोजिट विद्यालय करमहवा में आयोजित किया गया ।इस बैठक में स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के उद्देश्यों पर चर्चा हुई। साथ ही साथ उद्देश्य को कैसे प्राप्त किया जा सकता और उद्देश्य को प्राप्त करने में विद्यालय स्तर पर क्या क्या व्यवहारिक समस्याएं आ रही है आदि बिन्दुओं पर भी चर्चा नोडल शिक्षकों द्वारा किया गया। नोडल शिक्षकों द्वारा आनलाईन क्विज प्रतियोगिता के आयोजन, शिक्षक डायरी, डीबीटी में आधार प्रमाणीकरण एवं आधार शिला क्रियान्वयन संदर्शिका का कक्षा शिक्षण में प्रयोग विषय पर भी चर्चा की गई। उक्त बैठक में न्याय पंचायत सिंहपुर अयोध्या के सभी नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया और इस प्रोग्राम की सफलता के लिए अपने अपने विचार रखें।

# चलती बस में आग लगने से मची अफरातफरी, खिड़की दरवाजों से कूद कर यात्रियों ने बचाई जान



पहल टुडे

पलिया कलां - से सवारी लेकर गौरीफंटा जा रही मिश्रा ट्रेवल्स की यू पी 34 टी 0511 नम्बर की एक निजी चलती बस के इंजन में डिगनिया तिराहे पर अचानक आग लग गई आग धुँए को देखकर बस में बैठे यात्रियों में अफरातफरी मच गई इस नजारे से भयभीत यात्रियों ने अपनी जान बचाने के लिए चलती बस के खिड़की दरवाजो से कूद कर अपनी जान बचाई हालांकि सड़क खराब होने के कारण बस की रफ़्तार धीमी थी जिसके चलते बड़ा हादसा होते होते बच गया ।दक्ष चालक ने बड़ी मुश्किल से चलती बस को नियंत्रित कर रोक लिया जिसे गड्ढो में भरे बरसाती पानी से मौके पर मौजूद यात्रियों बड़ी मुश्किल से बुझाया हैं यात्रियों का कथन है कि इससे पूर्व उक्त डग्गामार कंडम बस दुधवा के जंगल खराब हो गई थी बड़ी मशक्कत के बाद स्टार्ट करके डिगनिया तक आ सकी है।

## कांवड़ियों और शिव भक्तों के लिए बनाए गए हेल्थ पोस्ट कि सीएमओ ने ली लाइव लोकेशन

लखीमपुर खीरी। छोटी काशी में शुरू हुए सावन मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस रखी है। एक माह तक चलने वाले इस मेले में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हेल्थ पोस्ट बनाए गए थे। पहले दिन ही सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा फोन पर सभी की लोकेशन ली गई। इस दौरान सभी टीमें एक्टिव मिली ।खीरी जिले की छोटी काशी बोले जाने वाले गोला गोकरननाथ में सावन मेला शुरू हो चुका है। इसके शुरू होते ही हजारों लाखों भक्त और कांवड़िए दर्शन के लिए भोलेनाथ के दरबार पहुंचते हैं। सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर यहां जलाभिषेक करते हैं। ऐसे में उन्हें छुटपुट समस्याएं होने की संभावनाएं होती हैं। इसे लेकर सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक विस्तृत बैठक की गई थी, जिसमें इन सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए एक प्लान बनाया गया था। इसी के अंतर्गत छोटी काशी के आसपास तीन हेल्थ पोस्ट बनाए गए थे जहां पर डॉक्टर, फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ, और वार्ड बॉय सहित एक एंबुलेंस की तैनाती की गई थी। यह हेल्थ पोस्ट अपना काम कर रहे हैं या नहीं इसकी सटीक जानकारी के लिए सीएमओ द्वारा फोन पर इनकी लोकेशन ली गई

## मोटरसाइकिल की ठोकर से एक की मौत अन्य घायल

**भिटौली,महराजगंज**। कोतवाली थाना क्षेत्र के भिटौली पुलिस चौकी के पास बाइक सवार ने बृहस्पतिवार रात टहलने निकली महिलाओं को ठोकर मार दिया। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए परिजनों ने उसे आनन फानन के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृत महिला की पहचान भिटौली निवासी उमेश राजभर की 38 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उर्मिला, अरुणिमा पाण्डेय, फूला देवी, गुड्डी देवी, अमितेश बृहस्पतिवार को सड़क किनारे टहल रहे थे।

# अचानक लगी आग से चार छप्परों के सहित बारह हजार की नगदी जलकर राख

पहल टुडे



गोला गोकर्णनाथ खीरी ।तहसील गोला क्षेत्र के गांव कपरहा के मजरा देवरिया में दोपहर 12:30 बजे अचानक आग लग गई। जिससे एक ही परिवार में रह रहे चार लोगों के छप्पर व नगदी के सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पूर्व प्रधान नीरज शुक्ला की सूचना पर लेखपाल ने मौका मुआयना किया है। मालूम हो कि कपरहा ग्राम पंचायत के मजरा देवरिया में गांव निवासी शिवराम पुत्र शंकर उमेश पुत्र शिवराम महेश पुत्र शिवराम अरविंद पुत्र शिवराम के घर में अचानक 12:30 बजे आग लग गई जिससे उनके छप्पर में 12000 की नगदी के सहित घरेलू सामान गेहूं, चावल, रजाई, गद्दा, तकिया, आटा, चार तखत जलकर नष्ट हो गए वही ग्रह स्वामी शिव राम ने बताया कि वह अपनी पत्नी की दवाई लेने के लिए बुला को गया हुआ था। और बाकी घर के सदस्य अत्यधिक गर्मी होने के चलते घर के बाहर एक पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे। तभी देखते देखते अचानक आग लग गई। छप्परो से निकलते धुयें को देख घर से सदस्यो के सहित तमाम गांव बालो ने आनन फानन मे आग पर काबू पाया। तब तक घरेल सामान व नकदी जलकर नष्ट हो चुकी थी ।पूर्व ग्राम प्रधान नीरज शुक्ला को आग लगने की जानकारी होने पर तत्काल ही क्षेत्रीय लेखपाल को सूचित किया ।मौके पर पहुंचे पूर्व ग्राम प्रधान नीरज शुक्ला व लेखपाल शशी तोमर से मौका मुआयना कर अतिशीघ्र ही सरकारी इमदाद दिलाये जाने की बात कही है।

# अवैध मदिरा के निर्माण,बिक्री, परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर चला प्रवर्तन अभियान

पहल टुडे



**लखीमपुर-खीरी**। आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह,एसपी संजीव सुमन के दिशा निर्देश, डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण,बिक्री, अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के लिए प्रशासन,पुलिस,आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें दैनिक प्रवर्तन अभियान चला रही हैं ।डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे,जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये,जिस कारण जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 19 अभियोगो को पंजीकृत किया,310 लीटर अवैध कच्ची शराब,2500 किग्रा लहन बरामद की ।गुरुवार को जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने मय स्टाफ ग्राम सलेमपुर कोन,रंगीला नगर एवं रसौरा थाना कोतवाली सदर में दबिश दी ।दबिश में भारी मात्रा में लहन बरामद कर नष्ट किया ।आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफ ग्राम खंडौरा थाना पसगवां, ग्राम कुइयां मदारपुर, अन्नाजार थाना मोहम्मदी में दबिश दी ।दबिश के दौरान कच्ची शराब बनाते हुए दो अभियुक्तों को मौके पर गिरफ्तार किया ।आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ ग्राम रामुआपुर, सहतेपुरवा,हुलाशीपुरवा थाना निघासन, सिंगाही कस्बा थाना सिंगाही में दबिश दी ।दबिश में भारी मात्रा में कच्ची शराब सहित लहन बरामद किया ।मौके पर लहन को नष्ट कर किया,कच्ची शराब बनाते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया ।आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफ ग्राम ढाकिन थाना पलिया में दबिश दी ।आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ ग्राम कैमहरा,बरूई घाट, उदयपुर,किदवई, तकिया शहाबुद्दीनपुर,कोरैया थाना हैदराबाद में भारी दबिश दी। दबिश में कच्ची शराब सहित लहन बरामद किया। मौके पर कच्ची शराब बेचते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अजीज क्षेत्र 7 धौरहरा ने मय स्टाफ ग्राम कफारा थाना धौरहरा में दबिश दी।

## 20 जुलाई को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमी मुक्त दिवस

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले के 1945675 बच्चों और किशोर को खिलाई जाएगी कीड़े की दवा

### सीएमओ ऑफिस सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला, हुई तैयारियों पर चर्चा

पहल टुडे





लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सीएमओ ऑफिस सभागार में एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान एसीएमओ डॉ. बीसी पंत, एसीएमओ डॉ. कुलदीप आदिम व डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव सहित डिप्टी सीएमओ लाल जी पासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. बीसी पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 20 जुलाई को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस जनपद में मनाया जाना है, इसे लेकर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। तैयारियों की रूपरेखा के लिए सभी एमओआईसी, बीसीपीएम, सीडीपीओ, और बीईओ की एक कार्यशाला सीएमओ ऑफिस सभागार में हुई है। इस दिन सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को कीड़े मारने की दवा खिलाई जाएगी। एसीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को मनाने के फायदे को बताते हुए कहा कि कीड़े की दवाई खाने से स्वास्थ्य पोषण में सुधार होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, एनीमिया नियंत्रण और कृमि में बढ़ोतरी में कमी आती है। यूपी में 9 करोड़ 41 लाख 30 हजार 347 का लक्ष्य रखा गया है। वहीं जिले की बात की जाए तो 1 वर्ष से 19 वर्ष के 19 लाख 45 हजार 678 बच्चों और किशोरों को इस दवा को खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कुमार यादव सहित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कोऑर्डिनेटर सचिन गुप्ता, डीआईसी अमित खरे व अर्बन कोऑर्डिनेटर राहुल शाक्य सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पेट में कीड़े होने के यह हैं लक्षण

एसीएमओ डॉ. कुलदीप आदिम ने बताया कि यह दवा 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों और किशोरों को खिलाया जाना आवश्यक है। अगर पेट में कीड़े होने के लक्षण की बात की जाए तो दस्त होना, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी व भूख लगना इसमें शामिल हैं।

फास्ट ट्रैक

## बेटी के हत्यारोपी पिता को आजीवन कारावास

गोरखपुर। गोरखपुर में बेटी की हत्या का दोषी पिता को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपी पिता अरुण राय पर कोर्ट ने 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। रुपए न जमा करने पर आरोपी को 6 महीने की सजा अलग से काटनी होगी। दरअसल, 28 अप्रैल 2021 को बड़हलगंज के तिहामुहम्मदपुर गांव के सिरकिरा गांव में अरुण के घर में उनकी बेटी की लाश मिली थी। पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम में सामने आया कि पिता अरुण ने ही बेटी शिवांगी की हत्या की हैं। इसके बाद अरूण के बेटे वैभव कुमार ने उन पर हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने केस दर्ज कर अरुण को जेल भेजा था। बेटे वैभव का आरोप था कि पिता ने ही उसकी छोटी बहन शिवांगी की हत्या की है। अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने एक साल बाद ही ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी, गवाहों के बयान, साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी को सजा सुना दी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं बृजेश सिंह का कहना था कि वादी वैभव कुमार ग्राम तिहामुहम्मदपुर टोला सिरकिरा का निवासी है। 28 अप्रैल 2021 को समय करीब 10.15 बजे वादी के पिता अरुण कुमार किसी बात पर नाराज होकर उसकी छोटी बहन शिवांगी का गला दबाकर हत्या कर दी थी। उधर पुलिस का कहना है कि सजा दिलाने में मामले के विवेचक और बड़हलगंज के तत्कालीन इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय, एडीजीसी अतुल कुमार शुक्ल का योगदान रहा।

## 45 हजार लेकर फरार हुआ टप्पेबाज

गोरखपुर। भारतीय स्टेट बैंक की ताजपिपरा शाखा से एक व्यक्ति 45 हजार रुपये निकाल कर घर जा रहा था। रास्ते में टप्पेबाज ने झांसे में लेकर झोले में रखी पासबुक, मोबाइल व रुपये लेकर फरार हो गया। पिपराइच नगर के वार्ड नम्बर एक निवासी रामनाथ प्रसाद स्टेट बैंक से गुरुवार की दोपहर में रुपये निकालने गये थे। रुपये लेकर जैसे ही बाहर निकले टप्पेबाज मिला। रामनाथ को प्रणाम करने के साथ ही रिश्तेदारों के नाम लेकर बातचीत करते हुए उन्हें रामलीला मैदान की ओर ले गया। बातचीत के दौरान ही उसने रुपये ले लिए और फरार हो गया। प्रभारी थानेदार राजकुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल की जा रही है। शीघ्र घटना का पदार्फाश किया जाएगा।

## हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। चौरीचौरा थाने की पुलिस ने हत्या के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दिया। प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा मनोज पांडेय ने बताया कि हत्या के प्रयास का आरोपी चौरी खास निवासी गणेश ऊर्फ शिवेंद्र साहनी पुत्र रामरेस एक माह से फरार चल रहा था। उसे मुंडेरा बाजार चौकी इंचार्ज अवधेश पांडेय ने ग्राम चौरी के सतहवा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग घायल

गोरखपुर। चौरीचौरा क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग में फोरलेन पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग गम्भीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बुजुर्ग के परिजनों की मदद करते हुए घायल बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया। इसी क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग निवासी उदय गिरी ( 70 ) दोपहर मे रामपुर बुजुर्ग में फोरलेन पार कर रहे थे। उसी समय शहर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उदय को काफी चोटें आई हैं।

## युवती लापता, चार युवकों पर अपहरण का केस

गोरखपुर। खोराबार इलाके के एक गांव की 20 वर्षीय युवती को गांव का एक युवक अपने तीन साथियों की मदद से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती की मां की तहरीर पर खोराबार पुलिस ने गुरुवार को युवक और उसके तीनों साथियों के खिलाफ धारा 366 व 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कियाजानकारी के अनुसार युवक और युवती के बीच नजदीकियां थीं।

# अज्ञात कारण से लगी आग , तीन घर जले

**लाखों रुपये की क्षति होने का अनुमान**

पहल टुडे

**कुशीनगर** विकास खण्ड विशुनपुरा के ग्राम सभा माघी कोठिलवा में अचानक लगी आग में एक ही परिवार के तीन लोगों का घर जलकर राख हो गया है। बताया जा रहा है कि लाखों रुपये की क्षति होने का अनुमान है। शुक्रवार को दोपहर में उक्त गाँव के बैरागी टोला निवासी कोशली देवी पत्नि सिंगासन की फूस वाली आवासीय घर में अचानक आग लग गयी जिसमें दो आवासीय झोपड़ी , मोटरसाइकिल , तीन सायकिल , 45 हजार रुपये नकद, चारा मशीन, अनाज के अलावे सोने के आभूषण समेत घर के सारे कपड़े जलकर राख हो गये। ग्राम प्रधान के अनुसार एक ही परिवार के तीन लोगों की अलग अलग आवासीय झोपड़ी थी जिसमें




सागर पुत्र सिंगासन, मुअली पुत्री सिंगासन, गोलू पुत्र सिंगासन का घर आग लगी में जल गया है। ग्राम प्रधान नथुनी चौहान ने बताया कि पीड़ित परिवार को भोजन आदि की व्यवस्था तात्कालिक राहत हेतु कर दिया गया है।

# स्वर्ण व्यवसायी को रुपये के लेन देन में मारी गोली

पहल टुडे



कुशीनगर खड्डा थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के निकट बंधे पर फर्नीचर की दुकान के समीप गुरुवार की शाम कस्बे के एक स्वर्ण व्यवसाई को रुपए की लेनदेन को लेकर बाइक से आए युवक द्वारा गोली मार देने का मामला प्रकाश में आया है। उच्चीकृत प्रा.स्वा.केन्द्र तुर्कहा के बाद घायल व्यापारी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

ग्रामीणों ने कुछ दूर युवक को दौड़ाया भी लेकिन बाइक सवार हमलावर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची खड्डा पुलिस ने घायल व्यवसाई को इलाज के लिए सीएचसी तुर्कहा में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने स्थिति गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार खड्डा कस्बे के स्वर्ण व्यवसायी कन्हैया वर्मा पुत्र पुजारी वर्मा उम्र 65 वर्ष की कस्बे के जलकर रोड़ वार्ड संख्या 6 में आभूषण की दुकान है। उनके दुकान की उधारी हनुमानगंज थाना क्षेत्र के जिन्दाछपरा निवासी धनंजय उर्फ विक्कू तिवारी से थी जहां युवक ने व्यवसाई के वहां अपनी बाईक गिरवी रखी थी जिसका तगादा व्यवसाई द्वारा किया जा रहा था। गुरुवार को फोन से युवक ने पैसा देने की बात कहकर आभूषण ब्यवसायी को अहिरौली गांव स्थित फर्नीचर की दुकान के समीप शाम को बुलाया। कन्हैयालाल वर्मा अपने नाती ऋषभ वर्मा के साथ उसके बताए स्थान पर गये व अपने नाती को बाईक में तेल लेने के लिए भेज दिया। इसी दरम्यान युवक बाइक से झोला लिए हुए आया व पैसा देने की बात कहकर थोड़ा दूर चलने को कहा। आरोप है कि व्यवसाई जब थोड़ी दूर गये तो युवक ने झोले में रखा तमंचा निकालकर अधेड़ व्यवसाई पर गोली चला दी। गोली उनके बाएं हाथ की केहुनी में लगी जिससे वो बदहवास व घायल हो गये। गोली चलने की आवाज सुनकर आस-पास मौजूद लोग दौड़ पड़े जहां ब्यवसायी लोहूलुहान पड़े थे। गोली मारने वाले युवक की पहचान हनुमानगंज थाना क्षेत्र के जिन्नाछपरा निवासी धनंजय उर्फ बिक्कू तिवारी के रुप में हुई। घटना के बाद गांव सहित आस- पास के इलाकों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची खड्डा पुलिस ने घायल ब्यवसायी को तुर्कहां सीएचसी भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद घायल ब्यवसायी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।घटना को सुनकर नगर के व्यवसाई अस्पताल पर जमा होकर हमलावर के गिरफ्तारी की मांग करने लगे। घटना की सूचना पर सीओ संदीप वर्मा, एसएचओ धनवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पूछताछ किया व अस्पताल में परिजनों से घटना की जानकारी ली। घटना बसे व्यापारियों में आक्रोश है।

# विरासत को क्षति पहुंचाने वालों कराएं कानूनी कार्रवाई: सीएम योगी आदित्यनाथ

### सीएम योगी ने मानसरोवर मंदिर के जीर्णोद्धार का किया लोकार्पण

पहल टुडे

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जन सहयोग और सरकार के स्तर पर जनहित में विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाया जा सकता है लेकिन उसके संरक्षण का दायित्व आमजन को स्वयं उठाना पड़ेगा। हमारे विरासत को, इसके सौंदर्यीकरण को यदि कोई नुकसान पहुंचाता है, यहां गंदगी फैलाता है उसे समझाएं। इसके बाद भी वह उदंडता पर उतरता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने में भी नागरिकों को संकोच नहीं करना चाहिए।सीएम योगी पावन सावन माह के पहले दिन गुरुवार को पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व वाले प्राचीन मानसरोवर शिव मंदिर एवं मंदिर के पास स्थित रामलीला मैदान के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह




को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित जन समूह का आह्वान किया कि मानसरोवर मंदिर का विकास जन भावनाओं के अनुरूप हुआ है। बेहतरीन पर्यटन सुविधाओं का विकास होने के साथ ही यहां पर सौंदर्यीकरण के सभी कार्य पूरे हो चुके हैं।

सीएम योगी ने लोगों से आह्वान किया कि मानसरोवर मंदिर के तालाब को आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में अमृत सरोवर के रूप में भी इसकी पहचान दिला सकते है। इससे ढेर सारी सुविधाएं यहां से जुड़े हुए लोगों श्रद्धालुओं को प्राप्त होंगी।

इस अवसर पर मंच पर महापौर सीताराम जायसवाल, सांसद रवि किशन शुक्ल, विधायक विपिन सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, उप महापौर ऋषि मोहन वर्मा, मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 6.01 करोड़ रुपये से संवरा मानसरोवर मंदिर

मानसरोवर शिव मंदिर को सजाने-संवारने में 6.01 करोड रुपए खर्च किए गए हैं। मंदिर परिसर में मल्टीपरपज हॉल, प्रसाधन, 50 लोगों की क्षमता का रैन बसेरा, दो टूरिस्ट शेल्टर, परिसर स्थित सरोवर पर रेड स्टोन रेलिंग, हवन कुंड, रेड स्टोन पाथवे, उद्यान, महिला-पुरुष व दिव्यांगजन के लिए टॉयलेट ब्लॉक, पार्किंग, बाउंड्री वाल का निर्माण, लैंडस्कैपिंग, प्रवेश द्वार, पार्किंग के निर्माण के साथ ही सोलर पैनल और विक्टोरिया व गार्डन लाइट लगाए गए हैं। इसी तरह मानसरोवर शिव मंदिर के पास स्थित रामलीला मैदान का जीर्णोद्धार तथा सुंदरीकरण 1. 64 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। रामलीला के लिए मंच,ग्रीन रूम, बाउंड्रीवाल, टॉयलेट ब्लॉक, उद्यान, दो प्रवेश द्वार बनाने के साथ ही लैंडस्कैपिंग भी कराई गई है।

## भाजपा नेता को पाकिस्तान के नम्बर से धमकी मिलने का मामला कस्बे में बना चर्चा का विषय

पहल टुडे

**कुशीनगर** नव सृजित थानाक्षेत्र तमकुहीराज के नगर पंचायत तमकुहीराज में स्थित सहीमल बाबा मजार के बगल में पक्का निर्माण कराने के मामले में पूर्व ब्लाक प्रमुख व भाजपा नेता विजय राय को पाकिस्तान के नम्बर से धमकी मिलने का मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना रहा। पीड़ित भाजपा नेता का आरोप है कि पाकिस्तान के नम्बर से भाजपा नेता को फोन कर जमीन खाली करने व नही करने पर 24 घण्टे के अंदर बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। मामले में भाजपा नेता ने कई राजनेताओं व अधिकारियों को ट्वीट व शोसल मीडिया के माध्यम से अपील करने के बाद थानाध्यक्ष तमकुहीराज को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। तमकुहीराज में फोरलेन किनारे स्थित सहीमल बाबा स्थान/मजार के बगल में सात कठठे भूमि को भाजपा नेता विजय राय ने बैनामा लिया है। उक्त भूमि पर पक्का निर्माण कार्य भाजपा नेता द्वारा कराने से एक वर्ग में काफी असंतोष व्याप्त है। पक्का निर्माण कार्य शुरू होने पर पिछले सोमवार से तमकुहीराज कस्बे में तनाव की स्थिति है। मामले को लेकर दो प्लाटून पीएससी विवादित भूमि के पास कैम्प कर निर्माण कार्य करा रही है। जबकि विरोध कर रहे पक्ष के पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख समेत 6 लोग शांति भंग की आशंका में देवरिया जेल भेजे गए है। पाकिस्तान के नम्बर से वाट्सएप वीडियो कॉल में धमकी मिलने पर पीड़ित भाजपा नेता विजय राय ने शोसल मीडिया व ट्विटर के माध्यम से आरोप लगाया है कि पाकिस्तान के नम्बर से भारतीय 29 लोगो को टैग करके उन्हें बुधवार की शाम 6 बजकर 35 मिनट से रात्रि साढ़े 9 बजे तक तीन बार व्हाट्सएप फोन करके जमीन खाली करने व नही करने पर 24 घण्टे के अंदर बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। धमकी पाकिस्तान के नम्बर से मिलने के कारण यह घटना शोसल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। भाजपा नेता के समर्थक मामले की जांच एनआइए से कराने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे है। इस सम्बंध में भाजपा नेता विजय राय ने बताया की उन्होंने मामले की शिकायत ट्विटर के माध्यम से करने के साथ ही घटना की लिखित शिकायत थानाध्यक्ष तमकुहीराज से किया है।

## भ्रष्टाचार : ढाई साल में बनकर तैयार हुई सड़क ढाई माह भी नही चल सकी, सड़क से उखड़ने लगी गिट्टियां

- **स्थानीय लोगों ने सड़क के गुणवत्ता पर उठा सवाल**
- **एनएच से अतायर-डिहुलपार मार्ग का हाल**
- **59 लाख की लागत से 1100 मिटर लम्बी सड़क निर्माण को पूरा होने में लगा था ढाई साल**

पहल टुडे



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही निर्माण एवं विकास कार्यो में समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश जारी करने तथा भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति पर काम करने का दावा करते हो। लेकिन उनके गृह जनपद में ही अधिकारियों ने सड़क के निर्माण के दौरान समयबद्धता एवं गुणवत्ता से खिलवाड़ कर जमकर भ्रष्टाचार को बढावा देने का कार्य किया गया है। जिससे 59 लाख की लागत से ढाई साल में बनकर तैयार हुई एक सड़क ढाई माह भी नही चल सकी। और सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगी। स्थानीय लोगों ने विभाग पर लापरवाही के कारण निर्माण कार्यों में जमकर गुणवत्ता से खिलवाड़ किए जाने का आरोप लगाया।

मामला गगहा ब्लाक के अतायर से डिहुलपार जाने वाले सम्पर्क मार्ग का है। पहले नेशनल हाइवे से जुड़े 1100 मिटर लम्बे इस सम्पर्क मार्ग को पूरा होने में ही ढाई साल लग गए। बांसगांव विधायक डा विमलेश पासवान के प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग ने ब्लाक के अतायर से डिहुलपार को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग का निर्माण हुआ। सम्पर्कमार्ग का निर्माण शुरू होते ही पानी निकासी की समस्या को लेकर विभाग व स्थानीय किसानों से विवाद होने के कारण सड़क का निर्माण पूरा करने में करीब ढाई साल लग गए। सडक निर्माण समाप्त होने के बाद सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगी। जिससे उसकी गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा हैं।बता दें,गगहा विकास खण्ड के हाइवे से अतायर डिहुलपार सम्पर्क मार्ग बनाने के लिए स्थानीय लोगों ने जन-प्रतिनिधियों से सम्पर्क मार्ग को बनवाने के लिए कई बार मांग उठाई थी। तब स्थानीय विधायक के प्रस्ताव से लोकनिर्माण विभाग ने 1100मीटर सम्पर्क मार्ग को मंजूरी दी। उसका लागत 59लाख रुपया निर्धारित था।

## पुजारी की पत्नी लगा रही सुरक्षा की गुहार

गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के टिकरी गांव निवासीबिंदू देवी पत्नी अजय गोस्वामी ने थाना प्रभारी गगहा से मिलकर जान माल का खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी को दिये शिकायती पत्र में पीडिता बिंदू देवी ने लिखा है कि पति मझगांवा स्थित शिव मंदिर के पुजारी है। मंदिर की कुछ जमीन मेरे नाम से दर्ज है। आज सुबह मझगांवा के प्रधान अपने समर्थकों के साथ आये और मुझे जबरिया गाड़ी में बैठा लिया और बासगांव कचहरी में ले जाकर मंदिर वाली जो जमीन मेरे नाम दर्ज है अपने नाम रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाने लगे। मेरे द्वारा शोर मचाने पर कुछ वकील और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए उन लोगों के हस्तक्षेप के बाद प्रधान वहां से भाग गया। पीड़िता ने खुद व परिवार के जान माल के सुरक्षा की मांग की है।

# मानसरोवर मंदिर में सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक, लोक मंगल की कामना

पहल टुडे



गोरखपुर। भगवान शिव की उपासना के मास, सावन मास के पहले दिन मानसरोवर मंदिर गोरखपुर में पर्यटन विकास कार्यों के लोकार्पण के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधि विधान भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर लोक मंगल की कामना की। प्राचीन मंदिर रामसरोवर पर सावन मास के प्रथम दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 11 लीटर गाय के दूध, जल, गन्ना रस, कूस का जल, दही समेत अन्य रसों से भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक किया। इस दौरान 11 वैदिक ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार किया। इस अनुष्ठान को सम्पन्ना में गोरक्षपीठ के प्रधान पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी, डॉ अरविंद चतुर्वेदी, डॉ रंगनाथ त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, शिवम मिश्र, डॉ रोहित मिश्र, डॉ दिग्विजय शुक्ला, नित्यानंद तिवारी, शशांक पाण्डेय, डॉ प्रांगेश मिश्र, डॉ अभिषेक पाण्डेय मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में स्थापति राधा कृष्ण, राम दरबार एवं भगवान शिव परिवार की प्रतिमाओं का भी दर्शन पूजन किया। इस दौरान गोरखनाथ मंदिर से द्वारिका तिवारी, मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, विरेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### सीएम योगी ने कोटेदारों को दी आर्थिक सशक्तिकरण के डबल डोज की सौगात

# कोटेदार के सीएससी से जुड़ने से पूरे प्रदेश की जनता को लाभ: योगी

- **यूपी में राशन की दुकानों पर मिलेंगी कई तरह सुविधाएं**
- **प्रदेश सरकार एवं सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू हस्ताक्षर**

पहल टुडे



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सीएससी की सेवाओं से सूबे के 80 हजार कोटेदार जुड़ेंगे तो न केवल उनकी आय में इजाफा होगा बल्कि दूसरों को रोजगार भी दे सकेंगे। इन सीएससी से मिलने वाली ई स्टैम्प, आय, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान, आधार, पैन कार्ड समेत प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को अपने घर ने निकट ही मिल सकेगा। कहा कि यह सब कदम सरकार प्रदेश की सभी 25 करोड़ जनता के जीवन मे व्यापक सुधार लाने की अपनी प्रतिब्धता के कारण उठा रही है।

सीएम योगी प्रदेश सरकार एवं सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के बीच एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को प्रेक्षागृह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की खाद्यान वितरण व्यवस्था पूरे देश में बेहतरीन है। एक राष्ट्र एक कार्ड की अवधारणा से जुड़ते हुए तकनीकी को अपना कर यहां के उन कार्डधारको को नेशनल पोर्टिबिलिटी से जोड़ा गया जो काम के चलते महाराष्ट्र, पंजाब गुजरात या अन्य राज्यों में हैं। इसका फायदा यह है कि किसी भी अन्य राज्य में रहने वाला यूपी का 1144612 नागरिक अपने राशनकार्ड पर वहां खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। इसी तरह अन्य राज्यों के 42049 नागरिक भी यूपी में खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ बाबू, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के स्टेट हेड अतुल राय, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद वीना कुमारी, गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल, बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, महापौर सीताराम जायसवाल, विधायक महेन्द्रपाल सिंह, विपिन सिंह, डॉ विमलेश पासवान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### ईमानदारी से कमाई व निराश्रित की सेवा में अनुपम सुख

कोटेदारों को प्रोत्साहित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में अन्न को ब्रह्म की प्रतिष्ठा है।

अन्नदान को सबसे बड़ा दान। कोटेदारों से कहा कि राशन वितरण व्यवस्था में आप प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अन्नदान के हकदार बन जाते हैं। आपके लाभांश में की गई वृद्धि के साथ थोड़ी सी ट्रेनिंग लेकर जवाब सीएससी से जुड़ेंगे तो आपकी आय भी काफी बढ़ेगी। यह आपके श्रम और ईमानदारी की आय होगी। ईमानदारी की कमाई का अनुपम सुख होता है।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और सांसद रवि किशन ने रामगढ़झील में लिया कयाकिंग का मजा

पहल टुडे




गोरखपुर। रामगढ़झील में वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। झील में कयाकिंग का औपचारिक शुभारंभ हो गया। अब शहर के लोगों के साथ बाहर से आने वाले सैलानी कयाकिंग का भी मजा ले सकेंगे। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद और सांसद रवि किशन शुक्ला की मौजूदगी में इसका शुभारंभ किया। मंत्री और सांसद ने खुद इसे चलाकर आनंद लिया।

गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने इसके लिए पांच कयाक मंगाया गया है। कयाक एक तरह की नाव, जिसमें एक या दो लोग बैठकर तेजी से उसे चला सकते हैं। करीब 30 हजार रुपये की एक कयाक पर एक साथ दो लोग बैठ सकेंगे। इसके साथ सुरक्षा से जुड़े उपकरण भी होंगे। इस सेवा के शुरू हो जाने के बाद नौकायन के शौकीन लोग इसका लुत्फ उठा सकेंगे। इसे स्वयं भी चलाया जा सकेगा। ताल में छोटी-छोटी प्रतियोगिताएं भी हो सकती हैं। नौकायन को लेकर होने वाली भीड़ को देखते हुए जीडीए लगातार नाव की संख्या बढ़ाने पर जोर दे रहा है। नावों का संचालन करने वाली फर्मों से और नाव मंगाने को कहा गया है।

रामगढ़झील में आने वाले पर्यटकों के लिए नौकायन सर्वाधिक आकर्षण है। डबल डेकर नाव से लेकर स्पीड बोट तक में लाइन लगी होती है। मोटर से चलने वाली इन नावों पर लोग खूब आनंद उठाते हैं। जीडीए उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि पहली बार रामगढ़झील में कयाक चलाई गई। इससे झील की खूबसूरती और बढ़ेगी और पर्यटकों का रोमांच भी बढ़ेगा।

# दि सेकसरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां के मुख्य अधिशाषी आर सी सिंघल का हुआ सम्मान व अभिनंदन

- नटराज पूजन समारोह का किया गया आयोजन।
- शुगर फैक्ट्री बिसवां के जीएम आर सी सिंघल को कला कुंज भारती सम्मान से किया गया सम्मानित।
- समाज सेविका मीरा सिंघल का भी हुआ नागरिक अभिनंदन एवम सम्मान।
- महान विभूतियों का किया गया सम्मान।









पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव

**सीतापुर !** संस्कार भारती बिसवां के तत्वाधान में नटराज पूजन समारोह एवम नागरिक अभिनंदन एवम सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन श्री हनुमत देवालय परिसर शुगर फैक्ट्री बिसवां में किया गया।

मुख्य अतिथि दि सेकसरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां के मुख्य अधिशाषी आर सी सिंघल ने कहा कलाएं संस्कृति की प्राण तत्व हैं,कलाओं से भारतीय संस्कृति मजबूत होती है।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार संपादक कालाकुंज भारती पदमकान्त शर्मा प्रभात ने कहा कि शिव कल्याण के देवता हैं, उनका नटराज रूप कलाओं के जनक के रूप में माना जाता है। कलाएं समाज का संस्कार प्रबोधन करती हैं, मनुष्यता को संस्कारशील बनाती है, जो काम कला साधक करते हैं।

कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार आशु कवि कमलेश मौर्य 'मृदु' ने कहा कि लोककल्याण व लोकमंगल के लिए नटराज रूप शिव जी ने धारण किया था, तथा सत्यम, शिवम, सुंदरम की अवधारणा को साकार किया था यही कलाओं का मूल है। संस्कार भारती इसी उद्देश्य को लेकर चल रही है।

वयोवृद्ध शिक्षक चंद्रमौलि मिश्र को उत्तरीय, श्रीफल, सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

मुख्य अतिथि आर सी सिंघल को संस्था की ओर से ?कलाकुंज भारती सम्मान? से सम्मानित किया गया। मंदिर के प्रधान पुरोहित पंडित राम अवतार को ?गुरु पूर्णिमा सम्मान? से सम्मानित किया गया।

समाज सेविका श्रीमती मीरा सिंघल को संस्था ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संरक्षक मंडल के दिनेश चंद्र पांडेय व रामपाल त्रिपाठी ने संबोधित किया। तथा कवि रामदयाल धुरिया, अरविंद सिंह 'मधुप', धर्मेंद्र धवल, विजय कुमार रस्तोगी, कृष्ण मुरारी त्रिवेदी 'खरोंच', शिवनारायण भट्ट, दिनेश मिश्र, शिवेंद्र नाथ मिश्र, आमोद शुभम आदि ने गुरु महिमा का वर्णन किया। अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष भगवत शरण श्रीवास्तव व सहमंत्री श्रीकांत मौर्य ने किया।

कार्यक्रम में मुन्ना लाल गुप्त, श्रीमती सरला अवस्थी, प्रमोद कपूर, मनोज जैन, रवींद्र नाथ मिश्र आदि का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर नगर के संभ्रांत लोगों में राम सागर शुक्ला, राजेंद्र प्रकाश वर्मा, रमापति रस्तोगी, कृष्ण कुमार शुक्ला, श्रवण कुमार मिश्र सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में संस्था अध्यक्ष भगवत शरण श्रीवास्तव ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

फास्ट ट्रैक

## पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार के निर्देशानुसार वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया



जिला हरिद्वार :- थाना बुग्गावाला पुलिस द्धारा पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निकट परिवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बुग्गावाला के निदेर्शानुसार थाना हाजा पर वारण्टी की दबिश /गिरफ्तारी का अभियान चलाया गया तो वाद सं 1232/19 धारा 323/427 भादवि के अभियुक्तों के मस्कनों पर दबिश दी गयी तो अभियुक्त अब्दुल खालिद पुत्र नाजिम निवासी फतेहउल्लापुर उर्फ तेलपुरा थाना बुग्गावाला जिला हरिद्धार व नाजिम पुत्र अली हसन निवासी फतेहउल्लापुर उर्फ तेलपुरा थाना बुग्गावाला जिला हरिद्धार को गिरफ्तार किया गया हैं जिन्हे माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है ।

## जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने देर सायं कांवड़ मेला-2022 की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैरागी कैम्प के पार्किंग स्थलों का औचक निरीक्षण किया



जिला हरिद्वार :- जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने देर सायं कांवड़ मेला-2022 की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैरागी कैम्प के पार्किंग स्थलों का औचक निरीक्षण किय जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुये बैरागी कैम्प पहुंचे, जहां उन्होंने बैरागी कैम्प में पार्किंग स्थलों की मूलभूत सुविधाओं-प्रकाश व्यवस्था, पीने का पानी, शौचालय, वाहनों को पार्क करने की व्यवस्थाओं आदि का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने एचआरडीए द्वारा न्यूनतम समय में प्रकाश बेहतरीन व्यवस्था करने के लिये सराहना भी की। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) पी0एल0 शाह, नगर मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह, एसडीएम पूरन सिंह राणा, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सुश्री मंजू, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण सुरेश तोमर, एई एचआरडीए पंकज पाठक सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# उद्योग व्यापार मंडल की नगर कमेटी का गठन



पहल टुडे

चांदपुरः पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर कमेटी का गठन किया गया। किरतपुर में चौधरी फर्नीचर वालों के शोरूम पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल की अध्यक्षता तथा नरेश कालरा के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी सत्य काम बिश्नोई प्रीतिका राठी तथा तनु राजपूत प्रदेश प्रभारी महिला उपस्थित रहे। जिसमें शिवम सिंघल को नगर अध्यक्ष, सुलेमान अंसारी ,आलोक रस्तोगी तथा अंकुश जैन उपाध्यक्ष ,दीपक तनेजा महामंत्री, मोहित कालरा कोषाध्यक्ष, उप कोषाध्यक्ष सोनू तोमर, अंशुल देव राजपूत सचिव नगर संगठन मंत्री के रूप में अंकित रस्तोगी, अंकित चौधरी फर्नीचर वाले, मयंक अग्रवाल, शुभम कालरा, मलखान सिंह साथ ही नगर मंत्री के पद पर जगदीश पाल, राहुल शर्मा, राजीव अग्रवाल बुक सेलर, मुशीर अहमद लीलू, राजीव अग्रवाल बरतन वाले, सैयद परवेज हुसैन रिजवी तथा स्पर्श अग्रवाल, कानूनी सलाहकार हनुमान सिंह चौहान, प्रचार मंत्री शिखर साहनी एवं अशोक सिंह, मीडिया प्रभारी अमित अग्रवाल एवं ललित मेहरा तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रिंस राजपूत, उशांक चड्ढा, संजीव वर्मा, आर्य मणि अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, कपिल रस्तोगी को मनोनीत किया गया साथ साथ ही नगर की युवा कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें आमिर सिद्दीकी को अध्यक्ष तथा देवांश अग्रवाल को महामंत्री मनोनीत किया गया इस अवसर पर बाहर से आए अतिथियों में विनीत राजपूत जिला कोषाध्यक्ष तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नगर किरतपुर के संरक्षक सुंदर गोयल ,मुकेश गोयल, अशोक गुप्ता, तथा प्रदीप कुमार चौहान उपस्थित रहे। अपने संबोधन में बोलते हुए प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा की उनका संगठन हर समय व्यापारिक हित के लिए तत्पर है। हम व्यापारियों के हित के लिए हर संघर्ष के लिए सदैव तत्पर हैं। उन्होंने बताया की नई कार्यकारिणी में नई कार्यकारिणी प्रमोद कालरा को जिला मंत्री तथा मुकुल अग्रवाल (ज्वेलर्स) को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही रजनी कालरा को प्रदेश कार्यकारिणी में मनोनीत किया जाएगा, तथा नरेश कालरा को जिले के अग्रणी पदाधिकारियों में मनोनीत किया जाएगा।

## कोविड टीकाकरण के लिए चलाया जन जागरूकता अभियान



पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव

सीतापुर !सावधान एक्सप्रेस जहांगीराबाद में ।कोविड टीकाकरण के लिये किया जागरूक ।कोविड-19 टीकाकरण के लिये गोरखपुर एनवायरमेंटल एक्शन ग्रुप द्वारा चलाये जा रहे कोर कोविड रिस्पॉन्स प्रोजेक्ट के तहत ई-रिक्शा के साथ जहांगीराबाद कस्बे में रैली निकाल कर लोगों को कोविड-19 के अनिवार्य टीकाकरण के बारे में जागरूक किया गया। ई-रिक्शा पर श्लोगन लिखे फ्लैक्स लगाकर कैसेट के माध्यम से जागरूकता फैलायी। इस मौके पर कोर ग्रुप के बी.एम.सी. शाहनवाज खालिद, ए.एन.एम. स्नेह लता, सी.एम.सी. तरन्नुम बानो, आविषी मिश्रा, आशा व सुनीता आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत आपूर्ति से पीड़ित था आम जन,लो वोल्टेज की समस्या से भी आमजनमानस हो रहा प्रभावित

**आम जनता की समस्याओं के प्रति उदासीनता पूर्ण कार्यप्रणाली अपना रहे हैं विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।**

पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव

**सीतापुर** !जहांगीराबाद सहित आसपास क्षेत्र में लो वोल्टेज बनी आम समस्या। रोस्टर के अनुसार नहीं होती आपूर्ति ।जे.ई.का व्यवहार उपभोक्ताओं के प्रति ठीक नहीं।नहीं उठता फोन,करते हैं मनमानी ।भयंकर गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या से लोग बेहाल हैं। बिजली की दुर्व्यवस्था से लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं फिर भी लापरवाह विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगता। कस्बा सहित पूरे क्षेत्र के लोग बिजली के लो वोल्टेज व लगातार ट्रिपिंग से आजिज हो रात रात जागकर हांथ का पंखा चलाने पर मजबूर हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार साण्डा पावर हाउस से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बिजली सप्लाई दी जा रही है तथा इसी फीडर से रेउसा बम्हनावा तक पावर सप्लाई भी दी जाती है। क्षेत्र में आई बिजली लाइन के तार और खम्भे बहुत पुराने हैं तथा उनमें लगी लकड़ी की स्टेड भी काफी पुरानी तथा जीर्ण हो गयी हैं जिनसे आये दिन तार टूटने की घटनाएं होती रहती हैं। लगातार महीनों से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुयी है जिससे इन दिनों पड़ रही भयंकर गर्मी में पंखे व कूलर चलना तो दूर बल्बों में भी सही उजाला नहीं होता है। यह सभी उपकरण सिर्फ शोपीस बने हुये हैं। बिजली भी मुश्किल से 10 से 12 घण्टे ही मिल पा रही है। फाल्ट होने जब लाइन मैनों या पावर हाउस को फोन किया जाता है तो फोन नहीं उठता। मजबूरी में जे.ई.संतोष कुमार को फोन करने पर वह फोन नहीं उठाते और अगर साण्डा पावर हाउस जाकर शिकायत दर्ज कराई जाती है तो वह कहते हैं कि ज्यादा परेशानी हो तो कनैक्शन कटवा लो। क्यों जलाते हो बिजली ।उनका व्यवहार आम उपभोक्ताओं के प्रति बहुत ही निंदनीय है। वह बिना पैसा कोई भी काम नहीं करता। ट्रांसफार्मर जलने पर हफ्तों बाद तब बदला जाता है जब मुहल्ले और गांव के लोग हजारों का चंदा इकट्ठा कर जे.ई.साहब की पूजा करते हैं। गांव के पश्चिम रखा ट्रांसफार्मर इससे पहले एक महीने में सात बार जल चुका है। जब चंदा हुआ और चढ़ावा चढ़ाया गया तब जाकर 63 की जगह 100 के.वी.का ट्रांसफार्मर बदला गया।

## पैट्रोल पम्प लूट में शामिल दस हजार का ईनामी अभियुक्त राजा को थाना भगवानपुर पुलिस व एसटीएफ देहरादून उत्तराखंड की संयुक्त टीम ने किया नरेला बार्डर दिल्ली से गिरफ्तार किया

दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा



जिला हरिद्वार :- पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, पुलिस अधीक्षक अपराध महोदय,पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मंगलौर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक महोदय भगवानपुर के नेतृत्व में उक्त घटा के अनावरण हेतु अलग-अलग टीम का गठन किया गया ।पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल सें तथा आने जाने वास्ते रास्तो से सी.सी.टी.वी. फुटेज संकलित कर विश्लेषण किया गया, जिससे पुलिस टीम को काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है तथा क्षेत्र में मुखबिर मामूर किये गये। परिणाम स्वरूप पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभि0गणो को इंडियन आयल पेट्रोल पंप के पास भगवानपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गये। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा शेष वांछित अभि0गणों की तलाश कर रही थी तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार महोदय के आदेश पर दस हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था, फलस्वरूप जब एस0टी0एफ0 उत्तराखण्ड देहरादून की गठित टीम व थाना भगवानपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वांछित/ईनामी अभि0गण की गिरफ्तारी हेतु अन्दर जनपद एवं सम्भावित स्थानो पर लगातार दबिश दी जा रही थी तो पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि पैट्रोल पम्प लूट में शामिल राजा पुत्र सबरजीत अभी कृष्णा नगर नियर सतसंग भवन नरेला बार्डर रोड़ पर खड़ा है जो कही जाने कि फिराक में है, परिणाम स्वरूप पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित/ईनामी अभि0 को कृष्णा नगर नियर सतसंग भवन नरेला बार्डर रोड़ से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। अभि0 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## कोतवाली में डीजे संचालकों के साथ की गयी बैठक, दिए गए आवश्यक निर्देश

महोबा (ब्यूरो) : पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में शान्ति/कानून व सुरक्षा व्यवस्था अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस टीमे सक्रिय हैं व क्षेत्र में भ्रमण/गश्त करते हुये स्थानीय लोगों के साथ गोष्ठी कर संवाद कर रही हैं। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा प्रत्येक थानाक्षेत्र में श्रावण मास/कांवड यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत थानाक्षेत्र के डीजे संचालकों से साथ गोष्ठी आयोजित की गयी, गोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले डीजे संचालकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया व उनसे सुझाव भी मांगे गये तत्पश्चात सभी को शासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को हिदायत दी गयी

## हरिद्वार रोड नैशनल हाइवे भागूवाला में वन विभाग की चौकी से कुछ दूरी पर एक गाय का शव पड़ा मिला

पहल टुडे / नीरज श्रीवास्तव



हरिद्वार रोड नैशनल हाइवे भागूवाला में वन विभाग की चौकी से कुछ दूरी पर एक गाय का शव पड़ा मिला। शुकवार को जिला प्रभारी मुकेश राजपूत जिलाध्यक्ष अनुकूल शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। और मामले की जांच करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार ने भागूवाला चौकी को सूचना दी नेशनल हाईवे पर एक गाय का शव पड़ा हुआ है जिस पर उन्होंने चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार से जेसीबी उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया। उसके बाद चौकी के दो कॉन्स्टेबल सहदेव और अरुण कुमार जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे और केसरिया हिंदू वाहिनी की टीम व पुलिस टीम के द्वारा गौ माता का हिंदू रीति रिवाज के हिसाब से अंतिम संस्कार कराया गया। केसरिया हिंदू वाहिनी की टीम में जिला प्रभारी मुकेश राजपूत जिला प्रवक्ता राकेश शर्मा जिला महामंत्री मुकुल शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार ,पुष्पेंद्र शर्मा देवेंद्र शर्मा,रवि कुमार,व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे। केसरिया हिंदू वाहिनी टीम के लोगों की जनता नेभूरी भूरी प्रशंसा की।

## 14.60 ग्राम स्मैक* के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, एन0डी0पी0एस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत

दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा




जिला हरिद्वार :- जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध पुलिस उप महा निरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है ।जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक देहात महोदय व क्षेत्राधिकारी मंगलौर महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसके अनुपालन में कोतवाली मंगलौर और क्षेत्रअंतर्गत समस्त संभावित स्थानों में चैकिंग अभियान चलाया गयो जिस पर गठित टीमों द्वारा नशा तस्करों के ठिकानों पर दबिश व अवैध स्मैक बिक्री वाले स्थान पर दबिश व स्मैक/शराब तस्करों के विरुद्ध वाहन चेकिंग की कार्रवाई की गई अभियान के अनुपालन में कोतवाली मंगलौर क्षेत्र ग्राम टांडा भनेड़ा व अन्य देहात क्षेत्रों में कुछ व्यक्ति द्वारा स्मैक के कारोबार की सूचना प्राप्त हो रही थी परंतु स्मैक बेचने वाले चोरी-छुपकर लगातार फरार चल रहा था। जिस संबंध में निम्न अभियुक्त को टीम द्वारा दिनांक 14/07/2022 को अकबरपुर शिक्खर तिराहा के पास शक होने पर 19.35 बजे एक व्यक्ति को रोककर चेक किया गया तो उसके पास से 14.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुआ। जिसे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

**ग्रामवासी 3 से 4 किलोमीटर की दूरी तय करके पानी का बंदोबस्त करने में रात दिन पसीना बहाने को मजबूर**

# पेयजल के लिए परेशान ग्रामीणों ने भरी हुंकार, प्रदर्शन कर दी चेतावनी

दैनिक पहल टुडे



कुलपहाड़, महोबा। पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। बता दें कि ग्राम मुढारी में बीते 20 दिन से जल निगम की मनमानी व घोर लापरवाही के चलते जैतपुर फिल्टर में फुकी पड़ी मोटर को सही ना कराने के कारण गांव में भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया जिसके चलते महिलाओं को रात्रि में भी सोना मुनासिब नहीं हो पाता और ग्रामवासी 3 से 4 किलोमीटर की दूरी तय करके पानी का बंदोबस्त करने में रात दिन पसीना बहाने को मजबूर है। जिससे परेशान व वाजिब होकर आज 50 से ज्यादा महिलाओं एवं पुरुषों व उनके साथ में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सदस्यों ने तहसील के बाहर व अंदर परिसर में हुंकार भरते हुए प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी महोदय कुलपहाड़ को ज्ञापन देने पहुंची लेकिन मौके पर उप जिलाधिकारी महोदय के ना मिलने व प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला कि आज ही मण्डलायुक्त महोदय ग्राम सतारी में खुली बैठक करने आए हुए हैं। एवं उन्हीं के साथ में उप जिलाधिकारी महोदय भी है ।तब ऐसी स्थिति में सभी महिलाएं कुलपहाड़ स्थित गौदी चौराहा पहुंचकर सड़क पर एकत्रित हो गई और जैसे ही मंडलायुक्त महोदय दिनेश कुमार सिंह भ्रमण कर रोड से निकले तो महिलाओं ने हाथ दिखा कर उनको रोक लिया और उनका घेराव कर लिया और उन्हें अवगत कराया की एक माह पहले आपके मुढारी आगमन पर आपको प्रार्थना पत्र देकर सूचित किया था कि गांव कि सबसे बड़ी व जटिल समस्या पानी है। जिसका आप निस्तारण कर दीजिये लेकिन जब से आप गये तभी से जल निगम पानी मुहैया करवाने में असमर्थ है। क्योंकि जल निगम के अधिकारी ना ही किसी का फोन उठाते यहाँ तक की सभी सम्बंधित अधिकारी बजट ना होने की बात बोलते है। ठीक आज भी उन्हें पानी के भीषण जल संकट के बारे में बताया और कहा कि अगर कल तक गांव में पानी नहीं आएगा तो सभी महिलाएं राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाकर चक्का जाम कर देंगी और फिर भी समस्या नहीं सुलझी तो अन्न -जल त्याग कर तहसील परिसर में बैनर तले प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जायेगी ऐसा लिखित ज्ञापन मुढारी के ग्रामवासियो व महिलाओ ने उपजिलाधिकारी महोदय व मण्डलायुक्त महोदय चित्रकूट धाम मण्डल बाँदा को सौपा है।

## भाजपा जिला मंत्री गायत्री निराला ने गुरु पूर्णिमा पर भजन कीर्तन का किया शुभारंभ संत शिरोमणि रविदास जी के कीर्तन का आयोजन



पहल टुडे

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नजीबाबाद के मोहल्ला जाब्ता गंज में रविदास मंदिर पर संत शिरोमणि रविदास जी के भजन कीर्तन का आयोजन किया गया कीर्तन का शुभारंभ आकाश कान्हा कंडवाल व भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति की जिला मंत्री गायत्री निराला द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर व फीता काटकर उद्घाटन किया गया कीर्तन में दूरदराज से आए हुए साधु संतों का मंत्री गायत्री निराला व आकाश कान्हा कंणवाल ने पुष्प भेंट कर व माल्यार्पण कर संतों के चरणों में नमन करते उनका स्वागत किया व आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद भजन कीर्तन का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री गायत्री निराला व भाजपा संभावित प्रत्याशी नगर पालिका नजीबाबाद आकाश कान्हा कंडवाल डॉ राजीव अरोड़ा विश्व हिंदू परिषद राजीव गुप्ता नगर अध्यक्ष एससी मोर्चा करुण पाल हरिओम जाटव चांद कुमार नितिन कुमार उमेश दास भाजपा पूर्व जिला संयोजक रणवीर सिंह निराला व भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों सहित जनसैलाब रहा और भजन कीर्तन का आनंद लिया

## दोहरे हत्याकांड से शुकुलपुर गांव मे पसरा सन्नाटा

- पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने किया घटनास्थल का निरीक्षण।
- पत्नी और भाई की हत्या के बाद खुद को भी मारी गोली, पुलिस के सामने किया बड़ा खुलासा।

राम धीरज यादव पहल टुडे ब्यूरो चीफ







बाराबंकी। जनपद के अंतर्गत सुबेहा थाना क्षेत्र के शुक्लपुर गांव में शुक्रवार दोपहर एक युवक ने अपनी पत्नी व बड़े भाई की हत्या कर दी।पिता को भी धारदार हथियार से घायल कर दिया।इतना सब करने के बाद छत पर चढ़कर उसने खुद को भी गोली मार ली। युवक और उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। प्रथम दृष्टया अवैध संबंधों की बात सामने आ रही है।शुक्रवार को करीब 11:30 बजे सुबेहा पुलिस को सूचना मिली कि शुकुलपुर गांव का युवक विजय कुमार (35) अपनी छत पर तमंचे के साथ मौजूद है। पुलिस मौके पहुंची तो वहां ग्रामीणों की भीड़ लगी थी।युवक तमंचा लहरा रहा था।पुलिस व गांव के लोगों ने युवक से नीचे उतरने को कहा तो उसने एक बड़ा खुलासा किया।उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी अंजलि (34) की दो दिन पहले हत्या कर दी है और उसका शव घर में मौजूद है।उसने यह भी बताया कि पत्नी से संबंध होने के कारण उसने अपने बड़े भाई विजय को भी मार डाला है।युवक ने बताया कि उसने अपने पिता राज नारायण (65) को भी घायल कर दिया है।पुलिस कुछ कर पाती तब तक युवक ने अपनी गर्दन के पास गोली मार ली।हड़कंप के बीच छत के ऊपर पहुंची पुलिस ने युवक को नीचे उतारा और जब घर की तलाशी ली तो दंग रह गई।अंदर उसकी पत्नी अंजलि का शव मिला। भाई विजय की भी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी।युवक का पिता राज नारायण भी घायल मिला। पुलिस ने आनन-फानन युवक विजय और उसके पिता राजनारायण को अस्पताल भेजा है।एसपी अनुराग वत्स ने बताया कि, युवक ने अपने भाई व पत्नी की हत्या की धारदार हथियार से हत्या करने के अलावा पिता को भी घायल किया और खुद को भी गोली मार ली है। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया पत्नी का भाई के साथ अवैध संबंध होने के कारण युवक ने यह कदम उठाया। मामले की विस्तृत जांच के बाद ही सारा सच सामने आएगा। ग्रामीण इस मामले में भूमि विवाद होने के बाद ही कह रहे हैं।उधर, इस घटना से जहां पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मचा है वहीं क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।

फास्ट ट्रैक

## दुग्गी पिटवा कर प्रशासन ने शराब माफिया की संपत्ति की कुर्क



दैनिक पहल टुडे सावन सैनी

सांडी थाना क्षेत्र के एक गांव मेंअपराधियों के प्रति कड़ी कार्यवाही के तहत अपराधी का दो मंजिला मकान और वाहन कुर्क करने की कार्यवाही की गई है इस मौकेपर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा थाना क्षेत्र के हुसेपुर गांव निवासी कौशल पाल पुत्र नीलकंठ काफी समय से अपराधिक कार्यों में लिफ्ट थाजिस पर शराब बनाने बेचने के आरोप के वाद2022 मैं गैंगस्टर की कार्यवाही की गई है पुलिस की जांच और आख्या के आधार पर जिला अधिकारी अविनाश कुमार के आदेश के बाद शुक्रवार की शाम अतिरिक्त मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सीओ सिटी विशाल जयसवाल बिलग्राम थाना प्रभारी राजवीर सिंह सांडी थाना प्रभारी नित्यानंद सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स के साथ एक करोड़ 75 हजारका दो मंजिला मकान और वाहन कुर्क किया गया है इसके पहले दुग्गी पिटवा कर सीओ सिटी ने अलाउंस के माध्यम से सभी ग्रामीणों को जानकारी दी ग्रामीणों की मौजूदगी में मकान के एक दुकान में रखेकिराएदार सतीराम का सामान खाली कराया गया वही अपराधी कौशल पाल की मां पत्नी सहित बच्चों को मकान से बेदखल कर दिया गयाइस कार्यवाही से ग्रामीणों में हड़कंप मच गयाकुर्क किया गया गया सामान थाना प्रभारी सांडी के सुपुर्द कर दिया गया इसके बाद मकान को सील करने की कार्यवाही की गई है

## संविदाकर्मियो ने विधुत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर बिजलीघर पर व्याप्त अव्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है

दैनिक पहल टुडे

सहारनपुर, तीतरों के ककराला में स्थित 33 के0वी विधुत उपकेन्द्र पर तैनात सविंदाकर्मियों में एसएसओं योगेश कुमार, शेखर, रामकुमार, नरेन्द्र कुमार,प्रेमसिंह लाइनमैन,मित्रपाल,मागेंराम, मनोज शर्मा आदि ने विधुत विभाग के उच्चाधिकारियों के नाम एक ज्ञापन तीतरों अवर अभियन्ता को सौंपकर बताया कि बिजलीघर पर अव्यवस्थाऐं व्याप्त है, जिन्हे पर विभाग के द्वारा कभी कार्य नही कराये गये है जबकि सविंदाकर्मियो को बिजलीघर पर नियमित कार्यो की पूर्ति करने में भारी परेशानियों से जुझना पड रहा है ज्ञापन में बताया कि बिजलीघर पर नियमित रूप से सफाई कर्मचारी की तैनाती न होने से साफ सफाई नही हो पाती है, बिजलीघर पर कई फीडरों के ब्रेक खराब है तो 33 के0वी0 यार्ड के लाईट अलैस्टर फुंक पडे है, हर समय दुघर्टना का खतरा रहता है तथा सुरक्षा की दृष्टि से बिजलीघर पर मैट भी उपलब्ध नही है।सविंदाकर्मियो का आरोप है कि बिजलीघर के अन्दर का फर्श क्षतिग्रस्त है ,बरसात में पानी भरने के बाद करंट फैलने का भय रहता है जबकि बाहर की दीवार की आज तक मरम्मत नही कराई गई है, विधुत उपकरणों के चोरी होने पर सविंदाकर्मियो पर ही कारवाई की जाती है।सविंदाकर्मियों ने बिजलीघर की समस्याओं के निदान की मांग की है।

## आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में किया गया शांति समिति की बैठक का आयोजन

पहल टुडे



नूरपुर नूरपुर में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह ने की बैठक में श्रावण शिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह ने कहा शांति भंग करने वालों व अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

नूरपुर थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक हुई

प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह ने कहा कि नगर व क्षेत्र में शिवरात्रि का त्यौहार प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं सभी लोग शांति पूर्वक त्यौहार मनाए जल्दबाजी या किसी के बहकावे में आकर कोई गलत कदम ना उठ७ाएं

अगर कोई असामाजिक तत्व त्योहारों के अवसर पर गुंडागर्दी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी

बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने आगंतुकों का आह्वान किया प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह ने कहा है कि शिवरात्रि का त्योहार प्रेम से मनाएं नूरपुर क्षेत्र हमेशा शांति से रहा है और इसी तरह शांति से रहना चाहिए आपस में मिलजुल कर त्योहारों को प्रेम के साथ मनाया जाए पुलिस का सहयोग करने वालों का सहयोग किया जाएगा असामाजिक तत्व गुंडा तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा जो भी थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी पुलिस सभी शांति प्रिय लोगों की सेवा में लगी हुई है थाना परिसर में इस अवसर पर गांव के प्रधान तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे



**आज पशु चिकित्सा अधिकारी नागल डॉक्टर राजेश शर्मा जी के निर्देशन में क्षेत्र के गांव मीरपुर मोहनपुर में गला घोटू के बचाव के हेतु वैक्सीन लगाई गई हो रही ऋतु परिवर्तन को देखते हुए बरसात के मौसम में बढ़ती बीमारियों के प्रकोप को नियंत्रण में रखने हेतु पशु चिकित्सकों द्वारा अभियान चलाया गया इस दौरान गांव वालों को बचाव के दिशा निर्देश बताए गए मुख्य रूप से उपस्थित रहे सुजीत कुमार अंकित कुमार पुष्पेंद्र रेनू गौतम आदि उपस्थित रहे**

## अवैध कब्जा व बिजली समस्या को लेकर किसान यूनियन ने.दिया ज्ञापन



दैनिक पहल टुडे नफीस अहमद हरदोई

बिलग्राम ॥ भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने. तहसील प्रांगण मे मासिक पँचायत कर उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा ।

जिलाध्यक्ष राजबहादुर यादव की अध्यक्षता मे आयोजित हुई किसान पँचायत को संबोधित करते हुए राजबहादुर यादव नें कहा कि किसानों की एकता से ही संगठन द्वारा समस्याएं लगातार उठाई जा रही हैं इस क्रम मे तीन सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपते हुए उन्होने समजल पुर गांव मे किसानों की भूमि से कब्जा हटाए जानें और.तरौली गांव मे मार्ग पर पालतू मवेशियों से हो रही दिक्कतों का मामला उठाया ।

बिलग्राम क्षेत्र की विद्युत समस्या और.धुआंधार कटौती का विरोध भी ज्ञापन मे उठाया गया ।इस दौरान बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे ।

## थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



पहल टुडे

अमेठी।जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15.07.2022 को उ0नि0 प्रेमचन्द्र गौतम थाना पीपरपुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वारण्टी/वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 98/22 धारा 147,149,304,504 भादवि में वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र कोरी पुत्र पूर्णमासी उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम खानापुर जनपद अमेठी को आसलदेव तिराहे के पास से समय करीब 10:25 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।थाना पीपरपुर द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## थाना रामगंज पुलिस द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी।जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15.07.2022 को उ0नि0 उमेश मिश्र थानाध्यक्ष रामगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 81/22 धारा 452,323,376,354क,506 भादवि व 3(1)द,ध व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त विपुल पाठक पुत्र दिनेश पाठक नि0 मोहनपुर रामचन्दरपुर थाना रामगंज जनपद अमेठी को ग्राम ढ़ेमा के पास से समय करीब 10:20 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।थाना रामगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## बरसात की पहली बारिश ने खोली विकास कार्यो की पोल

दैनिक पहल टुडे / अजय त्यागी नागल

सहारनपुर , नागल सावन महीने की पहली बारिश और कस्बा नागल की मेन मार्केट में जलभराव इतना ज्यादा हो गया कि राहगीरों को चलना ज्यादातर बच्चों और औरतों को चलने में कटाई का सामना करना पड़ा। बृहस्पतिवार को हुई पहली बरसात ने कस्बे के विकास कार्यों की पोल खोल दी।सड़क पर हुए जलभराव से हर कोई परेशान दिखा। बताते चलें कि मेन बाजार में काफी समय से पानी निकासी की समस्या बनी हुई है। जगह जगह पर पानी भरा हुआ है जिसका कोई स्थाई समाधान करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में परेड की ली गई सलामी

पहल टुडे



गोरीगंज अमेठी ।पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी0 द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाइन में क्वार्टरगार्द, परिवहन शाखा, स्टोर, कैश, मेस, बैरक आदि के साफ-सफाई व रख-रखाव का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन मैनेजर दूबे को साफ-सफाई हेतु व अन्य आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए । इस अवसर क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन मयंक द्विवेदी व अन्? अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे

## अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र एक कपूरी पुर गांव में बुधवार को दो माह पूर्व बेटे की मौत के गम में पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

पहल टुडे



अमेठी। जानकारी के अनुसार जय बहादुर सिंह निवासी कपूरी पुर थाना जगदीशपुर अमेठी खेती बाड़ी कर अपना जीवन यापन करते हैं बीते 18 मई को वह अपने सात वर्षीय पुत्र युवराज सिंह की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत बिगड़ते देख चिकित्सकों ने उसे अन्य जगह दिखाने को कहा तो उसने उसे जगदीशपुर के प्राईवेट राधेश्याम सत्य प्रकाश हास्पिटल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई जहां उन्होंने चिकित्सकों पर गलत तरीके से हुए इलाज को अपने पुत्र की मौत का कारण बताया ।उसी के चलते जयबहादुर सिंह आये दिन गमजदा रहने लगा शुक्रवार 15 जुलाई को दिन के समय गमगीन होकर जयबहादुर सिंह ने फांसी लगाकर जान दे दी।

वहीं घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है मृतक जयबहादुर सिंह पुत्र राम उजागिर सिह चार भाईयो में से दूसरे नं पर था जिसकी दो संतानें थी जिसमें युवराज सिंह की मौत हो चुकी थी अब वह अपने पीछे छोटा पुत्र दीपराज सिंह और पत्नी कल्पना सिंह को छोड़ गया है वहीं अपने परिवार का सहारा था उसके जाने के बाद उनके भरण पोषण कौन करेगा यह सवाल बना हुआ है। इस सम्बन्ध में जगदीशपुर इंस्पेक्टर अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा जानकारी मिली है अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी

## तिलोई राजभवन में राज्यमंत्री मयंकेशवर शरण सिंह से मिलकर प्रकट किया शोक

# अमेठी पहुंचे सांसद बृज भूषण शरण सिंह

पहल टुडे

तिलोई अमेठी। गोंडा जिले कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह अमेठी के तिलोई राज भवन पहुंचे।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री व अमेठी जिले के तिलोई विधानसभा के विधायक मयंकेशवर शरण सिंह से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया।राज्यमंत्री के छोटे भाई का लंबी बीमारी के बाद बीते 6 जुलाई को लखनऊ के रऋढऋक में निधन हो गया था। विधायक के भाई के निधन की खबर सुनकर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक उसके बाद मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शोक संवेदना देने विधायक के घर पहुंच चुके हैं।



### 6 जुलाई को हुआ था निधन

आपको बता दें कि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह के छोटे भाई अभिषेकशरण सिंह उर्फ लाल बाबा का बीती 6 जुलाई बुधवार देर रात लखनऊ के रऋढऋक हास्पिटल में निधन हो गया है।लाल बाबा बीते कई वर्षों से लीवर की बीमारी से पीड़ित थे। वर्ष 2012 में लाल बाबा का लीवर ट्रांसप्लांट हुआ था।जिसके बाद से वह लगातार लीवर सम्बंधित बीमारी से परेशान रहते थे। जिसका इलाज रऋढऋक हॉस्पिटल में लंबे समय से चल रहा था। लीवर की बीमारी के चलते वह अन्य कई बीमारियों से भी ग्रसित थे।लाल बाबा के निधन से पूरे तिलोई क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बीती 6 जुलाई की देर रात उनका पार्थिव शरीर तिलोई स्थित उनके आवास राजभवन पहुंचा। जिनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को पूरे रीति-रेवाज के अनुसार तिलोई में किया गया।

### कल आये थे स्वतंत्र देव सिंह

राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के भाई के निधन के बाद से लगातार पार्टी के पदाधिकारीयों का आना-जाना जारी हैं।विधायक के भाई खबर सुन 7 जुलाई को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक उनके आवास पर पहुंचे और अंत्येष्टि में भी शामिल हुए।बीती 14 जुलाई को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भी विधायक के आवास पहुंच उनको शोक संवेदना दी थी।इसी कड़ी में आज कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह विधायक को शोक संवेदना देने उनके आवास पर पहुंचे।

## सुरक्षा के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पैदल गश्त व चेकिंग की गई



पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई

रायबरेली। 14 जुलाई 2022 को पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा थाना मिलएरिया पुलिस टीम के साथ थानाक्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहों/कस्बों/सार्वजनिक स्थानों पर आमजन से संवाद स्थापित करते हुये पैदल गश्त/चेकिंग की गयी। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष तथा चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस टीम के साथ सर्किल/थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख चौराहों/ तिराहों/ कस्बों/ सरार्फा मार्केट/बाजार/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर भ्रमणशील रहकर पैदल गश्त/चेकिंग की जा रही है। साथ ही जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों में बैरियर/पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

# आज का दिन विश्व युवा कौशल दिवस के तौर पर मनाया जाता, जानें इसका महत्व

पहल टुडे /मंडल ब्यूरो चीफ ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी




मथुरा।फरह ब्लॉक के दीनदयाल धाम पर विश्व युवा कौशल दिवस का मुख्य उद्देश्य युवा कौशल विकास के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समाज के साथ देश में भी योगदान करने का मौका देता है। जानेंगे इस दिन से जुड़ी कुछ और खास बातें।मथुरा।आज का दिन युवाओं के लिए बहुत ही मायने रखता है क्योंकि इसे विश्व युथ स्किल्ड डे के रूप में पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। तरह-तरह की स्किल्स के बारे में बात की जाती है उनको आगे बढ़ाने की योजनाओं पर विचार होता है और इससे रोजगार के भी अवसर बढ़ते हैं। दुर्भाग्यवश आज के समय में ज्यादा युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। रोजगार के इतने सीमित अवसर है कि स्किल्ड होने के बावजूद उन्हें कम पैसे वाली नौकरी से गुजारा करना पड़ता है। इन्हीं परिस्थितियों से वाकिफ कराने के उद्देश्य से हर साल 15 जुलाई को दुनियाभर में वर्ल्ड यूथ स्किल डे मनाया जाता है।बच्चे हमारे देश का भविष्य है, ये लाइन कई बार आपने सुनी होगी लेकिन क्या वाकई उनके पास इतने अधिकार और सुविधाएं हैं जो वो हमारा फ्यूचर अच्छा बना सके। इसका जवाब दे पाना मुश्किल है। आज भी ऐसे कई युवा हैं जिनके पास शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी चीजें भी नहीं हैं। इस स्थिति को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने 2014 में, हर साल 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस मनाने का फैसला किया। तब से लेकर अभी तक हर साल इस दिन को सेलिब्रेट किया जाता है। आमतौर पर इस दिन तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता है लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इस बार वर्चुअल इवेंट्स ही किए जा रहे हैं।विश्व युवा कौशल दिवस का उद्देश्यइसका मकसद दुनियाभर के युवाओं में तरह-तरह की कौशलता को बढावा देना हैं, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर मिल सकें और वो अपनी स्किल की बदौलत अच्छा जीवनयापन कर सकें।

### विश्व युवा कौशल दिवस 2022 की थीम

साल 2022 में विश्व युवा कौशल दिवस (हरऊ) की थीम है हर बार इसकी अलग थीम निर्धारित की जाती है और उस पर पूरे साल काम किया जाता है। इस अवसर पर महेंद्र शर्मा क्षेत्र प्रचारक पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूरन डावर जी, डॉ चंद्रशेखर जी, बृजेश यादव, मुकेश शर्मा जी, दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल जी, शिव शंकर शर्मा जी, डॉ. हरिराम भदोरिया जी, डॉ अनुराग शर्मा, अतुल जी, नितिन वहल जी, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी जी, कमल कौशिक जी, रनवीर जी, सुरेश चंद शर्मा उदयभान सिंह राज्य मंत्री, राजवीर जी, दीपक अग्रवाल लघु उद्योग भारती, नितिन अग्रवाल, ज्ञानेंद्र गौड संपर्क प्रमुख विहिप, गोपाल राठी, आदि लोग मौजूद रहे।

## फास्ट ट्रैक

### जन शक्ति से जल शक्ति बनेगा सीडीओ

**हापूड** जिलाधिकारी मेधा रूपम व मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा सिंह की कोशिश है कि जन शक्ति से हापुड़ जल शक्ति बने। जल संरक्षण सप्ताह एक जन आंदोलन बने और सभी के सहयोग से हापुड़ जल संरक्षण, जल संभरण के मामले में पूरे प्रदेश के लिए एक मिशाल बने। दोनो अधिकारियों की मंशा के अनुरूप जल संरक्षण को एक नया आयाम देने के लिए सभी विभाग सक्रिय हो गए हैं। पंचायती राज विभागः जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि भूजल सप्ताह को सफल बनाने के लिए सभी ग्राम पंचायतों के लिए एक सप्ताह की कार्य योजना जारी कर दी गई है। कार्य योजना के अनुरूप ग्राम पंचायतों में लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए निर्देश सभी सहायक विकास अधिकारियों पंचायत व ग्राम पंचायत सचिवों को दिए गए हैं। कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए कहा गया है ताकि जल संरक्षण एक अभियान का रूप ले सके। कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायतों में शनिवार को रैली से इसकी शुरूआत की जाएगी। रैली में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और ग्राम पंचायत सदस्यों के अलावा आम लोग भी शिरकत करेंगे। ग्राम पंचायतों के लिए पूरे सप्ताह का कार्यक्रम जारी किया गया है। इसमें जल संरक्षण, जल समभरण, जल दोहन, जल प्रदूषण और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा की जाएगी। इस सप्ताह के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर जल योद्धा की पहचान की जाएगी। जो अच्छा कार्य करेगा उसे ही जल योद्धा घोषित किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव की होगी। सप्ताह के अंतिम दिन ग्राम पंचायतों को जल के मामले में समृद्ध बनाने के लिए आगे की रणनीति बनाई जाएगी। लघु सिंचाई, भूगर्भ जल विभागः इन दोनो विभागों की ओर से पूरे सप्ताह के लिए कार्य योजना बनाई गई है। लघु सिंचाई के अधिशासी अभियंता संजय कुमार ने बताया कि भूजल सप्ताह की शुरूआत विकास भवन में गोष्ठी से होगी। इसके बाद विकास खंडों में अगले दिन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में नलकूपो, तालाबों, पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से जल संरक्षण के लिए नुक्कड़ नाटक, नाटक, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा सिंह ने सभी विभागों को जल संरक्षण सप्ताह के लिए प्रेरित किया है

### तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से एक की मौत अन्य घायल

**भिटौली, महरजगंज** कोतवाली थाना अंतर्गत भिटौली पुलिस चौकी के निकट भिटौली चौराहे की महिलाएं उमस भरी गर्मी से परेशान होकर रात में पुल की तरफ टहलने जा रही थी कि अचानक तेज गति से आ रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर महिलाओं को ठोकर मार दिया।जिसमें चार महिलाएं और एक बच्चा बुरी तरह से घायल हो गए। आनन-फानन में परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें छोटे चाय (भण्डारी) (उमेश राजभर) की पत्नी उर्मिला देवी उम्र 35 वर्ष का का इलाज के दौरान मार्ग दुर्घटना में मौत हो गया तथा उनके साथ टलने गई अरुणिमा पाण्डेय पत्नी गोरखनाथ पाण्डेय उम्र-33 वर्ष, फुला देवी पत्नी संतोष उम्र-38 वर्ष, गुड्डी देवी पत्नी राधेश्याम उम्र-50 वर्ष, अमितेश पुत्र उमेश उम्र-11 वर्ष घायल हो गए हैं। उक्त घटना से परिवार में चीख-पुकार के साथ शोक व्याप्त है। खबर लिखे जाने तक पुलिस तहकीकात कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अवैध देसी शराब के 20 पव्वे के साथ युवक गिरफ्तार




**बहादुरगढ़** थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया अपराध की रोकथाम एवं अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने एक शातिर अवैध शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, जिस ने पूछताछ में अपना नाम वीरपाल पुत्र हाउस अरूप निवासी सदरपुर थाना बहादुरगढ़ बताया जिसके कब्जे से 20 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद किया गया जिसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करें न्यायालय पेश किया गया न्यायालय के आदेश को जेल भेज दिया गया

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की हुई मौत परिवारी जनों ने शव लेकर किया प्रदर्शन

**परिवार का आरोप शराब पीने से हुई मौत, पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप।**

पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई



बछरावा रायबरेली।स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत के टेरा बरौला गांव में 13 जुलाई को कच्ची जहरीली शराब पीने से हुई मौत परिवार में मचा कोहराम। ज्ञात हो कि परिवार व ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव का ही मेडी लाल कई वर्षों से कच्ची शराब का अवैध कारोबार कर रहा है। गांव के रामचरण उर्फ कल्लू को जहरीली कच्ची शराब पिलाने से हालत बिगड़ गई। परिवारी जन आनन फानन चिकित्सा के लिए ले गए। चिकित्सा के दौरान कल्लू की मौत हो गई। मौत होने पर परिवारी जनों ने थाने में आकर तहरीर दी तो बछरावा थाना प्रभारी ने कहा कि शराब पीने से मौत नहीं हुई है पिपरमिंट तेल पीने से मौत हुई है। परिवारी जनों का आरोप है कि थाना से दुत्कार कर भगा दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ग्रामीणों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है पोस्टमार्टम के उपरांत शव को गांव के बाहर सड़क पर रखकर घंटों प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी राम किशोर सिंह कोतवाल जगदीश यादव सहित भारी पुलिसबल ने कार्यवाही का आश्वासन दिया बाद मे ग्रामीण व परिवारीजन लाश को जलाने को राजी हुए और उनकी मांग थी कि परिवारी जनों को आर्थिक लाभ दिलाया जाए तथा कच्ची शराब के विक्रेता को जहरीली शराब पिलाने से हुई मौत पर मुकदमा लिख कर कार्यवाही की जाए वही ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का एसआई नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा खुलेआम कच्ची शराब का अवैध कारोबार माहवारी लेकर चलाया जा रहा है। इसकी रोक लगाई जाए साथ ही तत्काल नरेंद्र सिंह तोमर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करा कर वहां से हटाया जाए। क्योंकि नरेंद्र सिंह तोमर शराब बेचने वालों को संरक्षण देते हैं अब सवाल उठता है कि क्या पुलिस के आला अधिकारी इस एसएचओ को वहां से हटाकर कार्यवाही करते हैं या शराब माफिया को संरक्षण देकर महराजगंज क्षेत्र मे होने वाली मौतों की? तरह इंतजार करेंगे। पुलिस के अनुसार मेंथा आयल पीने से वृद्ध की मौत हुई है। फिलहाल ग्रामीण व परिवारी जनों के आरोपों मे कितनी सत्यता है यह जांच का विषय है। या पुलिस को छुपाने का प्रयास कर रही है।

## तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आमने-सामने टकराई एक की मौत, दो जिला अस्पताल रेफर

लालगंज रायबरेली।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हाजी के पुरवा गांव के पास तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों मे आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें से एक मोटरसाइकिल सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वही दूसरे मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए 108 एंबुलेंस के द्वारा लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया वही हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है श्रवण कुमार दीक्षित जो कि चकपंचम गांव के रहने वाले हैं और डलमऊ सीएससी में नौकरी करते हैं सुबह अपने घर से ड्यूटी करने जा रहे थे तभी हादसे के शिकार हो गए हैं वही दूसरे बाइक सवार रामस्वरूप यादव पूरे काली बेलहनी गांव के रहने वाले हैं जिन का इलाज रायबरेली जिला अस्पताल में चल रहा है प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि श्रवण दीक्षित नाम के व्यक्ति का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

## दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल वीडियो वायरल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई

रायबरेली। उत्तरप्रदेश की योगी सरकार लगातार अपराधियों के खिलाफ मिशन चलाकर जेल में डालने का कार्य कर रही है। प्रदेश में किसी प्रकार की अराजकता ना फैले इसके लिए अपने मातहतों को सख्त निर्देश दे रखा है। लेकिन कुछ दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद है कि उन्हें सरकार व पुलिस का कोई भय नजर नहीं आ रहा है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के किला बाजार का है। जहां 17 वर्षीय लड़का नूर आलम मोटरसाइकिल द्वारा कहीं काम से जा रहा था तभी कुछ दबंग लोगों द्वारा उस पर लाठी-डंडों व तमंचे की बट से हमला कर दिया जाता है। युवक जब तक कुछ समझ पाता तब तक दबंगों ने इस कदर पीटा कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लाठी डंडा व तमंचे के बट से मारने का लाइव सीसीटीवी वीडियो वायरल हो रहा है।



घटना गत दिवस की है वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस पूरी तरह दबंगों को खोजने में जुट गई। यह वीडियो शहर कोतवाली क्षेत्र के किला बाजार का बताया जा रहा है। युवक के साथ मारपीट क्यों हुई इसकी जानकारी नहीं हो पाई।वहीं बुद्धिजीवी वर्ग मानता है कि पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा क्राइम को पूरी तरह रोकने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद है कि पुलिस का भय नहीं रहा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सरार्फा व्यवसाइयों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - महेश कौशल

**सरार्फा एसोसिएशन रायबरेली का चुनाव सम्पन्न**

**महेश कौशल अध्यक्ष एवं राजेश सोनी महामन्त्री निर्वाचित**

पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई



रायबरेली। सरार्फा एसोसिएशन रायबरेली का निर्वाचन स्थानीय होटल गणेश में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु महेश कौशल, बृजेश सोनी, श्रवण कुमार सोनी, विवेक सोनी काशी ने नामांकन किया, जिसमें महेश कौशल को 53 वोट, बृजेश सोनी 21 वोट, श्रवण सोनी 20, विवेक सोनी काशी को मात्र 02 वोटों से संतोष करना पड़ा। सर्वसम्मति से महेश कौशल अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए तथा अन्य पदों के लिए भी निर्वाचन हुआ जिसमें महामन्त्री पद पर राजेश सोनी एवं कोषाध्यक्ष पद पर अमोल (सावंत) निर्वाचित हुए। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा, बृजेश सोनी, विवेक सोनी काशी, उमेश कुमार वर्मा, सोनी शारदा, मन्त्री पद पर अशोक सोनी, शिव भोला सोनी, राजन पटेल, अतुल सोनी, अंशू चौरसिया, संगठन मन्त्री पद पर गोविन्द गुप्ता, मनीष (बन्डू), निनेश पाटिल, शिवम सोनी (रज्जन), कुमार शिंदे सहित विधिक सलाहकार पद पर सुजीत सोनी एडवोकेट मनोनीत हुए।

नवनियुक्त अध्यक्ष महेश कौशल ने कहा कि सरार्फा व्यवसाइयों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरार्फा व्यवसाइयों को होने वाली समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन से भेंट की जाएगी।

नवनियुक्त कमेटी को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से कृष्णाकान्त त्रिपाठी, पप्पू त्रिवेदी, अखिलेश शर्मा, संतोष मिश्रा, फाना त्रिवेदी, अशोक मिश्रा, सुन्दर सोनी, मुकेश रस्तोगी, भौमेश स्वर्णकार, कमल श्रीवास्तव, प्रेम सोनी, दीपक श्रीवास्तव, राम किशोर सोनी, विशाल सोनी, गिरजाशंकर सोनी, प्रमोद वर्मा, पप्पू फरदू, मनीष सोनी, प्रकाश वर्मा, सत्यम वर्मा आदि लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

## राष्ट्रीय आपदा मोचन बल 11 ऊ टीम लखीमपुर खीरी द्वारा तहसील निघासन में CBP कार्यक्रम का आयोजन

पहल टुडे श्रवण कुमार सिंह

**निघासन-खीरी** ।राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी की ग्यारह डी टीम द्वारा उइढ कार्यक्रम का आयोजन निघासन तहसील परिसर के सभागार में एसडीएम निघासन की उपस्थिति में किया गया जिसमें एनडीआरएफ टीम के द्वारा सभी राजस्व कर्मचारियों एवम क्षेत्र के सभी आपदा मित्रों को आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।ग्यारह एन०डी०आर०एफ०टीम के टीम कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता एवम द्वितीय कमांडर उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह के कुशल दिशा निर्देशन में टीम के उपनिरीक्षक अजय सिंह एवम टीम के अन्य सदस्यों ने सभी उपस्थित आपदा मित्रों, लेखपालों, कानूनगो तथा अन्य उपस्थित कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के प्राकृतिक अथवा मानव जनित आपदा से निपटने के लिए, बाढ़ संबंधी बचाव कार्य के लिए, आगजनी की घटना होने पर बचाव, सर्पदंश से बचाव, पीड़ित को ऋइअड & उढफ देने का तरीका, नर्म ऊतक की चोटों का प्राथमिक उपचार, इंप्रोवाइज्ड तैरने वाले उपकरण तथा स्ट्रेचर बनाना, ब्लीडिंग को रोकने के तरीके इत्यादि सिखाये गए।इसके अतिरिक्त विभिन्न तरीकों एवम उपायों से पीड़ित की जान बचाने के बारे में तथा आपदा से होने वाली क्षति को कम से कम करने के उपायों को बखूबी डेमो देकर बताया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिस्क्यूवर के साथ ही साथ कई आपदा मित्रों तथा वॉलंटियर से उपायों को कराके तथा उपकरणों को बनवाकर सिखाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कुमार उपजिलाधिकारी ने अपने वक्तव्य के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद टीम का नेतृत्व कर रहे एन०डी०आर०एफ०के निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता ने बताया कि हमारे जीवन में विभिन्न प्रकार की समस्याएं एवम आपदाएं आती रहती हैं।जिनका सामना हमको करना होता हैं।खास तौर से इस क्षेत्र में बाढ़ की समस्या से हर साल बहुत लोग प्रभावित होते हैं।




## दरबार फुलसंदा में धूम-धाम से मनाया गया आषाढ़ पूनम गुरु पूजा पर्व

पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई



**बिजनौर (नहटौर)** एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा नाम से विख्यात दरबार फुलसंदा मे आषाढ़ पूनम गुरु पूजा पर्व का कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे से यज्ञ के साथ आरम्भ किया गया। तत्पश्चात सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालों के आशीर्वाद से बाबा के अनुनायी लाभान्वित हुए। स्थल दरबार में भारी संख्या में अनुयायियों का आगमन हुआ। पूनम गुरु पूजा पर्व पर दरबार फुलसंदा मे लाखों की संख्या मे बाबा के अनुयायी आये और साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा के आयोजन स्थल पर आते ही पूरा आयोजन स्थल एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा के जयकारे से गूंज उठा। वही भाजपा से मौजूदा विधायक ओम कुमार व उनकी पत्नी ने बाबा का आशीर्वाद लिया वही बाबा ने अपने प्रवचन में कहा कि परमेश्वर के अलावा कोई दूसरा पूजा व आराधना के योग्य नहीं है। पूजा के योग्य वहीं हैं जिसकी आराधना सभी देवी-देवता, पितृ गण आत्मा के उजाले में कर रहे हैं। इस बात को गहराई से समझना पड़ेगा। बाबा ने कहा कि सारे जहांन मे हिंदुस्तान ही देवताओं की पुण्य भूमि है। वेदों की उदगम स्थली है।

## सत्ताधारी पार्टी से टिकट पाने के लिए तमाम प्रत्याशी लगा रहे चक्कर

# नगर पंचायत चुनाव की बिसात लगी बिछने

पहल टुडे नरोत्तम लाल

**सिंगाही-खीरी**। विधानसभा व विधान परिषद का चुनाव संपन्न होने के साथ ही अब नगर निकाय चुनाव की बिसात बिछने लगी है। प्रदेश में नवंबर या दिसंबर तक निकाय चुनाव होना प्रस्तावित है। सभासद व नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों ने जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं।वे शादी समारोह के अलावा गमी आदि जैसे खास मौकों पर लोगों के घरों पर दस्तक देने लगे हैं।सत्ताधारी पार्टी भाजपा से चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की संख्या सबसे अधिक है।सिंगाही नगर पंचायत में इसी साल नवम्बर माह में होने वाले नगर निकाय के चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। बताते चलें 2017 में भाजपा और सपा के बीच चुनावी कांटे की टक्कर रही है।लेकिन इस बार भाजपा ने विधानसभा दोबारा सत्ता हासिल करके प्रदेश में अपना दबदबा कायम किया है। सो इस बार अभी से भाजपा से नगर पंचायत के चेयरमैन और अन्य प्रतियाशी भी टिकट पाने के लिये प्रदेश के स्थानीय नेता से लेकर बड़े नेता लखनऊ से लेकर दिल्ली तक भाजपा नेताओं के पास लॉबिंग करने में लगें है।

### हाल-चाल जानने पहुंच रहे हैं दावेदार

नगर पंचायत का अगले कुछ महीनों में ही पांच साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। इसको लेकर नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजने लगा है।कस्बे में सभासद मोहल्लों में जाकर लोगों से हाल-चाल जानते हुए तैयारी कर रहे हैं।तो चेयरमैनी का चुनाव लड़ने वाले इस बार सीट कौन सी रहेगी ?इसके बारे में अभी से गुणाभाग करने में जुट गए हैं। कोई कह रहा है कि 2017 में सीट सामान्य थी तो इस बार ओबीसी या फिर आरक्षित हो सकती है।इन्हीं सब बिंदुओं के साथ चुनावी फिजा चलने लगी है। खास बात है कि विधानसभा व एमएलसी चुनाव के दौर में ही नगर निकाय चुनाव की शुरूआत हुई हैं।चुनावी नतीजे आने के बाद निकाय चुनाव की सरगर्मियां भी तेज होने लगेंगी।जिसमें में अध्यक्ष व वार्ड सदस्य का चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं।

### भाजपा की टिकट पाने के लिए सबसे अधिक उम्मीदवार लाइन में

नगर पंचायत के चुनाव के लिए अबकि बार बीजेपी से दावेदारों की संख्या अधिक होने से समीकरण भी बिगड़ सकते हैं।क्योंकि भाजपा में चुनाव के लिए सबसे ज्यादा उम्मीदवार चुनाव लड़ने की दौड़ में हैं।भाजपा की और से वर्तमान चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा व संगठन में अपनी पकड़ बना चुके अर्बन बैंक के संचालक सुनील बत्रा के साथ केंद्रीय गृहराज्य मंत्री व सांसद अजय कुमार मिश्र करीबी राहुल गुप्ता व विधायक के करीबी माने जाने वाले बाल कुमार वर्मा, जोगेंद्र शाक्य अनुसूचित जाति की सीट से टिकट पाने की दौड़ में हैं।हालांकि दूसरे दलों से नगर अध्यक्ष की दो बार पारी खेल चुके व जनता के दिलों पर राज करने वाले पूर्व चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम तो वाजिद हुसैन कांग्रेस से चुनाव लड़ने के लिए मन बना रहे हैं।

### इस बार नजर आ सकते हैं कई युवा चेहरे

नगर पंचायत की सभासद की 13 सीटों पर इस बार कई युवा चेहरे चुनावी मैदान में नजर आ सकते हैं।टिकट के लिए मशक्कत जारी है।भाजपा, कांग्रेस, सपा जैसी पार्टियों में लगभग हर वार्ड से टिकट के दावेदारों की संख्या आधा दर्जन से अधिक है।ऐसे में टिकट फाइनल करने में वरिष्ठ नेताओं के पसीने छूटेंगे।

## स्काउट,गाइड, रोवर एवं रेन्जर चार स्तर में प्रतियोगिता आयोजित

पहल टुडे

**बिजनौर :** डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड प्रादेशिक कार्यालय द्वारा प्रदेश स्तरीय वी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता विगत माह इलाहाबाद में कराई गई थी प्रतियोगिता स्काउट,गाइड, रोवर एवं रेन्जर चार स्तर में प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें राजकिय बालिका इंटर कॉलेज झालू की गाइड अलीना परवीन ने तीसरा स्थान प्राप्त कर जनपद बिजनौर का नाम रोशन करने का काम किया। अलीना परवीन ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल में भी जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सिनियर लिडर ट्रेनर सतपाल सिंह मलिक ने कहा कि वीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में अलीना परवीन का तीसरा स्थान हासिल कर जिला स्काउट गाइड संस्था बिजनौर के लिए गर्व की बात है।इस अवसर पर सिनियर लिडर ट्रेनर सतपाल सिंह मलिक जिला आयुक्त स्काउट ओमपाल सिंह जिला आयुक्त गाइड डॉक्टर निर्मल शर्मा आरजेपी प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल एवं डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह ने गाइड अलीना परवीन एवं उनके पिता लतीफ अहमद को बधाई दी।



## लाखों रुपयों की लागत से खरीदे गए मोबाइल शौचालय देख रेख न होने के कारण कबाड़ में हुए तब्दील



पहल टुडे / अनुराग मिश्रा उर्फ पवन

मिश्रित सीतापुर / नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य की ओर से बीते समय लाखों रुपयों की लागत से खरीदे गए मोबाइल शौचालयों की देख रेख व रख रखाव न होने के कारण कबाड़ में तब्दील हो गए है । ज्ञात हो कि महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि कस्बा मिश्रित में प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मांस में 84 कोसीय धार्मिक होली परिक्रमा मेला सम्पन्न होता है । जिसमें स्वच्छता की दृष्टि से दर्जनों मोबाइल शौचालयों की आवश्यकता पड़ती है ।इसी लिए नगर पालिका परिषद व्दारा बीते समय लाखों रुपयों की लागत से आधा दर्जन तक मोबाइल शौचालय खरीदे गए है । लेकिन पालिका के कर्मचारियों व्दारा इन शौचालयों की देख रेख व रख रखाव न रखने के कारण सभी मोबाइल शौचालय कबाड़ में तब्दील हो गए है । यह सभी मोबाइल शौचालय मेला मैदान की भूमि पर जल भराव में पड़े रहकर वर्षों से मरम्मत कराने की बाट जोह रहे है ।

## नवागत खंड विकास अधिकारी को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र देखकर की भेंट

मिश्रित सीतापुर / विकासखंड मिश्रित में तैनात खंडविकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह का स्थानांतरण हो जाने के कारण आज नवागत खंडविकास अधिकारी विकास कुमार सिंह ने कार्य भार ग्रहण कर लिया है । इस अवसर पर नवागत खंडविकास अधिकारी के स्वागत में ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय के प्रतिनिधि बबलू पांडेय ने नवागत खंडविकास अधिकारी को प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए खंड विकास कार्यालय में पदभार ग्रहण कराया । इस अवसर पर एडीओ पंचायत अमित चतुर्वेदी , ग्राम विकास अधिकारी रामचंद्र , रमाकांत , उमाकांत आदि सहित पंचायत विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।



फास्ट ट्रैक

## पी.डब्ल्यू.डी को आई सुधि कराया मंदिर रोड पर कार्य



पीडब्ल्यूडी के कार्य को लेकर सोशल मीडिया पर छाये लोग

पहल टुडे / मनोज रूगंटा

रुद्रपुर देवरिया दूधेश्वर नाथ नाथ वार्ड के मंदिर रोड की खस्ताहाल को लेकर नगर पंचायत से सोशल मीडिया पत्रकारों द्वारा उठाया गया सड़क की दुर्दशा पर आज सावन चढ़ने पर आनन-फानन में पीडब्ल्यूडी ने गिट्टी गिरा कर गड्ढों को पाटकर सड़क समतल बना रहा है जिसको लेकर सभी लोग सोशल मीडिया पर अपनी अपनी अपनी शेखी बघार रहे हैंमालूम हो कि वर्षों से सड़क खराब है जहां बरसात में दुर्गा मंदिर के सामने घुटनो पानी लग जाता है जिस पर नेता अधिकारी व जिम्मेदार आते जाते हैं जहां यूट्यूब सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित समाजसेवी में सड़क को ठीक कराने की माग करते रहे परंतु विभागीय अधिकारियों पर कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा था सावन चढ़ते हैं पीडब्ल्यूडी विभाग आनन-फानन में सड़क पर गिट्टी गिरा कर गड्ढे पाटते हुए सड़क को समतल बनायासवाल यह उठता है कि क्या अब बरसात का पानी नहीं लगेगा जब तक सड़क के दोनों तरफ पानी के निकासी के लिए टूटी नाली व नये नाली निर्माण नहीं होगा तब तक बरसात में ऐसे ही दुर्दशा का कारण बनेगा क्योंकि दोनों तरफ मकान ऊंचा है और सड़क नीचे है सड़क नीचे होने के कारण बरसात में घुटनों पानी लग जाता है नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि सड़क पीडब्ल्यूडी के अधीन आता था जहां पत्राचार किया गया था नगर पंचायत टूटी नाली का निर्माण कराकर पानी की निकासी की व्यवस्था करायेगी

## कैंप कार्यालय लक्ष्मीपुर में प्रमुख प्रतिनिधि जनता से होंगे मुखातिब

पहल टुडे / मनोज रूगंटा



रुद्रपुर देवरिया गौरी बाजार विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्व विजय निषाद आज अपने कैंप कार्यालय लक्ष्मीपुर में उपस्थित होकर जनता की समस्याओं से रूबरू होकर उनके समस्याओं का निस्तारण कराएंगे यह जानकारी प्रमुख प्रतिनिधि विश्वविजय ने देते हुए बताया कि कैंप कार्यालय में विकासखंड संबंधित अधिकारी कर्मचारी भी रहेंगे जहां हमारे क्षेत्र की जनता के छोटी-मोटी समस्याओं का तत्काल निस्तारण करा दिया जाएगा जिससे इस गर्मी में हमारे प्रिय जनता का पैसा व समय दोनों बचेगा

## ग्राम विकास अधिकारी पर लगा रिश्वत का गंभीर आरोप



पहल टुडे / कृष्ण मोहन मिश्रा राहुल

सीतापुर ।भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। सरकार विकास के तमाम दावे कर रही है ।इसी क्रम में देश की गरीब जनता की सुख सुविधा के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही हैं कपर तमाम दावों के इतर जमीनी हकीकत कुछ अलग ही कहानी बया कर रही है ।आम आदमी को अपनी दैनिक समस्याओं के समाधान के लिए इधर उधर चक्कर लगाने पड़ रहे हैं ऐसा ही प्रकरण ज़िला सीतापुर के सकरन ब्लॉक में संज्ञान में आया है जिसमें ग्राम पंचायत प्यारापुर निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार का संगीन आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री एवं ज़िलाधिकारी सीतापुर को एक शिकायती पत्र लिखा है जिसमें आरोप लगाया है कि पीड़ित से ग्राम विकास अधिकारी ने काम के बदले रिश्वत की माँग की लेकिन जब पीड़ित ने रिश्वत देने से इनकार किया तो उक्त अधिकारी ने पीड़ित को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए जाति सूचक गालियाँ देकर भगा दिया।

आपको बताते चले की पीड़ित राम आसरे पुत्र भिक्खू निवासी ग्राम फारम पुरवा मजरा बरियारी विकास खंड सकरन तहसील लहरपुर ज़िला सीतापुर का निवासी है जिसकी माता जी का आज से छह माह पूर्व देहांत हो गया था परिवार की मुखिया माता जी के होने के कारण अंत्योदय राशन कार्ड उन्ही के नाम था परंतु उनके देहांत के बाद राशन कार्ड के स्थानांतरण के लिए पीड़ित ने इससे सम्बंधित विभागों के कई चक्कर लगाए पर हर जगह निराशा ही हाथ लगी ।इसके बाद पीड़ित ने ग्राम विकास अधिकारी से मदद की गुहार लगाई जिन्होंने काम के बदले दाम योजना लागू करते हुए ?5000 की रिश्वत की पेशकश कर दी

पीड़ित दलित वर्ग से है तथा आर्थिक रूप से कमजोर है उसने इतनी बड़ी धनराशि देने में असमर्थता जताई जिससे अधिकारी महोदय आग बबूला हो उठे तथा पीड़ित को डाँट फटकार कर भगा दिया।ऐसे में सवाल यह उठता है कि जो योजनाएँ जरूरतमंद लोगों के लिए बनी है उन्हें ही उनका लाभ नहीं मिल रहा है यह अत्यंत चिंताजनक है।

यह प्रकरण शासन प्रशासन में बैठे लोगों की नियत पर भी कई सारे प्रश्न चिन्ह खड़े कर रहा है

## पंचायत मित्र पति शरद दिक्षित का मनाया गया धूमधाम से जन्मदिन

महोली सीतापुर विकास खण्ड पिसावा की ग्राम पकरिया पाण्डेय में चल रहे मनरेगा कार्य पर अपने पति शरद दिक्षित के साथ अंजू दीक्षित पहुंचकर समोसा वितरित करते हुए मनाया 42वां अपने पति का जन्मदिन मजदूरों में खुशी की लहर जमकर दी बधाई मजदूरों में दिखा पंचायत मित्र के प्रति प्रेम इस अवसर वार्ड संख्या 10 से क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्योति धीरज त्रिवेदी व काफी संख्या में मौजूद रहे ग्रामीण मनरेगा मजदूर जिन्होंने लंबी उम्र की दी शुभकामनाएं

## खराब हैंडपम्प हुए सही नगरपालिका परिषद लहरपुर



**लहरपुर सीतापुर** नगर पालिका परिषद लहरपुर विगत काफी समय से खराब पड़े दो इंडिया मार्का हैंडपम्पो पर ध्यान देते हुई उन्हें सही कराने का काम किया गन्नितोला बरमबाबा स्थान व एक अन्य बीते शक्रवार को सही किया गया जो पावन पवित्र श्रावण माह को लेकर बेहद जरूरी था जहाँ अब श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण कर सकेंगे और दूर नही जाना पड़ेगा है वैसे जल के लिए श्रद्धालुओं को थोड़ी दूरी तय करनी पड़ती अब खराब पड़े हैंडपम्प पुनः सही हो जाने के बाद श्रद्धालुओ को कही न कही सुविधा जरूर मिली है

## भाई की बारात से पति संग वापस आयी युवती का शव गांव से बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला

पहल टुडे / सुनील वर्मा सदरपुर

**सदरपुर, (सीतापुर)** भाई की बारात से पति संग वापस आयी युवती का शव गांव से बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। परिजनों के घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दहेज न मिलने पर हत्या किए जाने का केस दर्ज किया है। सदरपुर थानाक्षेत्र में ग्राम रमद्वारी निवासी अब्दुल हमीफ ने अपनी पुत्री साजिमा (22) की शादी बिसवां कोतवाली क्षेत्र के चंदन महमूदपुर निवासी मुजम्मिल पुत्र पुत्ता से एक जून 2020 को इस्लाम की रीति-रिवाज के मुताबिक की थी। बताया जाता है कि शादी में कम दहेज लाने की बात को लेकर छह माह पूर्व ही दोनों में काफी विवाद हुआ था। मामला बिसवां कोतवाली पहुंचा था जहां सुलह-समझौता हो गया था।14 जुलाई को साजिमा के भाई मुन्ना की शादी थी। निमंत्रण मिलने पर साजिमा का पति मुजम्मिल उसे लेकर रमद्वारी गांव आया था। साजिमा को लेकर मुजम्मिल उसके भाई की बारात में शामिल होने बाराबंकी जनपद के गौरा गांव गया था। वहां से वापस आकर रात में घर पर आर्केस्ट्रा का प्रोग्राम था। रात करीब 12 बजे के बाद साजिमा व मुजम्मिल लापता हो गए। परिजनों ने दोनों को घर में न पाकर खोजबीन शुरू की तो गांव से बाहर रमद्वारी-बलसिंहपुर गांव के बीच मे मुबारक व भोले के खेत की मेंड़ पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे। घटना की जानकारी परिजनों ने 112 डायल कर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सदरपुर प्रदीप सिंह मयफोर्स मौके पर जा पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस ने मृतका के बड़े भाई अब्दुल कलाम की तहरीर पर पति मुजम्मिल के खिलाफ 304बी, डीपी एक्ट के तहत केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कांवर यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने लिया जायजा

पहल टूडे /मनीष पाठक



लहरपुर/ सीतापुर सावन माह के शुरू होते ही प्रशासन कांवर यात्रियों की व्यवस्थाओं को लेकर अलर्ट मोड पर व्यवस्थाओं में व्यस्त, आगामी 5 अगस्त को जनपद के सम्मानित संत श्री त्यागी जी बाबा व हजारों भक्त रतनगंज से जल लेकर छोटी काशी के नाम से मशहूर पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी के गोला गोकरण नाथ में स्थित भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गुजरेंगे। जिसकी व्यापक तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन गुरुवार को अलर्ट मोड पर दिखा।जबकि स्थानीय प्रशासन उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्र द्वारा इस महत्वपूर्ण कावड़ यात्रा को लेकर संभ्रांत नागरिकों के साथ कई बार बैठक की जा चुकी हैं।गुरुवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान भारी प्रशासनिक अमले के साथ कावड़ यात्रा को लेकर हो रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए लहरपुर तहसील पहुंचकर सर्वप्रथम लखीमपुर मार्ग पर लखीमपुर बॉर्डर तक निरीक्षण किया उसके बाद उनका काफिला नगर के खेमकरण इंटर कॉलेज में पहुंच कर शिव शक्ति सनातन सेवा समिति जो त्यागी बाबा व लगभग 50000 कांवरियों के भंडारे व विश्राम का प्रबंध करते हैं। जहां पर शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के संरक्षक अरुण सिंह आचार्य, पंकज शुक्ला व सचिव आशीष शुक्ला, घनश्याम लाल शुक्ला से विभिन्न बिंदुओं की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का काफिला तहसील क्षेत्र के मतुआ तंबौर होते हुए रतनगंज की ओर रवाना हो गया।

## दो युवकों द्वारा नहाते समय युवती का वीडियो बनाकर वायरल की धमकी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

रुद्रपुर देवरिया रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया निवासी एक युवती की नहाते वक्त उक्त गांव के दो युवको ने वीडियो बनाकर उसे वायरल की धमकी देते हुए उससे बात करने व मिलने के ल लिए बुलाने लगे जहा युवती ने साहस का परिचय देते हुए यह वात परिजनों को वताते हुये पुलिस को सूचना दी जहां पुलिस पिड़ीत के तहरीर पर उक्त दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दियामिश्नौलिया निवासी पीड़ित युवती रूद्रपुर कोतवाली में तहरीर देकर कहा थी 6 जुलाई को सायं 5:00 बजे हम अपने दरवाजे पर नहा रही थी

## राजघाट से गोला बमबम भोला


पहल टूडे /अरुण शर्मा



पिसावां (सीतापुर) राजघाट से गोला बमबम भोला के नारों से गूंजा पिसावां गुरुवार की शाम तीन सौ कांवरियों का जत्थे का कस्बे में हुआ भव्य स्वागत इस बार राजघाट से गोला जलाभिषेक को जाने वाले कांवड़ियों के पैर घायल होंगे। क्योंकि सड़क चौड़ीकरण को लेकर सहुआपुर से पिसावां तक नुकीले पत्थर पड़े हैं पिसावां से चंद्रा तिराहे तक सड़क इतनी जर्जर है कि उस पर चलना आसान नहीं है। फिर भी कांवडियों की आस्था पर यह सड़क भारी पड़ रही है। प्रसाशन द्वारा कांवड़ियों की सहूलियत के लिये पिसावां में कोई भी उपाय नही किये गये। बताते चलें महोली इलाके के बड़ागावँ निवासी मोजम सिंह के नेतृत्व में यात्रा कर रहे कांवड़िया अनुज, रामकृष्णा बिपिन अमन शिवम ने बताया दर्जन भर गावों के तीन सौ कांवरियों का जत्था मंगलवार को हरदोई के राजघाट पहुचकर उसी दिन गंगाजल भर कर छोटी काशी गोला के लिये रवाना हुआ जो गुरुवार की शाम पिसावां पहुचा जहां घायल कांवड़ियों को देख लोग दंग रह गये नंगे पैर आये कांवड़ियों के पैरों में छाले पड़े थे कांवड़िया फास्टेड के लिये डॉक्टरों की दुकान तलाश कर रहे स्थानीय लोगों द्वारा कांवड़ियों को फास्टेड दिया गया कांवड़ियों ने बताया महोली मितौली होते हुये रविवार की शाम छोटी काशी गोला पहुचकर सोमवार को जलाभिषेक करेंगे।

## दबंगों ने किया प्राचीन मांगलिक कुंआ पर अवैध कब्जा मिलाया बाउन्ड्री खीच मकान के अन्दर

पहल टूडे / राकेश पाण्डेय



सीतापुर। जनपद में हरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने ग्रामवासियों के द्वारा कई वर्षों से मांगलिक तौर पर इस्तेमाल किए जा रहे कुंआ को एक व्यक्ति के द्वारा अतिक्रमित कर बाउन्ड्री करके अपने मकान के अन्दर मिला लेने के बाद कुयें का मांगलिक कार्य में प्रयोग होने से ग्राम वासियों को विरत/अलग कर दिया है।कुआं पर अतिक्रमण कर लिये जाने के बाद ग्रामीण अब इसमें का उपयोग मांगलिक कार्य में नहीं कर पा रहे हैं जिस कारण उनमें आक्रोश व्याप्त हो रहा है ।मामला विकास खंड हरगांव के ग्राम पट्टी कटेसर का है जो पारिवारिक विवाद का है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पट्टी कटेसर के अन्दर एक प्राचीन कुंआ है जिसे समस्त ग्राम वासी हिन्दू समाज मांगलिक कार्यों के समय पूजा पाठ में प्रयोग करते थे ।यह कुंआ कपिल कुमार, नीरज,पंकज व राधेश्याम तथा कुलदीप कुमार वर्मा पुत्र राम नाथ वर्मा के मध्य स्थित है ।जिसे अब कपिल कुमार आदि ने बाऊंड्री करके मकान के अन्दर कर लिया है। जिसके बाद से ग्रामवासियों के समस्त मांगलिक कार्य प्रभावित हो रहे है ।पीड़ित कुलदीप वर्मा ने बताया कि जब मैने लोगों के साथ इसका विरोध किया तो कपिल आदि लोगों ने अभद्र व्यवहार करके जान से मारने की धमकी दी। प्रकरण की शिकायत उच्चाधिकारियों से किए जाने के बावजूद उच्च अधिकारियों के स्तर से जनहित में कोई भी कार्यवाही नहीं की जिस कारण दबंगों के हौसले बुलंद हैं।

अब कुलदीप वर्मा ने जिला अधिकारी सीतापुर को ग्राम वासियों के संयुक्त हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## मानव जीवन के लिए वृक्षों का होना अतिआवश्यक है

## क्षेत्रीय सांसद ने क्षेत्र मे विकास कार्यों का किया लोकार्पण व जगह जगह वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया सन्देश

पहल टूडे / राकेश पाण्डेय



सीतापुर।विधानसभा क्षेत्र हरगांव के अन्तर्गत नगर पंचायत हरगांव की कान्हा गौशाला में क्षेत्रीय सांसद ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर सभी से इस पुनीत कार्य वृहद स्तर पर किए जाने की बात कही ।उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए वृक्षों का होना अतिआवश्यक है। सभी को वृक्षारोपण करके पौधों का पालन पोषण करके वृक्ष का रूप देकर समाज को नया जीवन देने का कार्य करना चाहिए ।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आदर्श नगर पंचायत हरगांव में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं धौरहरा सांसद श्रीमती रेखा अरूण वर्मा ने नगर पंचायत हरगांव में संचालित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। तथा गौशाला में संरक्षित पशुओं को हरा चारा खिलाया। सांसद ने गौशाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया। तत्पश्चात नगर पंचायत हरगांव में चल रहे निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही सांसद ने ग्राम सभा सलारपुर मे स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों से सावंद कर स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। वहां पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को क्षेत्रीय सांसद ने सराहा।इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की प्रदेश एवं केंद्र की सरकार शिक्षा पर काफी धन व्यय कर रही है। सरकार की मंशा है कि सभी पढ़ें और आगे बढ़े उन्होंने इस कार्यक्रम में मौजूद सभी जनों से अपने अपने बच्चों का प्रवेश नजदीकी सरकारी स्कूलों में अवश्य कराने की अपील की उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी स्कूलों में प्रशिक्षित एवं योग्य अध्यापकों की की नियुक्ति की जाती है। इसके बाद आगामी कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सभा महादेव अटरा मे क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों का लोकार्पण कियाव जन चौपाल मे नागरिको को सम्बोधित कर उनकी समस्याए सुनी ।हरगांव विधानसभा के ब्लॉक परसेंडी के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुराईपुर मे वृक्षारोपण व मिजार्पुर ग्राम सभा मे पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खण्ड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी परसेंडी काजल, हरगांव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष गफ्फार खाँ व नगर पंचायत हरगांव के अधिशाषी अधिकारी अरविन्द सिंह,नगर पंचायत हरगांव सभासद अशोक कुमार मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष संजय जायसवाल नामित सभासद, खण्ड शिक्षा अधिकारी भरत कुमार वर्मा, रामचन्द्र मिश्रा, देवेंद्र सिंह, सुबोध मा प्रधान प्रतिनिधि महादेव प्रधान प्रतिनिधि विष्णुपुर नत्था सिंह, मण्डल अध्यक्ष संजय जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रतिनिधि सुनील त्रिपाठी (बल्लू)सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनता मे विश्वास पैदा करके ही किया जा सकता है पुलिसिंग-रजनीश राय



पहल टुडे

संतकबीरनगर। दुधारा थाना क्षेत्र के पचपोखरी स्थित पुलिस चैकी पर नव नियुक्त चैकी प्रभारी रजनीश राय ने शुक्रवार को अपने स्टाफ के साथ बैठकर क्षेत्र के बारें मे विस्तृत जानकारी ली। उन्होने बी.पी.ओं. के आवंटित गांव तथा उनके द्वारा किये जा रहे वारंट की तामिला तथा प्रार्थना पत्रो की जांच एवं सम्मन तामिला के बारे विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होने अपने स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कराने का सशक्त माध्यम है। उन्होने कहा कि पुलिस को जनता के बीच विश्वास पैदा करना होगा तभी संभव है कि जनता पुलिस की भरपूर सहयोग करे। इस दौरान उन्होने कम्युनिटी पुलिसिंग को और बेहतर बनाने के लिए अपने स्टाफ के साथ विचार विमर्श किया तथा अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न हथकण्डो की जानकारी दी। उन्होने कहा कि पुलिस जनता की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होने कहा कि आप सभी जनता के बीच अच्छा व्यवहार करें, जिससे जनता आपका पूर्ण सहयोग करें।

## विधायक अनिल त्रिपाठी के प्रयास की भूरि-भूरि हो रही प्रसंशा



### मेंहदावल विधान सभा को मॉडल विधान सभा के रुप मे स्थापित करने का करुंगा काम-अनिल त्रिपाठी

पहल टुडे

संतकबीरनगर। मेंहदावल विधान सभा के विधायक अनिल त्रिपाठी के कार्यो का क्षेत्र में निरंतर सराहना की जा रही है। जबसे उन्हे जनता ने क्षेत्र की जिम्मेदारी सौपी है, वह क्षेत्र की सभी समस्याओं को लेकर आये दिन बड़े नेताओं से मिलकर समस्या का समाधान कराने का कार्य कर रहें। क्षेत्रीय विधायक ने शुक्रवार को जल शक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलकर कछार क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया। ज्ञापन मे लिखा है कि मेंहदावल विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बखिरा झील एक महत्वपूर्ण झील है, वर्षा काल मे अन्य कैंचमेंट एरिया से झील मे अत्यधिक पानी आने के कारण झील के पानी का निकासी राप्ती नदी में सहजनवां विधान सभा क्षेत्र के चोरमा रेगुलेटर के माध्यम से होता है। बाढ़ काल मे चोरमा रेगुलेटर के समस्त गेट को बंद कर दिया जाता है, जिससे सहजनवां व मेंहदावल विधान सभा क्षेत्र के हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो जाती है तथा सैकड़ो गांव की आबादी बुरी तरह प्रभावित होती है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए चोरमा रेगुलेटर के पास पम्प हाउस बनाकर इसमें पम्पो की स्थापना कर जल निकासी की व्यवस्था सीधे नदी में किया जाना चाहिए, जिससे जन समुदाय को उक्त बाढ़ की पानी से निजात मिलें।

## आईएचआईपी के तहत ए.एन.एम. को दिया गया प्रशिक्षण



बेलहर/संन्तकबीरनगर। सीएचसी बेलहर कलां में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों को शुरूआत में ही चिन्हित करने और पोर्टल पर फॉरवर्ड करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को अवगत कराया गया। बीपीएम आनंद कुमार मौर्या ने उपस्थिति ए.एन.एम.को प्रशिक्षण दिया और निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र बेलहर कला के ए.एन.एम.को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया वहां डॉक्टर बीपीएम आनंद कुमार मौर्य ने प्रशिक्षण दिया तथा बीमारी किन-किन लक्षणों के आधार पर मरीजों को चिन्हित करना है उसके बारें में बताया गया। आईएचआईपी पोर्टल प्रोरोफॉर्मा एस की फीडिंग कैसे होगी इस बारे में उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग इसके तहत गांव में जाकर सूचना एकत्र कर उन्ही के ग्राम पंचायत में नजदीकी हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर सुगर, टीबी, हाइपरटेंशन के मरीजों की जांच होती रहेंगी। रिपोटिंग के आधार पर बीमारी को रोकथाम के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

फास्ट ट्रैक

## चेकिंग के दौरान तस्कर गिरफ़्तार, अवैध गांजा बरामद



गाज़ियाबाद। थाना इंदिरापुरम पुलिस ने चेकिंग के दौरान गांव मकनपुर के तालाब के पास से एक तस्कर को गिरफ़्तार किया हैं। पुलिस को इसके पास से 110 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ हैं। वहीं, पुलिस को पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम राजू पुत्र ओम प्रकाश निवासी हाल थाना इंदिरापुरम गाज़ियाबाद बताया हैं। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह अवैध गांजे की बिक्री करके धन अर्जित किया करता हैं, जिससे अभियुक्त गण अपनी जीविका चलाता हैं। थाना इंदिरापुरम प्रभारी निरीक्षक मनीष बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि चेकिंग के दौरान अभियुक्त गण को उस समय गिरफ़्तार कर लिया गया जब वह अवैध गांजे की तस्करी हेतु थानाक्षेत्र में सक्रिय था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर दी हैं।

## प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार श्रीवास्तव ने युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

### विश्व युवा कौशल दिवस का हुआ आयोजन, मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को दिया गया प्रशस्ति पत्र

बेलहर/संतकबीरनगर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेहदावल में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा अच्छे अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों की जॉब्स तथा मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। विभिन्न ट्रेड के फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, ड्राफ्ट्समैन सिविल, कोपा, वेल्डर, पलंबर, हेल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर, आईसीटीएसएम, पेंटर जनरल आदि व्यवसाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले उत्तीर्ण हुए बच्चों को संस्थान में प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर बच्चों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रेम शंकर, राम अवध, राम गोपाल, नंद कुमार, संदीप कुमार गौड़, अजय प्रकाश यादव, अजय राना, संतोष कुमार शर्मा, अनिल कुमार चैरसिया, दीपक कुमार, अजीत कुमार, जय सिंह सोनकर, श्रीमती मधु सिंह मौर्या, महेश कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार उपाध्याय, मुनव्वर अली आदि उपस्थित रहे।

## लोक अदालत को लेकर जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों के साथ किया बैठक

संतकबीरनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार आगामी 13 अगस्त 2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित एवं प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण के लिए कार्ययोजना पर चर्चा के लिए जनपद न्यायधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक किया। न्यायिक अधिकारियों को न्यायालय में लंबित ऐसे वाद जो आपसी सुलह समझौते से निस्तारित किये जा सकते हैं उन्हे चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस/सम्मन प्रेषित किये जाने के लिए निर्देशित किया। न्यायालय में लंबित मामलों में सुलह योग्य फौजदारी मामले, दीवानी वाद, धारा 138 एन आई एक्ट के मामले, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से सम्बंधित मामले, अभिवाक सौदेबाजी के लिए दण्ड वाद, मोटर अधिनियम से सम्बंधित मामले चिन्हित कर अधिक से अधिक निस्तारित किये जाने की कार्ययोजना पर चर्चा कर जिला जज ने आवश्यक दिशानिर्देश दिया। उक्त आशय की जानकारी सचिव/न्यायिक अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीनाक्षी सोनकर ने दिया।

## कोविड संक्रमण से बचने के लिए प्रीकाशन डोज अवश्य लगवाएं-सीएमओ

### जिले में शुरू हुआ वयस्कों के लिए मुफ्त प्रीकाशन डोज का अभियान

### आगामी 75 दिनों तक सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों पर लगेगी प्रीकाशन डोज



पहल टुडे

संतकबीरनगर। कोविड संक्रमण से बचने के लिए चलाए जा रहे वैक्सीनेशन अभियान के अन्तर्गत 18 साल से उपर की आयु के लोगों के प्रीकाशन डोज का शुभारंभ शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ अनिरुद्ध सिंह तथा सांसद प्रतिनिधि आनन्द त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि कोविड संक्रमण से बचने के लिए प्रीकाशन डोज आवश्यक है। इसलिए सभी लोग जिन्होने कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज लगवा ली है तथा इसके छरू महीने पूरे हो गए हैं वह प्रीकाशन डोज लगवा सकते हैं। उन्होने बताया कि यह अभियान आगामी 75 दिनों तक सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों पर चलेगा। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस रहमान, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एस डी ओझा, एसीएमओ वेक्टर बार्न डिजीज डॉ वीपी पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि आनन्द त्रिपाठी, जिला वैक्सीन मैनेजर ईविन यूएनडीपी सुशील कुमार मौर्या, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद के अधीक्षक डॉ राधेश्याम यादव, बीपीएम अभय त्रिपाठी, बीसीपीएम महेन्द्र त्रिपाठी, एएनएम इथिलेश यादव, प्रियंका, फार्मासिस्ट सत्यव्रत तिवारी, दिनेश कुमार, एलटी अरविन्द मिश्रा, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आर पी मौर्या के साथ ही साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

### कौन लगवा सकता है बूस्टर डोज

बूस्टर डोज 18 साल की आयु के उपर के वह सभी लोग लगवा सकते हैं जिनको कोविड टीकाकरण की दूसरी डोज लग गयी है और छरू महीने पूरे हो गए हैं। पहले यह टीका केवल सरकारी कर्मचारियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 साल के उपर की आयु के लोगों के साथ ही गंभीर बीमारियों से पीडित व्यक्तियों को ही सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों पर मुफ्त में लगाया जा रहा था।

## हिस्टीज्शीटर समेत आधे दर्जन लोगो के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा

मगहर/संतकबीरनगर। नगर पंचायत मगहर में जमीन के बैनामे के मामले को लेकर कोतवाली खलीलाबाद में कोर्ट के आदेश पर एक हिस्टीज्शीटर सहित छः व्यक्तियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। तो वहीं जालसाज बचाव करने में लग गये हैं। इस मुकदमें के बाद जमीन खरीद फरोख्त में लिप्त कारोबारियों में हड़कम्प मच गई। नगर के शेरपुर मुहल्ला निवासी मोहम्मद अब्दुल कादिर फैज पुत्र फैयाज अहमद सीजीएम न्यायालय जनपद संतकबीरनगर को जमीन के मामले को लेकर के 156(3) के तहत वाद दाखिल किया था। जिसमें लिखा था कि प्रार्थी मगहर खास के गाटा संख्या 778 क के सह खातेदार हैं। स्वर्गीय मोईज अहमद पुत्र अब्दुल गफ्फार दिनांक 25 अप्रैल 2008 को गाटा संख्या 778 क व 778ग में से अपना संपूर्ण हक व हिस्सा शाहीन फातमा पत्नी अब्दुल हक खलीलाबाद को बैनामा कर दिया था जो काबिज है। खतौनी पर मोईज अहमद नाम चला आ रहा है। मोईज अहमद की मृत्यु के बाद उनके पुत्र बिलाल अहमद ने दोबारा उक्त आराजी न. का संपूर्ण अंश बैनामा हिस्ट्रीसीटर खुर्शीद आलम व उनकी पत्नी रेशमा खातून निवासी चूड़ी फरोश को कर दिया।

## वृक्षारोपण पुनीत कार्य मे बढ़-चढ़ कर ले हिस्सा-मनोज कुमार



पहल टुडे

संतकबीरनगर। प्रभारी जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने वृहद पौधरोपण जन आन्दोलन के क्रम में उ0प्र0 प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन जनपद कार्यालय पर आम का पौधा रोपित कर पंचवटी की स्थापना किया। वृक्षा रोपण के दौरान प्रभारी जिलाधिकारी ने मौजूद लोगो को वृक्षारोपण की आवश्यकता एवं उपयोगिता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हम सब को वृक्षारोपण के पुनीत कार्य में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। जिससे हमारे आस-पास का वातावरण स्वच्छ एवं संतुलित रहेगा। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण के प्रति जनसामान्य को जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य, लीड बैंक मैनेजर, अध्यक्ष उ.प्र. प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अरविन्द पाठक, अध्यक्ष स्टेट बैंक औद्योगिक ब्रांन्च, सहित औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानो के मालिक एवं मैनेजर उपस्थित रहें।

## सड़क की पटरियों पर गिट्टी डाल ठेकेदार फरार

### छः माह से मोहियापुल घूरापाली सड़क का निर्माण कार्य ठप

### मेंहदावल विकास खंड के पूर्वी क्षेत्र की बदहाल सड़क का मामला



पहल टुडे

मेंहदावल/संतकबीरनगर। छः माह से सड़क की पटरियों पर गिट्टी डालकर ठेकेदार फरार हैं राहगीर परेशान हो रहे हैं। बरसात का मौसम शुरू हैं। ऐसे में यदि बरसात शुरू हुआ तो सडक पर आवागमन लोगो के लिए काफी कठिन होगा। लोगो ने सड़क निर्माण की मांग की हैं। मेंहदावल विकास खंड के पूर्वी क्षेत्र में स्थित मुहियापुल घूरापाली मार्ग का निर्माण वीते विधानसभा चुनाव से पूर्व शुरू हुआ था। चुनाव वितने के बाद ही इस सडक का निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप हो गया हैं। पटरियों पर जहां गिट्टी डाली गयी हैं वही कई स्थानों पर सड़क की खुदाई भी जेसीवी मशीन से कराया गया हैं। ठेकेदार फरवरी माह से ही काम बंद कर फरार बताया जा रहा हैं। करीब 20 किमी. लंबी इस सडक पर प्रतिदिन सैकड़ों लोग सफर करते हैं। कई स्कूली वाहन भी क्षेत्र के कई गांवों के छात्र-छात्राओं के वाहन से प्रतिदिन पढने के लिए मेंहदावल स्थित स्कूलों तक लाते हैं। सड़क निर्माण से लोगो में यह उम्मीद जगी थी कि जल्द ही बदहाल व गड्ढा युक्त सड़क से पूर्वी क्षेत्र के लोगो को निजात मिलेगा। लेकिन काम बंद होने के बाद लोगो में रोष व्याप्त हैं। बरसात का मौसम सर पर हैं। ऐसे में यदि वारिश शुरू हुई तो सडक पर यात्रा करना लोगो के लिए जोखिम भरा होगा। क्षेत्रीय निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र पाठक, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र बहादुर सिंह, खगेश तिवारी, कृष्णा नंद तिवारी, जगदंबा तिवारी, मकसूदन तिवारी, श्याम करन यादव, जयप्रकाश यादव, लालचन्द्र चैधरी, शंभू यादव आदि लोगो ने जिला प्रशासन से सडक निर्माण शुरू कराने की मांग की हैं।

## अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में उद्यमी दिवस का किया गया आयोजन

संतकबीरनगर। उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में उद्यमी दिवस का आयोजन कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न औद्योगिक संगठनों एवं उद्यमियों से औद्योगिक समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा उनके समस्याओं का निराकरण किया गया। उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी घरों, कार्यालयों, शैक्षणिक, व्यावसायिक, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि में 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतन्त्रता सप्ताह के दौरान राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय झण्डे को फहराने का शासन ने निर्देश जारी किया है।

## विद्यालय प्रंगाण में लगा हैंड पम्प दे रहा दूषित पानी



पहल टुडे

बेलहर/संतकबीरनगर। विकास खण्ड बेलहर कलां क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनैतापुर में कम्पोजिट विद्यालय जहां 321 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है। विद्यालय परिसर में लगा दो सरकारी हैंड पंप दूषित पानी दे रहा है दूषित पानी पीने के लिए बच्चे मजबूर हैं। एक तरफ जहां शासन लोगों को स्वास्थ्य रहने के लिए शुद्ध पेयजल पीने का सलाह दे रही हैं, वहीं जिम्मेदार अधिकारियों के लापरवाही के चलते काम्पोजिट विद्यालय के बच्चे दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। सूत्रों की बातो को मानें तो हर बर्ष ग्राम पंचायतों में हैंडपंप रिबोर के नाम पर काफी रुपएं खर्च हो रहे है, लेकिन विद्यालय के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। क्षेत्र के अन्य विद्यालयों पर भी यही हाल देखने को मिला है। यहां तैनात प्रधानाचार्य अभिनव प्रताप सिंह से पूछें जाने पर उन्होंने बताया कि इस बारे लिखित शिकायत दिया गया था लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं मिला। हमारे द्वारा एक देसी हैंडपंप लगा कर किसी तरह काम चलाया जा रहा है। लेकिन दोपहर के समय लंच में बच्चों की भीड़ हो जाने से बच्चे सरकारी हैंड पंप पर भी जाते है। इस बारे में पूछे जाने पर खण्ड बिकास अधिकारी रामानंद वर्मा ने बताया कि अभी मै जल्द ही पदभार ग्रहण किया हूं हमें इस सम्बन्ध में जानकारी नहीं है जल्द ही हैंडपंप का रिबोर कराया जायेगा जिससे बच्चो को शुद्ध पेयजल मिल सके।

## बाढ़ की सुरक्षा को लेकर सरकार संकल्पित-गणेश चैहान

संतकबीरनगर। धनघटा विधान सभा क्षेत्र के विधायक गणेश चैहान ने शुक्रवार को क्षेत्र के एम.बी.डी. बांध तुर्कवलिया नायक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ से जन-जन की सुरक्षा को लेकर संकल्पित है। उन्होने कहा कि विधान सभा क्षेत्र के बस्ती जनपद सीमा से लेकर गोरखपुर तक बंधे का रिपेयरिंग कार्य लगातार जारी है।

## सूचना

**मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 4103586 है वास्तव में कही खो गया है। अब्दुल कदर पुत्र हविवुरहमान अंसारी ग्राम मोहिउद्दीन पुर खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।**

## डीआईओएस व माध्यमिक शिक्षक संघ के मध्य वार्ता संपन्न

### समीक्षा कर शिक्षक समस्याओं का त्वरित निस्तारण करूंगा-मन मोहन शर्मा

पहल टुडे

संतकबीरनगर। शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों व जिला विद्यालय निरीक्षक के मध्य वार्ता हुई। वार्ता के उपरांत जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा ने कहा कि शिक्षक समस्याओं की समीक्षा कर त्वरित निस्तारण करूंगा। किसी भी शिक्षक को कार्यालय स्तर से कठिनाई नहीं होने दी जाएगी। समय से वेतन भुगतान हमारी प्राथमिकता होगी। पटल सहायकों से आ रही कठिनाई को दूर करने के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक से वार्ता करूंगा। वार्ता दौरान जिलाध्यक्षध्मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने बताया की वर्ष 2018 से 2022 के उत्तर पुस्तिकाओं के बकाया पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया गया है। कार्यालय में चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति व एरियर की पत्रावलिया लंबित पड़ी हैं। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग से चयनित शिक्षकों के नवम्बर 2021 के बकाया एरियर का भुगतान नही हो पा रहा है। एनपीएस एकाउण्ट को अपडेट कराते हुए उसका पासबुक निर्गत कराया जाय तथा नए शिक्षकों का प्रान एकाउण्ट एलाट कराया जाय। उन्होंने बताया कि संतकबीर आचार्य रामविलास इण्टर कालेज मगहर के शिक्षक महेश्वर सिंह, प्रमोद कुमार गुप्ता, मोहम्मद दीन, जगतगुरू शंकराचार्य इण्टर कालेज मेंहदावल की शिक्षिका शिल्पी के चयन वेतनमान की पत्रावली स्वीकृत किया जाय। सीताराम इण्टर कालेज सिरसी के शिक्षक विंध्याचल सिंह का बकाया बोनस भुगतान किया जाय।

## जिला चिकित्सालय पुरुष में सीएमओ ने किया अभियान का शुभारम्भ

## अब 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को भी मुफ्त एहतियाती डोज

पहल टुडे/अजय बरया



ललितपुरःशुक्रवार को जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को कोविड टीके का एहतियाती डोज मुफ्त लगाने के अभियान की शुरूआत हो गयी। जिला चिकित्सालय पुरुष में सीएमओ ने अभियान का शुभारम्भ कियो आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद में 75 दिन यानि 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाकर सभी टीकाकरण केन्द्रों पर एहतियाती डोज लगाई जाएगी। केंद्र सरकार ने कोविड टीके की दूसरी डोज लगने के छह माह बाद ही एहतियाती डोज लगाए जाने का निर्णय लिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय भाले ने बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोग जिन्हें कोविशील्ड एवं कोवैक्सीन की दूसरी डोज लग चुकी है दूसरी डोज लगे छह माह हो चुके हैं, वह एहतियाती डोज अवश्य ले लें। 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को जिला अस्पताल पुरुष, रैन बसेरा में एहतियाती डोज लगाई गयी उन्होंने बताया कि शनिवार से सभी टीकाकरण स्थलों पर बूस्टर डोज लगाई जाएगी सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि टीकाकरण और कोविड प्रोटोकाल पालन से ही कोरोना संक्रमण से खुद के साथ परिवार और समुदाय को सुरक्षित किया जा सकता है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हुसैन खान ने बताया कि सरकार की घोषणा के अनुसार विशेष अभियान के तहत मुफ्त में प्रिकाशन डोज लगवाने के लिए 75 दिन का समय निर्धारित किया गया है। इसके तहत 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के 4 लाख 25 हजार 727 लोगों को प्रिकाशन डोज लगवाया जा सकेगा। इस समय जिले में कोविशील्ड के तीन लाख पचासी हजार तीन सौ पांच एवम चालीस हजार चार सौ बाइस प्रिकाशन डोज ड्यू है। जनपद के जिन लोगों की डेट ड्यू है, उनसे निवेदन है कि वह सरकारी कोविड 19 सत्रों पर जाकर डोज लगवा लें।

उन्होंने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक उसे पूर्ण करते हुए सफल बनाऐं उन्होंने बताया की एहतियाती डोज लगवाने के लिए दूसरी डोज लगने का प्रमाण पत्र साथ में लाएं ताकि इस प्रमाण पत्र से पहले कौन सी वैक्सीन लगी है और कितने महीने पहले लगी है, आसानी से पता चल जाएगो उन्होंने बताया कि इसके पहले 60 वर्ष के ऊपर वालों को ही निःशुल्क एहतियाती डोज लग रही थी अब 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को निःशुल्क एहतियाती डोज दी जाएगीनोडल अधिकारी नगर डॉ राजेश भारती ने बताया कि कोरोना की बूस्टर डोज अब 9 महीने की जगह 6 माह में ही लगवाई जा सकेगी। सरकार ने इसकी अवधि घटा दी है। वैक्सीनेशन के दो डोज बाद अब प्रीकॉशन या बूस्टर डोज लगवाई जा सकती है। बता दें कि 60 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों को पहले से ही मुफ्त में बूस्टर डोज लगाई जा रही है। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हुसैन खान, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ सुमित बघेल, नगरीय क्षेत्र के नोडल अधिकारी डॉ राजेश भारती, कम्युनिटी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ सौरभ सक्सेना एवम अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण कर मनाया समाजसेवी का जन्म दिवस



**वन चेतना पार्क में लगाये 51 पौधे**

बांदा। पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के मकसद से बुंदेलखंड के युवाओं में जागरूकता लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में बांदा में संचालित सामाजिक ग्रुप कोविड 19 के सदस्य जावेद खान ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शहर के वन चेतना पार्क में अपनी टीम के साथ 51 पौधे लगाए इस कार्यक्रम में मुख्य थी के रूप में पहुंचे सपा नेता हसनुद्दीन सिद्दीकी ने कार्यक्रम की सराहना की साथी समाज के लोगों से पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए ज्यादा ज्यादा से पेड़ लगाने की अपील की । विशिष्ट अतिथि शोभाराम कश्यप ने कहा कि हर इंसान अपनी जिंदगी में 21 पेड़ों की लकड़ी खर्च करता है और जिस दिन उसकी मौत होती है तो उज दिन भी एक पेड़ की लकड़ी खर्च होती है इस लिए हर इंसान को अपने जीवन मे कम से कम 25 पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए ।

# घर से चोरों ने उड़ाई नगदी व सामान



**चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना**

पहल टुडे

बबेरू/बांदा। कस्बे के अतर्रा रोड मे दो घरों को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों द्वारा घर मकान के पीछे से घर के अंदर घुस कर जेवरात व नगदी रुपए सहित अन्य सामान चोरी कर चंपत हो गए कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग किया।

जानकरी के अनुसार कस्बे के अतर्रा रोड नेता नगर घसिला तालाब निवासी मनीष कुमार पटेल पुत्र रामदेव पटेल कल रात्रि 14 जुलाई 2022 की रात को घर की छत में परिवार सहित सो रहे थे मध्य रात के बाद चोरों ने मकान के पीछे से घर के अंदर घुस कर कमरे में रखी अलमारी के लॉकर तोड़कर मेरी पत्नी का मंगलसूत्र हार जंजीर सोने की तथा पायल3जोड़ी बिछुयाचांदी के व कान के टॉप्स सोने की नगद रुपए 87000 रुपए चोरी कर ले गए जब सुबह नीद खुली तो देखा अलमारी खुली पड़ी है और सामान इधर-उधर पड़ा है और बोलेरो गाड़ी की चाबी आधार कार्ड पैन कार्ड व मेरी पत्नी के डिप्लोमा कार्ड दो घड़ी चोरी कर ले गये अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवालीपुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग किया है। कस्बे के नेता नगर घसिला तालाब में किराए के मकान में रह रहे महेंद्र कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय सीताराम निवासी सिरियाताला थाना मरका का निवासी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 14 जुलाई की रात को गेट फांदकर चोर अंदर घुस गए।और कमरे का ताला तोड़कर कमरे में घुस गए। कमरे के अंदर रखा बक्सा को तोड़कर 20000 नकद, जेवरात सोने की एक सेट बिजली ,दो मंगलसूत्र , दो सेट पायल चांदी की,हाफ पेटी चांदी की, बच्ची का लॉकेट सोने का और चांदी की पायल ,तीन सेट बिछिया चोरी कर ले गए।कोतवाली पहुंच कर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की। उधर कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार पाठक ने बताया दो घरों में चोरी की सूचना मिली और मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है

## अर्ध विक्षिप्त युवक ने फांसी लगाकर दी जान

पैलानी/बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के नरी गांव के जंगलों में बीती रात को अज्ञात कारणों के चलते 38 वर्षीय अर्ध विक्षिप्त युवक ने फांसी लगाकर जान दे दिया है।लोगों ने देखा तो जहाँ पर रहकर काम करता था उनको जानकारी दी।वही मृतक जिनके घर में काम करता था उन लोगों ने तुरंत ही स्थनीय पुलिस को जानकारी दी।वही जानकारी मिलने पर पहुँचे पैलानी थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति अपने सहयोगियों के साथ मे पहुँचकर शव को फंदे से उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना क्षेत्र के नरी गांव के पूर्व प्रधान महिपाल सिंह ने अपने घर के घरेलू कार्य तथा जानवरों व खेती बाड़ी के लिए 38 वर्षीय अर्ध विक्षिप्त को लेकर आए थे जिसका नाम बच्चन यादव था जो कि तब से उनका काम करता था।बीती रात को उनके घर खाना खा कर निकल गया था।

फास्ट ट्रैक

## क्षय रोग से ग्रसित 20 बच्चों को लायन्स क्लब द्वारा लिया गया गोद




एटा। लायन्स क्लब द्वारा क्षय रोग से ग्रसित 20 बच्चों को गोद लिया गया है। लायन्स क्लब द्वारा जी टी रोड स्थिति होटल एस.जे.डी मे क्षय रोगियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें क्लव द्वारा 20 मरीजों को गोद लिया गया व सबको पोषण समिग्री, जूस आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक लायन अनुज प्रताप सिंह ने बताया की लायन्स क्लब हर तरह से रोगियों के साथ खड़ी है। उनके शिक्षा, स्वास्थ्य जीविका से लेकर हर संभव मदद क्लब सदस्यों द्वारा दी जाएगी। वही जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजीव शर्मा ने सभी को क्षय रोग के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने बताया की इस रोग का इलाज पूर्णतः संभव है बस कुछ सावधानी बरती जाए व समय पे दवा ली जाए उन्होंने सरकार द्वारा क्षय रोगियों को दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे मे बताया। इस मौके पे लायन्स क्लब की उप मंडलाध्यक्ष लायन स्वाति माथुर का प्रथम बार एटा आगमन पर जोरदार स्वागत किया उन्होंने विश्व स्तर पर क्लब द्वारा किये जा रहे कार्यों को बताया। लायन्स क्लब के अध्यक्ष लायन स्वागत पचौरी ने सभी का आभार जताया, इस मौके पर देवेश पाल सिंह चौहान, डॉ अमन चौहान, आशीष चौहान, हिमांशु वर्मा, देव सोलंकी व महिला टीम से लायन प्रीती चौहान, राजकुमारी सीमा वर्ष्णेय, बबीता कुलश्रेष्ठ, लता सिंह, रितु शर्मा , प्रीति सिंघल, संगीता गुप्ता, रश्मि विज, प्रतिभा यादव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## सिद्धू मूसेवाला पर गाना किया रिलीज



नजीबाबाद। देहाती डिस्को फिल्म के धमाल के बाद वसीम कुरेशी ने किया सिद्धू मूसेवाला पर गाना किया रिलीज ।नजीबाबाद निवासी फिल्म प्रोड्यूसर, डायरेक्टर, कुरेशी फिल्म प्रोडक्शन के एमडी वसीम कुरेशी द्वारा पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसे वाला पर एक एल्बम रिलीज की है, इस सॉन्ग के जरिए सिद्धू मूसा वाला को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। देश में दुनिया भर में मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसा वाला की हत्या के बाद चारों तरफ रंज और गम का माहौल है ।इसी क्रम में कुरेशी फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले आज यह सॉन्ग रिलीज किया गया है ।इस सॉन्ग के जरिए कुरेशी फिल्म प्रोडक्शन ने अपनी श्रद्धांजलि भी दी है। फिल्मी दुनिया में आज अपनी अलग पहचान बनाने वाले नजीबाबाद निवासी वसीम कुरेशी ने सॉन्ग के रिलीज होने पर कहा कि इस सॉन्ग को बनाने वाली पूरी टीम ने काफी लगन व मेहनत से काम किया है।

## ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों की प्रक्रिया 16 जुलाई शुरू

**हापुड़** जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत मेधा रूपम ने राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश ( पंचायत एवं नगरीय निकाय ) की अधिसूचना के क्रम में बताया कि जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा उनके सदस्यों की वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जो मा0 न्यायालय स्थगनादेश से सम्बंधित न हो, के लिए समय सारिणी जारी की गयी है।

# दोस्त की दरियादिली पर कलेक्टर मेहरबान, आवाज के लिये वर्षों से तरस रहे थे कान

**दोस्ती की मिशाल देख कलेक्टर ने किया सम्मान!**

**दोस्ती का फर्ज इस तरह निभाया जाये,**

**अगर रहीम रहे भूखा तो राम से भी ना खाया जाय।**

पहल टुडे / राजीव शर्मा



बहराइच/ कुछ इसी तरह दोस्ती फिल्म की तर्ज पर बहराइच जिले में दो दोस्तों की अजब कहानी सामने आयी है। जिसमें एक दोस्त अपने जिगरी दोस्त के कानों में आवाज पहुंचाने के लिये पिछले कई वर्षों से परेशान था।जिसका मामला संज्ञान में आते ही बहराइच के जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने न सिर्फ दोनों दोस्तों की दोस्ती का सम्मान बढ़ाया बल्कि चंद घण्टों के भीतर ही स्वास्थ विभाग से कान की मशीन को उपलब्ध कराकर दोनों दोस्तों की दोस्ती का सम्मान बढ़ाया।

वहीं दो दोस्तों की दोस्ती की मिशाल देख जिलाधिकारी ने शायरी के साथ कुछ इस तरह दोस्ती का फलसफा बताया कि...

जीने की उसने हमे नई अदा दी है,
खुश रहने की उसने दुआ दी है,
ए खुदा उसको सारा जहाँ देना,
जिसने अपने दिल मे हमें जगह दी है !

ये कहानी है वैभव शुक्ला और अनुसूचित जाति से तालुख रखने वाले इंद्रदेव की दोस्ती से जुड़ी हुई है।

थाना विशेश्वरगंज के महारानी पुरवा के रहने वाले इंद्रदेव अत्यंत गरीब और अनसूचित जाति के हैं।जो सरकार की श्रेष्ठा योजना के तहत बुद्धा पब्लिक स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। इंद्रदेव के दोनों कान खराब हैं और सुनने की शक्ति नहीं है। जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अपने दोस्त के कानों में आवाज पहुंचाने के लिये उसका दोस्त गौरव शुक्ला पिछले कई सालों से दौड़ लगा रहा था।लेकिन जब मामला जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र के सामने पहुंचा तो उन्होंने इस मामले को काफी गंभीरता से लेते हुए तत्काल पीड़ित छात्र को कान की मशीन उपलब्ध करवाई, कान की मशीन लगते ही पूरी तरह से श्रवण शक्ति को खो चुके इंद्रदेव के कान में आवाज गूंजने लगी। और इंद्रदेव के चेहरे पर खुशी की लकीर नजर आयी।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे किसी संवेदनशील मामले में किसी की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। साथ कि इस प्रकरण की जांच कराई जाएगी कि आखिर इतने वर्षों से पीड़ित छात्र को कान की मशीन उपलब्ध कराने में क्यों लापरवाही बरती गयी।

## शौच के लिए घर से निकले दो भाई नहर में गिरे

अतर्रा ( बांदा )। घर से खेलने की बात कहकर निकले दो सगे भाई शौंच के बाद पानी लेते वक्त नहर में गिर गए। नहर के पास जानवर चरा रहे लोगों की नजर डूब रहे दोनों बच्चों पर पड गई जिन्होंने फौरन पानी में कूदकर दोनों को बाहर निकाला लेकिन अस्पताल लाते समय रास्ते में बड़े भाई की मौत हो गई जबकि छोटे बच्चे का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार बिसंडा थाना अंतर्गत ग्राम थनैल का मजरा सुकदेव का पुरवा निवासी प्रिंश 9 व अपने छोटे भाई कुलदीप 5 के साथ घर से खेलने की बात कहकर गुरुवार की दोपहर निकला था। कुछ देर बाद दोनों गांव के बाहर से निकले केन नहर में शौंच के बाद पानी लेने लगे,तभी बड़े प्रिंश का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिरकर डूबने लगा। बड़े भाई को डूबता देख कुलदीप भी नहर में कूदकर उसे बचाने का प्रयास करने लगा। पानी अधिक होने के कारण दोनों बच्चे नहर में डूब गए।आस पास जानवर चरा रहे लोगों ने जैसे ही बच्चों को डूबते हुए देखा तो उन्होंने पानी में कूदकर दोनों मासूमों को बाहर निकाला और घर वालों को सूचना दी। परिजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी अतर्रा ला रहे थे तभी बीच रास्ते में बड़े भाई प्रिंश की मौत हो गई।जिसे चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

## एसडीएम ने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**बंद मिला ताला भड़की एसडीएम**

पहल टुडे

बबेरु/बाँदा। बबेरु तहसील के मर्का के ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया हैं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल बंद पाया गया, इतना ही नहीं आंगनवाड़ी केंद्र में भी ताला लटका मिला। टीकाकरण कराने पहुंची महिलाओ की हालत देख एसडीएम काफी नाराज हुई, कहा होगी कार्यवाही ।

बबेरु तहसील क्षेत्र के ग्राम मरका के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी अनुराग पटेल को शिकायती पत्र दिया था कि, गांव में स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में एक डॉक्टर सहित तीन लोगों का स्टाफ नियुक्त है। लेकिन कई वर्षों से यह अस्पताल संचालित नहीं हो रहा है। जिससे मरीजों को दर-दर की ठोकरें खाना पड़ रहा है। जिससे झोलाछाप डॉक्टर मरीजो से जमकर वसूली कर रहे हैं। जिस पर जिला अधिकारी ने एसडीएम बबेरू सुरभि शर्मा को अपने स्तर से निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिया था। जिसमे एसडीएम ने शुक्रवार को मौके पर निरीक्षण किया, जहाँ राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल का ताला बंद मिला। साथ ही मातृ शिशु परिवार कल्याण उपकेंद्र में गंदगी देखकर भड़क गयी। इतना ही नही टीका करण करने गयी महिलाओं का टीका लगाने का काम एक टीन शेड के नीचे चल रहा था ।

# विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के पुनः जिलाध्यक्ष बने महेश कुमार प्रजापति

पहल टुडे



बांदा। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के प्रांतीय अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह जी के द्वारा श्री महेश कुमार प्रजापति को गौ रक्षा समिति बांदा का पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया उनके मनोनीत होने पर स्थानीय केन रोड कोटरा स्थित भाजपा समर्थक मंच जिला कार्यालय में आज दिन शुक्रवार को शाम 4रू00 बजे समर्थकों ने स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम हुआ मौजूद गौ रक्षा समिति वरिष्ठ कार्यकर्ता भरत बाबू गुप्ता ने स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्री महेश कुमार प्रजापति ने सजातीय बंधुओं व जनता के प्रति इतनी अधिक सेवाएं की हैं व संगठन के प्रति ईमानदारी तथा अनुशासन पर प्रांतीय अध्यक्ष को पूर्ण भरोसा होने के कारण प्रांतीय कार्यकारिणी को श्री प्रजापति को पुनः गौ रक्षा समिति बांदा का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया इस अवसर पर उपस्थित संगठन के सभी पदाधिकारी सजातीय बंधुओं एवं समर्थकों ने श्री प्रजापति को माला वालों से ला दिया वह सभी ने क्रमवार हार्दिक बधाई दी इनको पुणे जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर मित्रों को अपितु सर्वसाधारण को भी अत्याधिक हर्ष हुआ है साथ ही लोगों ने विश्वास जताया कि अब गौशालाओं में हो रहे भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा कार्यक्रम के दौरान भाजपा समर्थक मंच के जिलाध्यक्ष आलोक निगम जी राजेंद्र कुमार मिश्रा देवीदास गिरी महाराज नीरज निगम राघवेंद्र द्विवेदी राकेश त्रिपाठी राम गोपाल साहू विकास गुप्ता दद्दा कुलदीप यादव रामकेश प्रजापति रजनीश प्रजापति राहुल राजपूत राजकुमार गुप्ता आलोक प्रजापति शिवमंगल प्रजापति सुकीर्ति गुप्ता किरण सेठी आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अल्टीमेटम का समय बीतने के बाद भी नहीं खुला सार्वजनिक शौचालय

अतर्रा/बांदा। बांदा रोड बस स्टैंड के सार्वजनिक पेशाब घर को रातों-रात बंद किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं द्वारा उप जिलाधिकारी को सौपे गए ज्ञापन में 24 घंटे कार्रवाई का आश्वासन का समय बीत जाने के बाद कार्रवाई ना होने से आक्रोशित होकर अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी को दिया धरने की चेतावनी । उप जिलाधिकारी श्री यादव ने शनिवार की सुबह तक पेशाब घर का दरवाजा खोलने का दिया आश्वासन ।बांदा रोड बस स्टैंड में रातों-रात पालिका प्रशासन द्वारा बंद किए गए सार्वजनिक पेशाब घर दरवाजा के विरोध में लगातार नगर में अधिवक्ताओं सहित सभासदों व नगर के लोगों का क्या प्रदर्शन चल रहा है

# करंट की चपेट में आकर गर्भवती महिला की मौत

**घटना के बाद परिवार में मचा कोहराम**

पहल टुडे



बबेरु/बाँदा ।बबेरु कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पतवन गांव में 28 वर्षीय गर्भवती महिला को पंखे का प्लेक लगाते समय करंट लगने से मौत हो गई हैं। परिजनों ने देखा तो बेसुध हालत में बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहाँ पर डाक्टरों द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पतवन गांव की रहने वाली गर्भवती महिला पूजा देवी पत्नी संता उम्र 28 वर्ष घर में पंखे का प्लेक विद्युत बोर्ड में लगा रही थी। तभी करंट की चपेट पर आकर झुलस गई, परिजनों के द्वारा बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरो द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर का परिवार में कोहराम मच गया ।वहीं परिजनों ने बताया कि मृतक पूजा गर्भवती थी इसी माह पर महिला की डिलीवरी होनी थी। लेकिन आज पंखे का प्लेक लगाते समय करेन्ट लगने से मौत हो गई है। अभी पिछले वर्ष शादी हुई थी, जो पहला बच्चा गर्भ में था, इस घटना को देखते हुवे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वही डा. बृजेश कुमार भारतीय के द्वारा बताया गया की पतवन गांव से कुछ लोग पूजा पत्नी संता उम्र 28 वर्ष को लेकर आए थे, परिजनों के अनुसार करंट लगा था।

# 18 प्लस आबादी को प्रिकाशन डोज लगना शुरू

**30 जुलाई तक लगाई जाएगी निःशुल्क डोज**

**आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर 75 दिन चलेगा अभियान**

**पहले दिन 951 लोगों ने लगवाई प्रिकाशन डोज**

पहल टुडे



बांदा। वैश्विक महामारी यानी कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए टीकाकरण एक मात्र हथियार है। हेल्थ केयर, फ्रंटलाइन वर्कर व बुजुर्गों के बाद अब 18 साल से ऊपर आबादी को प्रिकॉशन डोज निःशुल्क लगना शुरू हो गए हैं। 18 प्लस आयुवर्ग के ऐसे लाभार्थी जिन्हें दोनों डोज लगे हुए छह माह का वक्त गुजर चुका है, उन्हें प्रिकॉशन डोज लग रही है। पहले दिन 32 केंद्र बनाए गए। जहां 591 लोगों ने प्रिकॉशन डोज लगवाई।आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए सरकार के आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में कोविड की एहतियाती खुराक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। अभी तक जनपद में हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंटलाइन वर्कर और बुजुर्गों को निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लग रही थीं। लक्षित 176253 में से 34161 को यह डोज लग भी चुकी है। जिला अस्पताल में अभियान की शुरूआत करते हुए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि 18 प्लस आयुवर्ग वाले 9 लाख आबादी को प्रिकॉशन डोज लगाई जाना है।सीएमओ ने बताया कि जिन लाभार्थियों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगे हुए छह महीने हो चुके हैं, उन्हें ही यह बूस्टर डोज लग सकेगी। 30 अगस्त यानी 75 दिनों तक यह अभियान चलेगा। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संजय कुमार शैवाल, सीएमएस डा. एसएन मिश्रा, डब्ल्यूएचओ एसएमओ डा. मीनाक्षी, यूनिसेफ के डीएमसी राहुल कुमार, यूएनडीपी के वीसीसीएम रोहित सिंह, एआरओ आरआई राधा शर्मा व दिगबंर सिंह सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## महिलाओं की सुविधाओं के मद्देनजर प्रशासन ने उठाया कदम

# महिला पेशाबघर बनने से महिलाओं ने की सराहना

पहल टुडे




अतर्रा/बांदा। कस्बा के बांदा रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड के निकट थाना परिसर में महिला प्रषाधन के मद्देनजर बने नव निर्मित पेषाबघर की जहां महिला यात्रियों, नगर की प्रमुख एवं समाजसेवी महिलाओं ने इसकी सराहना की है, वहीं चंद लोग पेषाबघर बंद होने की भ्रामक खबर फैलाकर लोगों को भ्रमित करने का भी काम कर रहे हैं जो कि अनुचित है।

रोडवेज बस स्टैंड के थाना परिसर में दो पेषाबघर बने हुए हैं। जिनमें से एक केवल पेषाबघर के रूप में लोगों द्वारा उपयोग किया जा रहा है और इससे यात्रियों व अन्य लोगों को सुविधा मिल रही हैं। वहीं लगभग 50 कदम की दूरी पर एक अन्य षौचालय व पेषाबघर बना हुआ है। जिसे महिला यात्रियों व महिला पुलिस कर्मियों की मांग पर एक पेषाबघर को महिला पेषाबघर के रूप में निर्मित करा दिया गया हैं जिसका महिलाएं थाना बाउंड्री के बगल से बने रास्ते का उपयोग करते हुए सुरक्षित रूप से पेषाबघर का उपयोग कर सकेंगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रयागराज से लेकर बांदा तक महिलाओं के लिए महिला षौचालय एवं पेषाबघर की कोई भी सुविधा संचालित नहीं है। जिसे ध्यान में रखते हुए महिला पेषाबघर संचालित किया गया है। जिसका कस्बा की महिलाओं ने स्वागत किया है। बस अड्डे की निकट निवासी डॉ. अनुजा अग्रवाल ने नव निर्मित महिला पेषाबघर को महिलाओं के हित में बहुत ही अच्छा कदम बताया है। साथ ही यह मांग की है कि सुरक्षा के मद्देनजर थाने की बाउंड्री से ही रास्ते को रखा जाए, ताकि अराजकतत्व व मनचलो से महिलाएं सुरक्षित रह सके। अतर्रा प्रषासन द्वारा महिला पेषाबघर का निर्माण कर संचालित किए जाने पर नगर की अनुराधा गुप्ता, गायत्री तिवारी, वंदना मिश्रा, षालिनी पटेल व नगर के प्रमुख व्यक्ति षैलेंद्र, विनोद एवं मानसी आदि ने महिलाओं के हितों में महिला पेषाबघर को बहुत ही अच्छा बताया और उसकी सराहना भी की।

### पेषाबघर संचालित, फिर भी बंद होने की फैला रहे अफवाह

बांदा। महिला प्रशाधन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अतर्रा प्रशासन द्वारा थाना परिसर में नव निर्मित महिला पेशाबघर को कुछ लोग अनैतिक व बंद कराने की अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं जो कि पूरी तरह से गलत है।

खास समाचार

## विजीलेंस की चेकिंग में मिली लाखों की बिजली चोरी

**– मीटर रीडर की मदद से ही हो रही थी चोरी**

हापुड़ : ऊर्जा निगम की विजीलेंस विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान लाखों की बिजली चोरी मिली है। बड़ी बात यह है कि मीटर रीडर के जरिए यह चोरी चल रही थी। टीम के अधिकारियों ने मीटर रीडर पर कार्रवाई के लिए बिजली अधिशासी अभियंता को पत्र लिखा है। विजीलेंस विभाग के प्रभारी प्रवर्तन दल मुमताज खान, सहायक अभियंता एससी यादव की टीम ने मिलकर कार्रवाई शुरू की। कुल आठ स्थानों पर जांच की गई। जिसमें दो मामलों में बिजली चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। तीन स्थानों पर अनियमितता मिली है। एससी यादव ने बताया कि बुलंदशहर रोड पर आवास विकास कालोनी निवासी गुलजार के यहां पर मीटर की डिस्पले उड़ाकर बिजली चोरी की जा रही थी। 5.25 किलोवाट की चोरी पकड़ी गई है। मोहल्ला कोटला मेवातियान में अली शेर के यहां पर ई-रिक्शा चार्जिंग सेंटर व स्कूल संचालित हो रहा था। टीम ने 7.62 किलोवाट की चोरी पकड़ते हुए बिजली चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके अलावा बुलंदशहर रोड पर आवास विकास कालोनी में महबूब अली के यहां बिना डिस्पले के आपूर्ति हो रही थी। मीटर में रीडिंग स्टोर मिली है। इसके अलावा कोटला मेवातियान में शाहनाज बेगम के यहां पर मीटर में 2900 रीडिंग स्टोर मिली है। मीटर रीडर के ऊपर रीडिंग स्टोर कराकर आपूर्ति देने के आरोप हैं। उक्त मामले में मीटर रीडर के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।

## जनपद आगरा में दो पुलिसकर्मियों पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज

आगरा। आगरा के एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने जनपद आगरा में तैनात दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिले के पुलिस कप्तान प्रभाकर चौधरी ने आगरा जिले की कमान संभालने से पहले ही संकेत दे दिए थे कि भ्रष्टाचार में लिप्त खाकी वर्दीधारियों पर चाबुक चलेगा। इसके बावजूद लगातार आगरा पुलिस के पुलिसकर्मी अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे थे। अशोक कुमार की तहरीर पर एसएसपी आगरा ने थाना खेरागढ़ और थाना कागारौल में दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी आगरा को लिखित तौर पर अशोक कुमार नाम के व्यक्ति ने शिकायत की कि गिट्टी और डस्ट से भरे वाहन को निकलवाने के लिए थाना खेरागढ़ और थाना कागारौल में तैनात कांस्टेबल महीनेदारी की बात कर रहे हैं। एसएसपी आगरा ने अशोक कुमार की शिकायत की जांच कराई तो आरोप सही पाए गए। एसएसपी आगरा ने अशोक कुमार की शिकायत पर खेरागढ़ थाने में तैनात कांस्टेबल सत्यपाल और कागारौल थाने में तैनात कांस्टेबल अरुण कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज करा दिया है। इससे पूर्व भी एसएसपी आगरा ने भ्रष्ट पुलिस कर्मियों की शिकायत के लिए जनपद आगरा वासियों के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी किया है। जिसमें आगरावासी भ्रष्ट पुलिस कर्मियों की शिकायत करेंगे। जिनका नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा।

## प्यार में अंधा प्रेमी युवक की पत्नी को लेकर फरार

बहादुरगढ़, थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव खेड़ा निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र ने थाना बहादुरगढ़ में प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें लिखा है प्रार्थी की पत्नी ज्योति को 5 बच्चों का पिता कविंदर पुत्र मटरू निवासी भरना थाना सिंभावली भगा कर ले गया वह 8 जुलाई को थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव लुहारी में अपने रिश्तेदारी के घर जागरण में गया हुआ था जब वह वापस आया तो उसकी पत्नी को कविंदर निवासी भरना बहला-फुसलाकर ले गया थाना प्रभारी निरीक्षक बहादुरगढ़ आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

## स्कूल में स्टूडेंट्स एसोसिएशन के लिए कराया चुनाव

चुनाव प्रक्रिया में 342 बच्चों ने किया मतदान

कासगंज। शहर के अमांपुर रोड स्थित दद्दा पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट्स एसोसिएशन के लिए चुनाव कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में 342 बच्चों ने मतदान किया। चुनाव के बाद पदाधिकारियों की घोषणा की गई। महामंत्री ने एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की।

चुनाव प्रक्रिया में निर्वाचन अधिकारी देव राजग त्रिगुणायत रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष छात्र हर्ष पचैरी 185 वोट के साथ चुने गए, महामंत्री पद पर रूपेश राजपूत 91 वोट के साथ चुने गए। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अध्यक्ष की सहमति से महामंत्री रूपेश राजपूत ने उपाध्यक्ष कपिल राजपूत, रुब्बी, मंत्री ललित कुमार, कशिश, कोषाध्यक्ष छाया कुमारी, सदस्य देव पचैरी, मयंक लोधी, निशांत, मयंक कुमार, लविश कुमार को चुना। विद्यालय प्रबंधक डा.. मनोज शर्मा ने मनोनीत पदाधिकारियों को बताया कि छात्र एसोसिएशन का कार्य विद्यालय में छात्रों की समस्याओं को विद्यालय प्रबंध कमेटी के सामने रखकर उनका प्रबंध समिति द्वारा शीघ्र निस्तारण कराना और विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर सहभागिता करते हुते उनको सफल बनाना भी रहता है। इस दौरान प्रबंध समिति अध्यक्ष एसबी सिंह, प्रधानाचार्य कामिनी शर्मा, मंजू राजपूत, मीना राजपूत, ज्योति माथुर, रत्नेश, देवाजलि त्रिगुणायत, योगेंद्र वर्मा, छाया मिश्रा मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग ने द्वारा लगा कैंप

कासगंज/सहावर। कस्बा के विद्युत उपकेंद्र पर शुक्रवार को एक मुश्त समाधान योजना के तहत कैंप लगाया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने अपना बकाया बिल ब्याजरहित जमा किया। उपखंड अधिकारी अरविंद झा ने बताया कि योजना के तहत बिल जमा करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई है। एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत अपना भुगतान कर योजना का लाभ उठा सकते है। कैंप के दौरान अभियंता कामरान खान, अनूप मिश्रा, प्रवेश कुमार, संजू, रनवीर, धीरेन्द्र कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं

अमांपुर। कस्बा में भाजपा कार्यालय पर क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा ने शुक्रवार को जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनीं। विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुन 15 मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया। जबकि अन्य मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया। इस दौरान यतेन्द्र वर्मा, अनुज राघव, मथुरा प्रसाद वर्मा, अवनीश सोलंकी, विक्रम राजपूत, राजपाल सिंह, शिव सिंह वर्मा, तिर्मल राजपूत, राजकुमार, मनोज लोधी, आकाश गुप्ता, दिनेश वर्मा, सुभाष वर्मा, रूपकिशोर वर्मा, डा. राजकुमार वर्मा, डा. जयप्रकाश राजपूत मौजूद रहे।

## भाकियू टिकैत ने बैठक कर किसानों की समस्याओं को रखा

कासगंज। सदर तहसील में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत हुई। इस दौरान क्षेत्र से आए किसानों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। समस्याओं का एक ज्ञापन तैयार कर डीएम के नाम सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि विद्युत कटौती से निजात दिलाई जाए, आवारा पशुओं को नियंत्रित किया जाए, जिससे बर्बाद हो रहीं फसलों, किसानों को हमलों से बचाया जा सके। विद्युत कर्मियों द्वारा मीटर में की जा रही गड़बड़ी की जांच कर कार्रवाई की जाए, किसानों का कर्ज की ब्याज माफ की जाए। इस दौरान कृष्णा यादव, दिनेश, राजू यादव, राजेश कुमार, लालू यादव, कुंवरपाल, संजय यादव, राकेश, यतेंद्र, मुनेंद्र, पप्पू, राजेंद्र, नितिन, दुर्वीन सिंह, सूबेदार, रत्नेश कुमार, मुशीर खां समेत अन्य मौजूद रहे।

# लंभुआ ब्लॉक में मनरेगा भ्रष्टाचार की लिखी जा रही नई इबारत

## ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद नहीं रुक रहा मनरेगा का भ्रष्टाचार

**पहल टुडे**

सुल्तानपुर। लंभुआ विकासखंड में मनरेगा का काम कराए बिना प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक के द्वारा मनरेगा के रुपए का गबन किया जा रहा है। लगभग दर्जनों ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से लिखित शिकायत की। यह वाकया विकासखंड लंभुआ के मामपुर ग्राम सभा का है। ग्रामीणों ने लगभग दर्जनों शपथ पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, ग्राम विकास मंत्री उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी सुल्तानपुर, मुख्य विकास अधिकारी सुल्तानपुर, लोकपाल मनरेगा सुल्तानपुर एवं खंड विकास अधिकारी से मनरेगा में हो रही अनियमितता के बारे में 28 जून 2022 को शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान, सचिव एवं तकनीकी सहायक आदि के द्वारा ग्राम सभा में बिना काम कराए मनरेगा के पैसे का भुगतान हो रहा है। जिसमें दियारा पिच रोड से सुधीर सिंह के घर तक मिट्टी का कार्य, दियारा पिच रोड से अर्जुन तिवारी के घर तक मिट्टी का कार्य, दियारा पिच रोड से सभाजीत व राममिलन तिवारी के घर तक मिट्टी का कार्य, राजा पांडे के घर से नंदलाल पांडे के घर तक मिट्टी का कार्य, बेलही पिच रोड से बम भोले के घर तक मिट्टी का कार्य, शांति पत्नी बम भोले के खेत का समतलीकरण, बृजलाल की खेत का समतलीकरण, राय साहब के खेत से मकसूदन बॉर्डर तक बंधा निर्माण आदि कार्य बिना कराए ही पैसे का भुगतान हो गया है, जिसकी स्थलीय जांच होनी चाहिए। शिकायत कर्ता ने बताया कि मई और जून के माह में मनरेगा का कोई कार्य नहीं हुआ लेकिन मस्टर रोल में हाजिरी दिखाई गई है। जिसकी शिकायत मुख्य विकास अधिकारी सुल्तानपुर, खंड विकास अधिकारी लंभुआ से की गई थी लेकिन कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधान और प्रधान का पुत्र बैंक खाते में आए हुए पेंशन आदि के पैसे को अंगूठा लगवा कर निकाल लेते हैं। अब देखना होगा कि ग्रामीणों के शिकायती प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही होती है या भ्रष्टाचार के कालिख से रंगे प्रार्थना पत्रों को पहले की तरह कूड़े के डिब्बे में फेंक दिया जाएगा?

## जिला उद्यान विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

बल्दीराय-सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह के दिशा निर्देशन में विकासखंड बल्दीराय के गौरा बरामऊ अशरखपुर उमरा सैनी बल्दीराय बीही निदूरा आदि दर्जनों गांवो में जाकर उद्यान विभाग की चलाई जा रही कार्यक्रमों के बारे मे कृषकों को पम्फलेट वितरित कर और मौखिक रूप से जागरूक किया जा रहा है जिससे विभाग द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रमों को लाभ ले सकें। उद्यान विभाग के धनपतगंज बल्दीराय के विकासखंड प्रभारी सुमित सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं में किसानों का पंजीकरण ऑनलाइन पर पहले आओ पहले पाओ अनुदान का भुगतान पी0 एफ0 एम0 एस0 सिस्टम से डी0बी0टी0 से कृषको के आधार सीडेड खाते में काइंड डी0बी0टी0 से लागू है। कृषक को स्वयं के व्यय कार्य करना होगा। योजना निम्न प्रकार से हैं: 1. एकीकृत बागवानी विकास मिशन 2. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ट्रंप ड्रॉप मोर क्राप माइक्रोइरिगेशन 3. प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना 4. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत पान विकास योजना। इन सभी योजनाओं के अंतर्गत कृषको को विभाग द्वारा लाभ लेने का अवसर मिल सकता है।

## प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने मिल परिसर में तैयार की बागवानी

**– मिल परिसर में आम की विशेष प्रजाति के दो पौधे भी किये तैयार।**



**पहल टुडे / आदिल खान**

बल्दीराय-सुल्तानपुर। जिले से लेकर मण्डल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित मुख्य मंत्री, और महामहिम से सम्मानित प्रगतिशील किसान जमील अहमद ग्राम सभा नंदौली ने मिल परिसर में बागवानी तैयार किया है। मिल परिसर में आम की विशेष प्रजाति के दो पौधे लगवाए हैं और उसे स्वयं तैयार किया है। पिछले साल एक आम जिसका वजन 200 ग्राम था, इस बार आप गौर से देखें फूल और मटर के दाने बराबर फल आए हैं। अब देखना ये है कि कितने फल रुकते हैं लेकिन 5, 7 फल से अधिक नहीं लूंगा। ये मुझे पुरखों से वरासत में नहीं मिला बल्कि ये मेरे द्वारा तैयार किया हुआ पौधा है जो बहुत ही देखभाल के बाद इस पोजीशन तक पहुंचा है। मेरे काशी प्रांत किसान फ्लोर मिल परिसर में अनेकों प्रजाति के आम अमरूद लीची संडल पिष्ता आदि के पौधे रोपित हैं। इसकी क्वालिटी इस लिए अधिक बढ़ जाती है कि इस परिसर में बीडीओ से लेकर जिलाधिकारी राजस्व के अधिकारी थानाध्यक्ष एवम् पुलिस अधीक्षक और ब्लॉक प्रमुख से लेकर सांसद चिकित्साधीक्षक और समाजसेवियों ने भी पौध रोपण में भाग लेकर इसको शोभायमान किया है।

## बुर्का पहनकर आये बदमाशों ने मस्जिद में ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर की 65 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या

**दैनिक पहल टुडे**

बुलंदशहर। कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के मोहल्ला शेखपैन में बुर्का पहन कर आए बदमाशों ने शुक्रवार सुबह स्क्रैप कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सुबह 5 बजे की बतायी जा रही है। बदमाशों ने मस्जिद के अंदर कारोबारी को ताबड़तोड़ कई गोलियां मारी। बताया जा रहा है कि हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई है। घटना के समय मृतक नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गए थे। मृतक दूसरी कतार में नमाज पढ़ रहे थे। मृतक के बेटे की तहरीर पर 6 हत्यारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेखपैन निवासी 65 वर्षीय इदरीश स्क्रैप का काम करता था। मोहल्ले के कुछ लोगों से पुराना विवाद चल रहा है। जिसके संबंध में इदरीश ने कुछ समय पहले रंगदारी के आरोप में कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हुआ है। शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे इदरीश मस्जिद में नमाज पढ़ने गए। इस दौरान बुर्का धारी बदमाशों ने मौका देखकर मस्जिद में ही घुसकर इदरीश की गोलियां बरसा कर हत्या कर दी। गोलियां इदरीश के सीने और हाथ में लगीं। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते हत्या की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने शव को पोटमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सुबह दिन निकलते ही मस्जिद के अंदर हुई हत्या से इलाके के लोगों में दहशत फैल गई। शुक्रवार की सुबह इदरीश अपने दो बेटे इरफान और इमरान के साथ करीब 5 बजे नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान रास्ते में करीब 6 लोगों ने आकर इदरीश से मारपीट की। इदरीश उनसे बचते हुए मस्जिद में पहुंच गया। जहां पर आरोपियों ने गोलियां बरसाकर उनकी हत्या कर दी। मामले में मृतक इदरीश के पुत्र इरफान की तहरीर पर सरफराज, उमरद्दीन व अफसर उनके पिता रियासुद्दीन, निवासीगण मोहल्ला शेखपैन, मुस्तकीम निवासी जेवर और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, घटना होने के कुछ ही देर बाद डीएम चंद्रप्रकाश और एसएसपी श्लोक कुमार ने मौके पर पहुंचकर दौरा किया। घटना की जानकारी होने पर मेरठ आईजी प्रवीण कुमार खुर्जा पहुंचे। उन्होंने आरोपियों को जल्दी पकड़ने के निर्देश दिए।

## दुकान ट्रांसफर न होने पर धरने पर बैठी समाज सेविका

हाथरस। नगर पालिका परिषद में तैनात एक बाबू पर दुकान ट्रांसफर करने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एक समाज सेविका धरने पर बैठ गई और जमकर हायतौबा की। धरने पर बैठने के कारण ओवरब्रिज के ऊपर तथा अलीगढ़ रोड पर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को धरने से उठाया। उसके बाद जाम में फसे लोगों ने राहत की सांस ली और वाहनों को रवाना किया गया। बताया जाता है शहर के नाई का नगला निवासी समाज सेविका सुनीता सिंह आगरा अलीगढ़ मार्ग स्थित ओवरब्रिज के पास धरने पर बैठ गई। कुछ ही समय में पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। समाज सेविका सुनीता सिंह का आरोप था कि उन्होंने एक दुकान अपने बेटे के लिए नगर पालिका मार्केट में खरीदी थी। महीनों बीत जाने के बाद भी दुकान ट्रांसफर नहीं हुई है। उन्होंने दुकान ट्रांसफर न होने को लेकर रिश्वत खोरी का आरोप लगाया और इसी वजह से वह आज धरने पर बैठ गई। सूचना पर हाथरस गेट प्रभारी अपने दलबल सहित पहुंच गये और उनको समझा-बुझाकर धरने से उठाया।

# 'इतिहास की गलत व्याख्या से हुआ देश का नुकसान' – प्रो.डी.पी.दूबे

**– राणा प्रताप पीजी कालेज में बाबू धनंजय सिंह स्मृति व्याख्यान माला का हुआ उद्घाटन।**

**पहल टुडे / निकहत दीबा**



सुल्तानपुर ब्यूरो। 'ऐतिहासिक साक्ष्यों की गलत व्याख्या ने भारत के प्राचीन इतिहास का बड़ा नुकसान किया है। देश की सभ्यता और संस्कृति को बदनाम करने में दूषित मानसिकता वाले इतिहासकारों का बड़ा योगदान है।' यह बातें प्रख्यात इतिहासकार व इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डी पी दूबे ने कहीं। वे राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'बाबू धनंजय सिंह स्मृति व्याख्यानमाला' के उद्घाटन अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे।

'नये साक्ष्यों के आलोक में इतिहास का पुनर्लेखन' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रोफेसर डी पी दूबे ने कहा कि प्राचीन इतिहास के विद्यार्थियों को अभी भी साठ साल पुरानी सामग्री पढ़ाई जा रही है। इसके कारण इतिहास की नवीनतम जानकारी विद्यार्थियों तक नहीं पहुंच पा रही है। उत्तर भारत में लिपिशास्त्र और अभिलेख शास्त्र के जानकार बहुत कम हो गये हैं। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जो देश अपना इतिहास भूल जाता है उसका भूगोल भी बदल जाता है। इतिहास के झरोखे से किसी भी राष्ट्र का विकास किया जा सकता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र नाथ सिंह, संचालन डॉ.प्रभात श्रीवास्तव व आभार ज्ञापन प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य एडवोकेट एस.पी.सिंह, उप प्राचार्य डॉ. निशा सिंह, डॉ.धीरेंद्र कुमार, इन्द्रमणि कुमार, डॉ.अभय सिंह, डॉ.शिवभोले मिश्र, संगोष्ठी आयोजन समिति के संयोजक डॉ.आलोक कुमार पाण्डेय, सदस्य ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि समेत समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

इससे पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती, महाराणा प्रताप तथा बाबू धनंजय सिंह के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रबंधक, प्राचार्य व प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के बेहतर स्वास्थ के लिए शिविर का आयोजन

**संस्था द्वारा 100 नई हाइजीन कीटों का वितरण कारागार में बंदियों को किया**

**दैनिक पहल टुडे (अनिल तोमर)**



बुलंदशहर। आज बुलंदशहर की जिला कारागार में डॉक्टर किरण बेदी पूर्व (आईपीएस) अधिकारी द्वारा संचालित स्वयंसेवी संस्था इंडिया विजन फाउंडेशन नई दिल्ली के सौजन्य से कारागार में निरुद्ध बंदियों के बेहतर स्वास्थ के लिए शिविर का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा 100 नई हाइजीन कीटों का वितरण कारागार में बंदियों को किया गया। हाइजीन कीटों के वितरण के समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि ऐसे बंदियों को किट प्रदान की जाए जिनके परिवार मित्र रिश्तेदार आदि किसी कारणवश काफी समय से मुलाकात करने नहीं आ रहे हैं। हाइजीन किट में दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले उत्पाद जैसे नहाने का साबुन कपड़े धोने का साबुन बर्तन धोने का साबुन कोलगेट दांत साफ करने का ब्रश बालों में लगाने के लिए तेल आदि को शामिल कर किट के रूप में वितरण किया गया। संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई लैपटॉप के माध्यम से कारागार में निरुद्ध बंदियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिला बंदियों की समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण किया गया उक्त जनता द्वारा महिला बंदियों को सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराए गए एवं महिला बंदियों के साथ रह रहे छोटे बच्चों को चिप्स बिस्किट एवं चॉकलेट आदि पैकेट वितरण किए गए। कारागार में अधिकारियों द्वारा बंदियों के स्वास्थ्य के लिए किए जा रहे इस कल्याणकारी कार्य के लिए इंडिया विजन फाउंडेशन नई दिल्ली का बंदियों व नवनियुक्त जेल अधीक्षक आर.के. जायसवाल सहित अधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।

# मंदिर का चार्ज न मिलने पर पुजारी परिवार धरने पर बैठा

**पहल टुडे**

हाथरस। शहर के हलवाई खाना स्थित प्राचीन मंदिर श्री दाऊजी महाराज की सेवा पूजा को लेकर आज विवाद गहरा गया और पुजारी कन्हैयालाल शर्मा को मंदिर का चार्ज न मिलने पर पुजारी और उसका परिवार मंदिर के बाहर ही धरने पर बैठ गया है और मंदिर ट्रस्ट पर चार्ज न देने का आरोप लगाया जा रहा है।

बताया जाता है शहर के हलवाई खाना स्थित प्राचीन श्री दाऊजी महाराज मंदिर पर मंदिर की सेवा पूजा अर्चना को लेकर पुजारी वाह मंदिर ट्रस्ट के बीच विवाद हो गया है और आज से मंदिर पर दूसरे पुजारी की शुरू हो रही सेवा को लेकर विवाद हो गया है और मंदिर ट्रस्ट द्वारा उक्त बजारी को मंदिर की सेवा का चार्ज नहीं दिया गया ।। सीखना पान गली निवासी कन्हैयालाल शर्मा का कहना है कि श्री दाऊजी महाराज मंदिर पर उनके परिवार की पुश्तैनी सेवा चली आ रही है और उक्त मंदिर में आज से उनकी सेवा शुरू हो रही थी और उनका आरोप है कि मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी यों द्वारा उन्हें मंदिर की सेवा पूजा का चार्ट आज नहीं दिया गया है बल्कि मंदिर का ताला लगा दिया गया है उक्त मामले को लेकर पुजारी कन्यालाल शर्मा अपने परिवार सहित मंदिर के गेट पर ही धरने पर बैठ गए हैं और मंदिर ट्रस्ट से मंदिर की सेवा पूजा देने की मांग कर रहे हैं

## बिजली कर्मी कर रहे अवैध उगाही गांव वालों ने डीएम से की शिकायत

दैनिक पहल टुडे

बुलंदशहर। गुलावठी थाना क्षेत्र के शेरपुर बिजली घर पर तैनात संविदा कर्मी और जेई मिलकर गांव के लोगों को डरा धमका कर प्रत्येक महीने अवैध उगाही में लिप्त बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरपुर बिजली घर के आस-पास के कई गांव के लोग संविदा कर्मी परविंदर और संबंधित जेई पर आरोप है कि गांव के लोगों को यह कहकर पैसा ले रहे हैं कि उन्होंने बिजली चोरी की है और उनके नामजद रिपोर्ट दर्ज कर दी जाएगी। डर की वजह से गांव के लोग उन्हें पैसा दे देते हैं। इस तरह की अवैध उगाही में बिजली विभाग का जेई और संविदा कर्मी लगातार गांव के लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं। गांव के लोगों ने संविदा कर्मी परविंदर की जिलाधिकारी से शिकायत भी की है और उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत करने की बात कही है।

**कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय पटियाली के निर्माण कार्य में गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर निर्माण कार्य रोकने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश**

# सड़कों की गुणवत्ता जांच हेतु जिलाधिकारी ने अधिकारी किये नामित

**पहल टुडे**



कासगंज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित रूद्राक्ष सभागार में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय पटियाली में चल रहे निर्माण कार्य को रोकने के दिये निर्देश दिये और कहा कि पहले कार्य की गुणवत्ता की जॉच करायी जायेगी तदोपरांत ही आगे का निर्माण कार्य कराया जायेगा। इसी प्रकार निमार्णाधीन डायट के भवन में भी दोयम दर्जे की ईट की शिकायत पर जिलाधिकारी का रूख सख्त रहा और कार्यदायी संस्था को स्पष्ट शब्दों में उपरोक्त ईट को हटवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाये। समीक्षा में पाया गया कि लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड की निमार्णाधीन 24 सड़कें हैं। 100 दिन के लक्ष्य के अंतर्गत 02 सड़कों के निर्माण का कार्य 15 दिन में पूर्ण हो जायेगा। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की नवनिर्मित हंसपुर से कल्याणपुर, सहावर से गोरहा तथा बल्हारपुर से नाथपुर स्कूल तक की सड़कों के निरीक्षण हेतु जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 05 मार्ग निमार्णाधीन हैं जो मार्च 2023 तक पूर्ण होने हैं। बैठक में जिलाधिकारी को बताया गया कि मल्टी सेक्टोरल डेवलेपमेंट प्लान्ट के अंतर्गत 6 उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनों में से 04 पूर्ण हो चुके हैं, विभाग को 02 हैण्ड ओवर कर दिये गये हैं। अवशेष दो को भी हैण्डओवर कराने के निर्देश दिये गये। नगर पालिका कासगंज में 50 टीपीडी के म्यूनिसपल सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट के लिये भूमि अप्राप्त की रिर्पोटिंग पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी और कहा कि सबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था मुझसे आकर मिलें। राम छितौनी के निकट रायों में वृह्द गौसंरक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य जारी है लेकिन सीवीओ द्वारा बताया गया कि स्टीमेट में बाउन्ड्री वाल नहीं है अतः उसे भी शामिल करते हुये धन की डिमान्ड की जाये जिससे साथ ही साथ बाउन्ड्री वाल का भी निर्माण हो सके। सोरों के पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग का निर्माण व पर्यटन के विकास कार्य को कराने वाली कार्यदायी संस्था यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन इकाई (32) अलीगढ़ को कार्य से पूर्व उसका थ्री डी प्रोजेक्ट तैयार कर दिखाने के निर्देश प्रदान किये गये। रोडवेज डिपो कार्यशाला में इंटरलॉकिंग का कार्य शेष होना काफी समय से बताये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की और एआरएम रोडवेज से कहा कि यदि एक सप्ताह के अन्दर कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य आरम्भ नहीं किया जाता है तो मुझे बतायें। कार्यदायी संस्था की लापरवाही से बना हुआ भवन अनुपयोगी पड़ा है यह शिथलिता बर्दाश्त नहीं की जायेगीं संयुक्त जिला चिकित्सालय के नवनिर्मित अवशेष भाग को हैण्डओवर कराने के भी निर्देश दिये गये। साथ ही अवगत कराया गया कि अलग विद्युत फीडर लगाने के लिये

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ पाने हेतु अब 31, जुलाई 2022 तक करें आवेदन

**पहल टुडे**

कासगंज। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15, जुलाई 2022 से बढ़ा कर 31, जुलाई 2022 कर दी गयी है। उक्त जानकारी देते हुये मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत परियोजना (1) निजी भूमि पर तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेष (मीठा जल) हेतु 4.50 हेक्टेयर, (2) रियरिंग यूनिट निर्माण हेतु 4.40 हेक्टेयर, (3) वायोफ्लॉक पाण्ड निर्माण हेतु 04 यूनिट (4) 6 टैंक क्षमता मध्याकार री-सकुर्लेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक निर्माण हेतु 01 यूनिट, (5) 100 क्यूबिक मीटर क्षमता लघु री-सकुर्लेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक निर्माण हेतु 20 यूनिट, (6) बैकयार्ड री-सकुर्लेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम निर्माण हेतु 52 यूनिट, (7) मोटर साइकिल विद आइस वॉक्स क्रय हेतु 26 यूनिट, (8) साइकिल विद आइस वॉक्स क्रय हेतु 24 यूनिट, (9) लाइव फिष बेन्डिगं सेन्टर हेतु 05 यूनिट, (10) कियोस्क निर्माण हेतु 08 यूनिट, का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिस हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक व्यक्ति जो लाभार्थी अंष लगाने में सक्षम एवं सहमत हों, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल ीजजचरूध्ध्पउीमतपमेण्नचेकबण्हवअण पद पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01.07.2022 से दिनांक 31.07.2022 तक कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि सम्बन्धित अभिलेख, 100/- के स्टाम्प पर नोटरी षपथ पत्र, समृध्दि फार्म, जाति प्रमाण पत्र, हस्ताक्षर, ड्राइविंग लाइसेन्स आदि नियमानुसार अपलोड करना होगा। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त के आधार पर निर्धारित लक्ष्य की सीमा तक किया जायेगा।



# साड़ी का पल्लू गिराकर मलाइका अरोरा ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोरा दिलकश अदाओं और स्टाइलिश फैशन सेंस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। मलाइका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। चाहे वेस्टर्न और या फिर देसी मलाइका का हर लुक फैंस को काफी पसंद आता है। हाल ही में मलाइका ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है। इन तस्वीरों में वह व्हाइट कलर की साड़ी पहने कातिलाना अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। मलाइका ने इस साड़ी को एक अवॉर्ड नाइट में कैरी किया था। मलाइका साड़ी पहने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। मलाइका के इस लुक में हॉटनेस बढ़ाने का काम उनका ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज कर रहा है। मलाइका ने अपने लुक को कानों में स्टड ईयररिंग्स और मैचिंग रिंग से पूरा किया है। एक्ट्रेस ने अपने इस ट्रेडिशनल लुक से इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। मलाइका अरोरा बॉलीवुड की स्टाइलिश फैशन आइकॉन मानी जाती हैं। भले ही वह फिल्मों में कम नजर आती हो, लेकिन अपने हॉट एंड बोल्ड फोटो की वजह से हमेशा चर्चा में रहती हैं। 48 साल की उम्र में भी मलाइका फिटनेस के मामले में कई एक्ट्रेसेस को मात देती हैं।



# कनाडा टूर के दौरान बढ़ीं कॉमेडियन कपिल शर्मा की मुश्किलें

देश के सबसे बड़े कॉमेडियन कपिल शर्मा मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं। दरअसल, कपिल इन दिनों कनाडा के टूर पर हैं। जहां उनके साथ 'द कपिल शर्मा शो' की पूरी टीम मौजूद है। कपिल अपने साथियों के साथ वहां परफॉर्म करने के लिए गए हुए हैं। इस बीच उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत उत्तरी अमेरिका में कॉन्ट्रैक्ट के उल्लंघन को लेकर की गई है। हालांकि यह मामला मौजूदा टूर का नहीं है बल्कि 7 साल पहले 2015 का है। साई यूएसए आईएनसी ने कपिल शर्मा के खिलाफ उनके 2015 के उत्तरी अमेरिका टूर के दौरान किए गए कॉन्ट्रैक्ट के उल्लंघन के लिए मुकदमा दायर किया है। अमेरिका में शो कराने वाले जाने-माने प्रमोटर अमित जेटली के अनुसार, मामला छह शो का है, जिनके लिए कपिल शर्मा को 2015 में उत्तरी अमेरिका में साइन और भुगतान किया गया था। जेटली ने आरोप लगाया है कि अभिनेता ने उन छह शहरों में से एक में परफॉर्म नहीं किया था।

# तापसी बोलीं- फिल्म का बजट मेल एक्टर की फीस बराबर



तापसी पन्नू अपनी अपकमिंग फिल्म शाबाश मिठू के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी दौरान एक इंटरव्यू में उन्होंने इंडस्ट्री में 'पेमेंट डिस्पैरिटी' यानी मेल एक्टर और फीमेल एक्टर की फीस की असमानता को लेकर खुलकर बात की। इस बातचीत में तापसी ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'शाबाश मिठू' के बजट का भी खुलासा किया। यही नहीं, एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म के बजट को इंडस्ट्री के ए-लिस्टेड एक्टर्स की फीस से कंपेयर भी किया। इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी एकमात्र ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्हें बॉलीवुड में सुपरस्टार माना जाता है। वहीं मेल एक्टर्स की बात करें तो ऐसे कई हैं जिनकी गिनती सुपरस्टार्स में होती है। तापसी ने ये भी बताया कि इंडस्ट्री में फीमेल एक्ट्रेसेस के पास कम अपॉर्च्युनिटीज हैं।


# रश्मिका मंदाना ने बॉलीवुड एक्ट्रेसेस की उड़ाई नींद

रश्मिका मंदाना दक्षिण भारत की लोकप्रिय स्टार हैं। उत्तर भारत में उनके बारे में कम ही लोग जानते थे, लेकिन एक फिल्म ऐसी आई कि रश्मिका को करोड़ों लोग न केवल पहचानने लगे बल्कि उनके दीवाने भी हो गए। इस फिल्म का नाम है 'पुष्पा द राइज़'। इस फिल्म में हीरो हैं अल्लू अर्जुन। उनकी फैन फॉलोइंग तो बढ़ी ही, लेकिन रश्मिका को भी जबरदस्त फायदा हुआ। बॉलीवुड हीरोइनों के मामले में तंगी से गुजर रहा है। प्रियंका अमेरिका चली गईं। आलिया प्रेग्नेंट हो गईं। दीपिका बहुत ही चूज़ी हो गईं। कैटरीना की शादी हो गई। करीना का भी मन नहीं लग रहा है। ऐसे में रश्मिका को बॉलीवुड वालों ने हाथों-हाथ लिया है। सुनने में आया है कि हिंदी फिल्मों में रश्मिका की खूब डिमांड है। रश्मिका इस समय सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'मिशन मजनू' नामक मूवी कर रही हैं। 'गुडबाय' में उनके साथ अमिताभ बच्चन हैं। रणबीर कपूर के साथ वे 'एनिमल' कर रही हैं। इसके अलावा करण जौहर ने भी उन्हें अपनी आगामी कुछ फिल्मों के लिए साइन किया है। इसके अलावा रश्मिका को विज्ञापन भी मिले हैं। वरुण धवन और टाइगर श्रॉफ जैसे सितारों के साथ वे विज्ञापन कर रही हैं। जिस तरह से रश्मिका को हिंदी फिल्में ऑफर हो रही हैं उससे कृति सेनन, जैकलीन फर्नांडिस, जान्हवी कपूर जैसी एक्ट्रेसेस की नींद उड़ी है। पुष्पा 2 द राइज़ आने वाली है और उसके बाद रश्मिका की फैन फॉलोइंग और बढ़ने वाली है इसमें कोई दो राय नहीं है।



# शमशेरा के लिए संजय दत्त ने की कड़ी मेहनत

'शमशेरा' के मेकर्स ने फिल्म का एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में संजय दत्त के लुक और रोल को दिखाया गया है। इस वीडियो में संजय कहते हैं, 'मैं एक एक्टर हूं और अगर मैं किसी स्क्रिप्ट या कैरेक्टर में विश्वास करता हूं, तो मैं इसे डायरेक्टर पर छोड़ देता हूं। हां, मेरे पास मेरे सुझाव हैं, जो मैं देता हूं। शुद्ध सिंह का रोल मजाकिया और खतरनाक है। ऑडियंस को उससे प्यार करना चाहिए!' 'शमशेरा' की बात करें तो करण के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु समेत तीन भाषाओं में 22 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे बॉलीवुड के नए कपल!

बॉलीवुड में एक नई प्रेम कहानी के शुरू होने की खबर गलियारों में गूंज रही है। अपना करियर बनाने में व्यस्त अनन्या पांडे की नजदीकियां शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर से थीं। खबर है कि दोनों में तीन साल बाद ब्रेक अप हो गया है। लेकिन अनन्या का दिल अब आदित्य रॉय कपूर पर आने की खबर है जो उम्र में अनन्या से 13 साल बड़े हैं। बताया जा रहा है कि यह नई प्रेम कहानी शुरू हो गई है। अनन्या और आदित्य की मुलाकात कहां और कैसे हुई, यह तो पता नहीं चल पाया है लेकिन बात दोस्ती से आगे बढ़ चुकी है। आने वाले दिनों में और स्थिति स्पष्ट होगी।





# दिशा पटानी ने क्यों ठुकरा दिया था 'पुष्पा' का गाना

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म 'पुष्पा: द राइज़' में एक आइटम सांग Oo Antava है जिसे सामंथा रुथ प्रभु पर फिल्माया गया है। यह गाना सभी भाषाओं में हिट रहा है। हिंदी में तो इसने धूम मचा दी। इस गाने को खूबसूरती के साथ फिल्माया गया है और सामंथा ने मादकता के साथ इसमें डांस किया है। लेकिन आपको बता दें कि इस गाने के लिए सामंथा पहली पसंद नहीं थी। दरअसल फिल्म 'पुष्पा द राइज़' के मेकर्स की Oo Antava गाने के लिए पहली पसंद दिशा पटानी थीं। कहते हैं कि दिशा को यह गाना ऑफर किया गया था, लेकिन दिशा ने इसे करने से इंकार कर दिया। क्यों मना किया इस बात का राज तो दिशा ही बता सकती हैं। दिशा के मना करने पर Oo Antava के लिए सामंथा को अप्रोच किया गया और उन्होंने मौका लपक लिया। इसके बाद तो इतिहास बन गया।